3 **राजधानी** आप व भाजपा ने एक-दूसरे पर लगाया हंगामा करने का आरोप

6 **अभिमत** थाईलैंड की सेना का बनावटी चेहरा

10 **विदेश** समलैंगिकता अपराध नहीं: पोप फ्रांसिस

11 **राष्ट्रीय** परिवार के सात सदस्यों के शव नदी में मिले



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 83
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





सूर्यकुमार बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर
स्पोर्ट्स-12


# जामिया में बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर हंगामा, कई छात्र हिरासत में

- एसएफआई का दावा, 70 छात्रों को थाने ले जाया गया, पुलिस ने बताए चार
- विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा- वृत्तचित्र देखने की अनुमति नहीं दी जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में एसएफआई के एक छात्र को हिरासत में लेती पुलिस

**गुजरात** दंगों को लेकर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' को लेकर जेएनयू के बाद बुधवार को देश की प्रतिष्ठित युनिवर्सिटी जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भारी हंगामा हुआ। पुलिस प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए चार छात्रों को हिरासत में लिया था, हंगामा नहीं थमता देख कुछ और छात्रों को पकड़कर थाने ले जाया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। वाम समर्थित छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने 70 से अधिक ऐसे छात्रों को हिरासत में लिया है। फेडरेशन ने कहा कि छात्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बनी डॉक्यूमेंट्री को दिखाने की घोषणा के बाद चार छात्रों को हिरासत में लिए जाने का विरोध कर रहे थे। हंगामे और प्रदर्शन को देखते हुए जामिया परिसर और आसपास सुरक्षा बढ़ दी गई। त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) के जवानों को भी गेट पर तैनात किया गया है।

पंजाब यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग शुरू की थी, लेकिन प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद इसे रोक दिया गया। कांग्रेस समर्थित छात्र संगठन एनएसयूआई के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष समेत अने छात्रों ने यहां कार्यक्रम आयोजित किया था। एक दिन पहले जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में इस विवादित डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीन के दौरान बिजली काट दी गई थी और इंटरनेट बंद कर दिया गया। छात्रों ने आरोप लगाया कि यहां दर्शकों पर पत्थर भी फेंके गए, जिससे देर रात भारी हंगामा हो गया। एसएफआई की जामिया इकाई ने एक पोस्टर जारी किया था, जिसके अनुसार ( शेष पेज 8 )

## जेएनयू में छात्रसंघ व एबीवीपी ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

**जेएनयू** में मंगलवार रात हुए हंगामे को लेकर दो छात्रों ने आरोप लगाया है कि जेएनयू छात्र संघ के कुछ सदस्यों ने उन्हें पीटा और परेशान किया, जबकि छात्र संघ की अध्यक्ष आइशी घोष ने इन आरोपों को खारिज किया और आरोप लगाया कि इन छात्रों ने मंगलवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आधारित बीबीसी के विवादित वृत्तचित्र को देख रहे छात्रों पर पथराव किया था। आइसा की जेएनयू इकाई के अध्यक्ष कासिम ने कहा कि जब वे हम पर पत्थर फेंक रहे थे हमने तभी उन्हें पकड़ लिया, लेकिन हमने किसी भी तरह उन्हें परेशान नहीं किया। पुलिस ने कहा कि उन्हें जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनएसयू) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) दोनों से शिकायतें मिली हैं।

# सुषमा पर पोम्पियो की टिप्पणी जयशंकर ने दिया कड़ा जवाब

- अपनी पुस्तक में अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने भारतीय समकक्ष सुषमा स्वराज को बताया नासमझ
- बोले जयशंकर- मैं सुषमा जी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा की निंदा करता हूं

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन





**सुषमा** स्वराज के खिलाफ पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो की अपमानजनक टिप्पणी की विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ी निंदा की है। पोम्पियो ने मंगलवार को लांच हुई अपनी पुस्तक में स्वराज के बारे में उस समय के प्रसंगों का जिक्र किया है जब वह विदेश मंत्रालय का जिम्मा संभाल रही थीं।

सुषमा स्वराज ने मई 2014 से मई 2019 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया। अगस्त 2019 में उनका निधन हो गया था। स्वराज के बारे में लिखते हुए पोम्पियो ने कहा कि उन्होंने अपनी समकक्ष सुषमा स्वराज को कभी भी महत्वपूर्ण राजनेता नहीं माना, लेकिन एस जयशंकर के साथ उनकी अच्छी दोस्ती रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री रहे पोम्पियो की किताब पर कड़ी टिप्पणी करते हुए जयशंकर ने कहा कि मैंने तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री पोम्पिओ की किताब में सुषमा स्वराज का जिक्र करते हुए एक अंश पढ़ा है। मैंने हमेशा स्वराज का बहुत सम्मान किया और उनके साथ असाधारण रूप से घनिष्ठ और मधुर संबंध थे। मैं उनके लिए इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा की निंदा करता हूं। मंगलवार को बाजार में आई अपनी नई किताब 'नेवर गिव एन इंच : फाइटिंग फॉर द अमेरिका आई लव' में पोम्पिओ ने सुषमा स्वराज के बारे में अपमानजनक तरीके से वर्णन किया है, जिसमें उनके लिए अमेरिकी अपशब्दों 'गूफबॉल' और 'हार्टलैंड पॉलिटिकल हैक' का इस्तेमाल किया गया है। गूफबॉल अमेरिका में अमूमन नासमझ के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अमेरिका के विदेश मंत्री रहे 59 वर्षीय माइक पोम्पिओ अपनी तत्कालीन भारतीय समकक्ष के बारे में किताब में लिखते हैं कि भारतीय विदेश विभाग की टीम में मेरे मूल समकक्ष यानी सुषमा स्वराज इतनी महत्वपूर्ण नहीं थीं।

इसके बजाय, मैंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ अधिक तालमेल बिठाकर काम किया, जो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी और भरोसेमंद विश्वासपात्र थे। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भरोसेमंद रहे पोम्पियो 2017 से 2018 तक उनके प्रशासन में सीआईए निदेशक थे और फिर 2018 से 2021 तक विदेश विभाग की जिम्मेदारी संभाली। पोम्पियो पुस्तक में कहते हैं कि मेरे दूसरे भारतीय समकक्ष सुब्रह्मण्यम जयशंकर थे, जिन्होंने मई 2019 में भारतीय विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभाला। मैं और बेहतर समकक्ष की नहीं कर सकता था। मैं जयशंकर से प्यार करता हूं। अंग्रेजी उन सात भाषाओं में से एक ( शेष पेज 8 )

## अवकाश सूचना



**गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 26 जनवरी 2023 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी 2023 को प्रकाशित होगा।**

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,205 | ⬇ 773 | |
| निफ्टी | 17,891 | ⬇ 226 | |
| सोना | 56,972 | ⬇ 198 | /10g |
| चांदी | 68,625 | ⬇ 270 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एंटनी के पुत्र ने कांग्रेस के सभी पदों से त्यागपत्र दिया

**तिरुवनंतपुरम, नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ए.के एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी ने गुजरात मे 2002 मे हुए दंगो पर आधारित बीबीसी के वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन के खिलाफ अपने ट्वीट को लेकर हुई आलोचनाओ के बाद पार्टी मे अपने सभी पदो से इस्तीफा दे दिया। अनिल एंटनी ने ट्वीट कर अपने इस्तीफे की घोषणा की जिसमे उन्होने कहा कि वृत्तचित्र के खिलाफ किए अपने ट्वीट को वापस लेने के लिए असहिष्णु तरीके से कई लोग उन पर दबाव बना रहे है और इसी मामले से जुड़ी नफरत, अपशब्दो की फेसबुक वॉल के कारण उन्होंने यह फैसला किया। अनिल ने यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा नही दिया है क्योंकि वह अब कांग्रेस के एक सदस्य के तौर पर बने रहना चाहते है। उन्होने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डिजिटल मीडिया के संयोजक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया एवं डिजिटल संचार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह-समन्वयक के पद से इस्तीफा दिया है। अनिल ने कहा, फिलहाल राजनीति मेरी प्राथमिकता नही है। मै कंप्यूटर प्रोफेशनल हूं और साइबर क्षेत्र मे लंबे समय से काम किया है तथा आगे भी इसे जारी रखना चाहता हूं। मुझे लगता है कि इस समय पार्टी और मेरे हित मे यही उचित है। कांग्रेस के कई पदो से इस्तीफा देने के कारणो के बारे मे पूछे जाने पर उन्होने कहा कि वह 2017 मे गुजरात विधानसभा चुनाव के समय पार्टी मे शामिल हुए थे और 2019 से शशि थरूर के कहने पर पार्टी के लिए काम कर रहे थे। इसके बाद से कई कहानियां गढ़ी गईं और साइबर दुनिया मे उनके खिलाफ बाते की गईं।

# मुलायम, कृष्णा, जाकिर हुसैन को पद्म सम्मान

- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित पुरस्कारों में कई हस्तियों के नाम शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, संप्रग सरकार में विदेश मंत्री रह चुके एसएम कृष्णा और तबला वादक जाकिर हुसैन सहित छह लोगों को देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण के लिए चुना गया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

मुलायम सिंह यादव के साथ ही डॉक्टर दिलीप महालनाबिस और मशहूर वास्तुकार बालकृष्ण दोशी को मरणोपरांत पद्म विभूषण सम्मान के लिए चुना गया है। इस साल, देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न के लिए किसी नाम की घोषणा नहीं की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्म पुरस्कार पाने वालों को ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने कहाकि भारत के लिए उनके समृद्ध और विविध योगदान और विकास पथ को बढ़ाने के उनके प्रयासों को देश स्वीकार करता है। अमेरिका स्थित गणितज्ञ श्रीनिवास वर्धन को भी पद्म विभूषण सम्मान के लिए चुना गया है। बयान के अनुसार प्रसिद्ध उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला, उपन्यासकार एस एल भैरप्पा और लेखिका सुधा मूर्ति सहित नौ लोगों को पद्म भूषण के लिए चुना गया है।

राकेश झुनझुनवाला (मरणोपरांत), अभिनेत्री रवीना टंडन, मणिपुर भाजपा अध्यक्ष टीचौबा सिंह सहित 91 लोगों को पद्म श्री सम्मान के लिए चुना गया है। पद्म पुरस्कारों के लिए घोषित नामों में महाराष्ट्र से 12, कर्नाटक और गुजरात से आठ-आठ व्यक्ति शामिल हैं। राष्ट्रपति द्वारा ये सम्मान औपचारिक समारोहों में प्रदान किए जाते हैं जिनका आयोजन आमतौर पर ( शेष पेज 8 )

# जी20 ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं पर चर्चा का आदर्श मंच: राष्ट्रपति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जी20 समूह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करने और इसका समाधान तलाशने का आदर्श मंच है जिन समस्याओं से सबसे अधिक प्रभावित गरीब लोग होते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने देश के 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में यह बात कही।

उन्होंने कहा, शासन के सभी पहलुओं में बदलाव लाने और लोगों में रचनात्मक ऊर्जा को उजागर करने के लिए हाल के वर्षों में किए गए प्रयासों की श्रृंखला के परिणाम स्वरूप अब विश्व समुदाय भारत को सम्मान की दृष्टि से देखता है। उन्होंने कहा कि विश्व के विभिन्न मंचों पर हमारी सक्रियता से सकारात्मक बदलाव आने शुरू हो गए हैं, विश्व मंच पर भारत में जो सम्मान अर्जित किया है उसके कारण देश को नए अवसर और जिम्मेदारियां भी मिली है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब जानते हैं कि इस वर्ष भारत इस वर्ष जी20 देशों के समूह की अध्यक्षता कर रहा है। मुर्मू ने कहा कि विश्व बंधुत्व के अपने आदर्श के अनुरूप हम सभी की शांति और समृद्धि के पक्षधर हैं।

उन्होंने कहा कि जी20 की अध्यक्षता बहुपक्षता को बढ़ावा देने का अच्छा अवसर भी है, साथ ही एक बेहतर विश्व और बेहतर भविष्य को स्वरूप देने का उचित मंच भी है। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत के नेतृत्व में जी-20 अधिक न्यायपरक और स्थिरता से पूर्ण व्यवस्था के निर्माण के अपने प्रयासों को और बढ़ाने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि जी-20 के सदस्य देशों का कुल मिलाकर विश्व की आबादी में लगभग दो-तिहाई और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 85 प्रतिशत होता है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने और उनके समाधान के लिए एक आदर्श मंच है।

मुर्मू ने कहा, मेरे विचार से ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ऐसी चुनौतियां हैं जिनका समाधान शीघ्र करना है। उन्होंने कहा कि वैश्विक तापमान बढ़ रहा है और मौसम में बदलाव के चरम रूप दिखाई पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सामने ( शेष पेज 8 )

# आशीष मिश्रा को आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत मिली

**लखीमपुर खीरी हिंसा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को 2021 में हुए लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में बुधवार को आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी और जेल से छूटने के एक सप्ताह के अंदर उत्तर प्रदेश छोड़ने का निर्देश दिया।

इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की पीठ ने निर्देश दिया कि आशीष अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान न तो उत्तर प्रदेश और न ही दिल्ली में रह सकेगा। पीठ ने कहा कि वह न्याय के हित को आगे बढ़ाने के लिए और एक तरह से प्रायोगिक आधार पर यह फैसला करने के लिए कुछ अंतरिम निर्देश जारी कर रही है कि राज्य और अन्य द्वारा जताई गई आशंकाओं में कोई दम है या नहीं। पीठ ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का स्वत: प्रयोग किया और चार आरोपियों - गुरुविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, गुरुप्रीत सिंह और विचित्र सिंह - को अगले आदेश तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। इन आरोपियों को एक अलग प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

सर्वोच्च अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता (आशीष मिश्रा) को निचली अदालत की संतुष्टि के अनुसार मुचलका जमा करने पर शुरुआत में आठ सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। उसने कहा, जिन गवाहों को अभी बयान देना है, उन्हें किसी भी प्रकार के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव से दूर रखने के लिए याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत पर उसकी रिहाई की तारीख से एक सप्ताह के भीतर उत्तर प्रदेश राज्य छोड़ने का निर्देश दिया जाता है। उसने कहा, याचिकाकर्ता, उसके परिवार या समर्थकों द्वारा गवाहों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने या धमकाने की कोई भी कोशिश किए जाने पर अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी। पीठ ( शेष पेज 8 )

# अब स्थानीय भाषाओं में भी मिलेंगे सुप्रीम कोर्ट के निर्णय

- प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने गणतंत्र दिवस के मौके पर सेवा शुरू करने का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट के फैसले अब अंग्रेजी के साथ-साथ उन स्थानीय भाषाओं में भी मिलेंगे जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। इनमें उड़िया, मराठी, मिथिला, पंजाबी और उर्दू समेत 22 भाषाएं शामिल हैं। फिलहाल कुछ ही भाषाओं में फैसले उपलब्ध होंगे। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि यह सेवा गणतंत्र दिवस से शुरू कर दी जाएगी।

पीठ के सुनवाई के लिए बैठते ही प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों से कहा कि शीर्ष अदालत बृहस्पतिवार को ई-एससीआर परियोजना के एक हिस्से का क्रियान्वयन शुरू करेगी, जिसके तहत अनुसूची में दर्ज कुछ भाषाओं में फैसलों तक नि:शुल्क पहुंच उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा, हमारे पास ई-एससीआर (परियोजना) है, जिसमें अब लगभग 34,000 निर्णय है। यह एक लचीली खोज सुविधा है। हमारे पास अब क्षेत्रीय भाषाओं में 1,091 फैसले हैं, जिन्हें गणतंत्र दिवस पर उपलब्ध कराया जाएगा।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हमारे पास उड़िया में 21, मराठी में 14, असमिया में चार... कन्नड़ में 17, मलयालम में 29, नेपाली में तीन, पंजाबी में चार, तमिल में 52, तेलुगु में 28 और उर्दू में तीन फैसले हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत सभी अनुसूचित भाषाओं में अपने निर्णय प्रदान करने के अभियान पर है। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं हैं। इनमें असमिया, बंगाली, गुजराती, ( शेष पेज 8 )

# पठान का क्रेज, सिनेमाघरों में उमड़े दर्शक

- देश के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन भी हुए, इंदौर-भोपाल में सुबह का शो किया गया रद्द
- दर्शकों की प्रतिक्रिया से कोविड के मारे मनोरंजन उद्योग की भी सांसें लौटीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुंबई में एक सिनेमा घर के बाहर पठान फिल्म देखने पहुंचे शाहरुख खान फैन्स क्लब के सदस्य

**बेशर्म** रंग गाने से विवादों में आई शाहरुख खान अभिनीत 'पठान' फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। भारतीय सिनेमा इतिहास में शायद पहली बार हुआ जब दर्शक फिल्म देखने के लिए सुबह 7 बजे सिनेमाघरों में लाइन लगाकर खड़े थे। कोविड के बाद किसी फिल्म के लिए दर्शकों में इतना क्रेज देखने को मिला। इससे मनोरंजन उद्योग ने भी राहत की सांस ली है। हालांकि बुधवार को रिलीज हुई फिल्म का विरोध करने वाले भी सक्रिय रहे और इंदौर व भोपाल समेत देश के कई शहरों में प्रदर्शन हुए। पठान बुधवार को सुबह भारत में 5000 स्क्रीन पर रिलीज की गई। फिल्म जगत से जुड़े लोग न सिर्फ शाहरुख के लिए बल्कि हिंदी सिनेमा पर छाए काले बादल हटाने के लिए भी फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए हुए हैं। दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और मुंबई सहित कई शहरों में सुबह छह और सात बजे फिल्म का पहला शो चलाया गया। दक्षिण दिल्ली के पीवीआर सेलेक्ट सिटीवॉक पर सुबह छह बजकर 55 मिनट पर सिनेमाघर में सीटियां और तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी।

दर्शकों से भरे आईएमक्स थिएटर में हो-हल्ले से ऐसा लगा कि सुपरस्टार की वापसी हो गई है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में हैं। पर्दे पर जॉन अब्राहम की एंट्री पर लोगों ने काफी तालियां बजाई लेकिन उनका उत्साह शाहरुख की एंट्री पर अधिक हो गया। शाहरुख के पहले संवाद जिंदा है ने लोगों का दिल जीत लिया। वहीं विवादों में रहे गीत बेशरम रंग के साथ ही फिल्म में दीपिका बड़े ( शेष पेज 8 )

## जेल जाने के लिए युवक ने दी रेलवे स्टेशन पर बम की झूठी सूचना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक शख्स ने रेलवे स्टेशन पर बम होने झूठी सूचना दे दी। घंटों बाद भी जब कुछ नहीं मिला तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह परेशान है और जेल जाना चाहता था। बुधवार सुबह 9.56 बजे हर्षित दीक्षित नामक शख्स ने यूपी-112 को कॉल करके सूचना दी कि उसने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर बम लगा दिया है। ये सूचना मिलते ही बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड और पुलिस के अधिकारी रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। टीम ने पूरे रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।


Piramal Capital & Housing Finance

**पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**
**(पूर्वतः दीवान हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)**
**सीआईएन : L65910MH1984PLC032639**

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070–टी +91 22 3802 4000
शाखा पता : प्लॉट नंबर 6, ब्लॉक ए, सेक्टर–2, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201 301
सम्पर्क व्यक्ति : 1. निशांत गौतम – 9899216466 2. नवीन कपूर – 9810854841 3. रोशन सावंत – 9833143013

ई–नीलामी बिक्री सूचना–नई बिक्री

पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः डीएचएफएल के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर्जदार/रों से बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अधोहस्ताक्षरी द्वारा यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जो भौतिक कब्जे में है, के "जैसा है जहां है आधार" "जो है जैसा है" तथा "जो भी है वहां है आधार" पर क्रय हेतु ऑफर्स आमंत्रित हैं। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| ऋण कोड/शाखा/कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | सम्पत्ति पता–अंतिम | सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (आरपी की 10 प्रतिशत) | कुल बकाया राशि (01–12–2022) |
|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण कोड संख्या 00004417, नई दिल्ली (शाखा), संजय कुमार गुप्ता, (कर्जदार), पूनम गुप्ता (सह कर्जदार 1) हिमांशु गुप्ता (सह कर्जदार 2) | 19–11–2019, रू. 2,79,69,719/– (रूपए दो करोड़ उनासी लाख उनहत्तर हजार सात सौ उन्नीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति एफएफ, डब्ल्यू–132, जी के पार्ट–I, नई दिल्ली–110065 का उत्तरी तरफ का सम्पूर्ण भू तल, तथा आधा टेरेस। चौहद्दी – उत्तर : प्लॉट नंबर डब्ल्यू–134, दक्षिण : प्लॉट नंबर 132 का भाग, पूरब : रोड, पश्चिम : सर्विस रोड | रू. 2,00,90,000/– (रू. दो करोड़ नब्बे हजार मात्र) | रू. 20,09,000/– (रू. बीस लाख नौ हजार मात्र) | रू. 4,26,56,889.38/– (रू. चार करोड़ छब्बीस लाख छप्पन हजार आठ सौ नवासी तथा पैसे अड़तीस मात्र) |
| (ऋण कोड संख्या : 00001206 नेताजी सुभाष प्लेस (शाखा) रमन कुमार (कर्जदार) राधा देवी (सह कर्जदार 1) | 24–05–2021, रू. 13,97,389/– (रूपए तेरह लाख सत्तानवे हजार तीन सौ नवासी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. टी 184, तृतीय तल, रियर साइड, खसरा नंबर 18, ग्राम बिंदापुर, ब्लॉक टी, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 चौहद्दी – उत्तर : 25 फीट रोड, दक्षिण : 10 फीट गली, पूरब : प्लॉट का भाग, पश्चिम : प्लॉट नंबर टी–185 | रू. 12,60,000/– (रू. बारह लाख साठ हजार मात्र) | रू. 1,26,000/– (रू. एक लाख छब्बीस हजार मात्र) | रू. 17,26,581.34/– (रू. सत्रह लाख छब्बीस हजार पांच सौ इक्यासी तथा पैसे चौंतीस मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 00001119, दिल्ली राजौरी गार्डन (शाखा) सन्नी मदान (कर्जदार) पूनम मदान (सह कर्जदार 1) | 14–06–2021, रू. 24,47,230/– (रूपए चौबीस लाख सैंतालीस हजार दो सौ तीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति छत महावीर एन्क्लेव केएच. नंबर 813/97, गली नंबर 4, पालम कालोनी, पालम दिल्ली, नई दिल्ली–110045 चौहद्दी – उत्तर : गली 15 फीट, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति, पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति | रू. 18,30,000/– (रू. अठारह लाख तीस हजार मात्र) | रू. 1,83,000/– (रू. एक लाख तिरासी हजार मात्र) | रू. 27,88,012.7/– (रू. सत्ताईस लाख अठासी हजार बारह तथा पैसे सत्तर मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 00001430, नई दिल्ली पश्चिम (शाखा) मुकेश कुमार (कर्जदार) मोहित (सह कर्जदार 1) | 12–05–2021, रू. 20,70,658/– (रूपए बीस लाख सत्तर हजार छह सौ अठ्ठावन मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति प्लॉट नंबर 4350–4351 एवं 4352, द्वितीय तल बिना छत, वार्ड नंबर 12, गली तेज राम आर्य पुरा, सब्जी मंडी, नॉर्थ दिल्ली, नई दिल्ली–110007 चौहद्दी – उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति, पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : गली | रू. 19,00,000/– (रू. उन्नीस लाख मात्र) | रू. 1,90,000/– (रू. एक लाख नब्बे हजार मात्र) | रू. 8,98,246.96/– (रू. आठ लाख अठ्ठानवे हजार दो सौ छियालीस तथा पैसे छियानवे मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 00001688, दिल्ली – पीतमपुरा (शाखा) गुलशन कुमार अरोड़ा (कर्जदार) शर्मिला अरोड़ा (सह कर्जदार 1) साकेत चोपड़ा (सह कर्जदार 2) | 19–11–2019, रू. 24,91,694/– (रूपए चौबीस लाख इक्यानवे हजार छह सौ चौरानवे मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति आरजैड–एच–601, द्वितीय तल (फ्रंट और बैक साइड) ब्लॉक एच, खसरा नंबर 56/21 एवं 56/22, गली नंबर 16, राज नगर–2, दिल्ली, नई दिल्ली–110045 चौहद्दी – उत्तर : गली 6 फीट, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति, पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : गली 7 फीट | रू. 31,80,000/– (रू. इकतीस लाख अस्सी हजार मात्र) | रू. 3,18,000/– (रू. तीन लाख अठारह हजार मात्र) | रू. 38,75,251.1/– (रू. अड़तीस लाख पचहत्तर हजार दो सौ इक्यावन तथा पैसे दस मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 00001579, रोहिणी (शाखा) अमर सिंह (कर्जदार) राम देवी (सह कर्जदार 1) | 26–07–2019, रू. 35,93,020/– (रूपए पैंतीस लाख तिरानवे हजार बीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति प्लॉट नंबर 9/4677, खसरा नंबर 478/153, गली नंबर 1, अजीत नगर, ग्राम सीलमपुर, गांधी नगर, दिल्ली, नई दिल्ली–110031 चौहद्दी – उत्तर : प्लॉट का हिस्सा, दक्षिण : प्लॉट नंबर 9/4676, पूरब : गली नंबर 1, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति | रू. 44,60,000/– (रू. चौवालीस लाख साठ हजार मात्र) | रू. 4,46,000/– (रू. चार लाख छियालीस हजार मात्र) | रू. 50,33,701.62/– (रू. पचास लाख तेतीस हजार सात सौ एक तथा पैसे बासठ मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 00000956, दिल्ली राजौरी गार्डन (शाखा) हरविंदर सिंह (कर्जदार) हरजीत कौर (सह कर्जदार 1) गुरमीत सिंह (सह कर्जदार 2) | 18–12–2021, रू. 23,28,730/– (रूपए तेईस लाख अठ्ठाईस हजार सात सौ तीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. के–1 टीएफ छत के साथ, का दक्षिण पूर्वी भाग, ब्लॉक के, केएच नंबर 18/2/1, ग्राम ख्याला, विष्णु गार्डन, पोर्शन प्लॉट नंबर 1, दिल्ली, नई दिल्ली–110018 चौहद्दी – उत्तर : प्लॉट का हिस्सा, दक्षिण : रोड, पूरब : प्लॉट नंबर के–2, पश्चिम : प्लॉट का हिस्सा | रू. 26,30,000/– (रू. छब्बीस लाख तीस हजार मात्र) | रू. 2,63,000/– (रू. दो लाख तिरेसठ हजार मात्र) | रू. 26,49,301.64/– (रू. छब्बीस लाख उन्चास हजार तीन सौ एक तथा पैसे चौंसठ मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : सीपीएल30365, दिल्ली – सीपी (शाखा) केविन रैंडोल्फ ह्याम्स (कर्जदार) | 23–03–2018, रू. 60,07,554/– (रूपए साठ लाख सात हजार पांच सौ चौवन मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति एच/एफ/प्लाट नंबर ए–25, चूहड़पुर खादर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश–201308 | रू. 76,80,000/– (रू. छहत्तर लाख अस्सी हजार मात्र) | रू. 7,68,000/– (रू. सात लाख अड़सठ हजार मात्र) | रू. 1,28,74,033.28/– (रू. एक करोड़ अठ्ठाईस लाख चौहत्तर हजार तेतीस तथा पैसे अठ्ठाईस मात्र) |
| ऋण कोड संख्या : 00000490, ग्रेटर नोएडा (शाखा) अनु सचदेव (कर्जदार) कमल सचदेव (सह कर्जदार 1) | 23–04–2019, रू. 10,15,893/– (रूपए दस लाख पंद्रह हजार आठ सौ तिरानवे मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति फ्लैट नंबर 623, टॉप लोर, सेक्टर–चाईफाई, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर–201308, चौहद्दी – उत्तर : खुला, दक्षिण : फ्लैट नंबर 64, पूरब : खुला, पश्चिम : जीना/फ्लैट नंबर 621 | रू. 8,20,000/– (रू. आठ लाख बीस हजार मात्र) | रू. 82,000/– (रू. बयासी हजार मात्र) | रू. 16,39,645.66/– (रू. सोलह लाख उन्तालीस हजार छह सौ पैंतालीस तथा पैसे छियासठ मात्र) |

ई–नीलामी की तिथि : 27–02–2023, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ)
बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 25–02–2023, अप. 4.00 बजे से पूर्व

नीलामी के नियम और शर्तें :

बिक्री निम्नवर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी :–

1. सम्पत्ति सुरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जाएगी।
2. एकल बोलीदाता के मामले में, बोलीदाता/क्रेता को 3 करोड़ तक आरपी की सम्पत्ति के लिए रू. 10,000/– की न्यूनतम बोली वृद्धि के साथ बोली लगानी होगी और 3 करोड़ से अधिक आरपी की सम्पत्ति के लिए न्यूनतम बोली वृद्धि रू. 1.00.000/– होगी।
3. नीलामी/बोलीदान केवल सेवा प्रदाता अर्थात कम्पनी नाम : सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्रतिनिधि का नाम : श्री धरणी कृष्ण ; सम्पर्क नंबर : 9948182222 ; साइट : **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगी।
4. यहां इसमें उपरोक्त अनुसूची में प्रतिभूत आस्तियों के पर्याप्त विवरण शामिल करने का ध्यान रखा गया है। इस उद्घोषणा में हुई या होनेवाली किसी त्रुटि, मिथ्या कथन या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होंगे।
5. इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां जमा करने और ई–नीलामी बिक्री कार्यवाहियों में भाग लेने से पहले ई–नीलामी बिक्री के लिए निर्धारित विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** देखें और सम्पत्ति के समक्ष यहां इसमें ऊपर वर्णितानुसार संबंधित सम्पत्ति हेतु संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।
6. नीलामी का प्रारंभ आरक्षित मूल्य से अधिक होनेवाले एक वृद्धिदान पर होगा और बोलीदातागण यहां इसमें ऊपर बताई गई न्यूनतम वृद्धिशील राशि के साथ अपने प्रस्ताव में सुधार करके पारस्परिक बोली लगाने के लिए स्वतंत्र होंगे।
7. 10 प्रतिशत धरोहर राशि जमा (ईएमडी) डीडी 25–02–2023 को या उससे पहले सायं 4:00 बजे से पहले, पद्नामित खाते में 'पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में केवाईसी– क) भारत सरकार द्वारा जारी फोटोग्राफ और आवासीय पता युक्त पहचान तथा पैन कार्ड की स्व–सत्यापित सत्यप्रति ख) इच्छुक बोलीदता का मोबाइल नंबर और ई–मेल पता, परिपूरित बोली प्रपत्र और निर्धारित निविदा प्रपत्रों में निविदा/सीलबंद बोली/ऑफर के साथ जमा करना होगा। दस्तावेज की मूल प्रति संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सत्यापन के लिए उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
8. जिन बोलीदाताओं को लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई–बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे श्री धरणी कृष्ण ; सम्पर्क नंबर : 9948182222 ; हेल्प लाइन ई–मेल आईडीः **https://www.bankeauctions.com** से संपर्क कर सकते हैं और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान पीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी – निशांत गौतम – 9899216466 से किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।
9. सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी उच्च न्यायालय द्वारा बिक्री या वसूली की कार्यवाही की रोक के मामले में, नीलामी ऐसे आदेश के अनुपालन में बिना किसी भावी सूचना के स्थगित/निरस्त की जा सकती है और बिक्री में भाग लेने वाले व्यक्तियों को इस तरह के स्थगन/निरसन इत्यादि के लिए हर्जाना, मुआवजा या लागत का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
10. केवल वैध यूजर आईडी और पासवर्ड धारक और डिमांड ड्राट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान की पुष्टि करनेवाले बोलीदाताओं को ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। प्राधि.त अधिकारी किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इसके अलावा, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया के समापन से पहले किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने या रद्द करने या मुल्तवी करने या बंद करने या नीलामी की शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।
11. सफल बोलीदाता को खरीद राशि का 25 प्रतिशत राशि का भुगतान उसके पक्ष में बोली छूटने से 24 घंटे के भीतर (पहले से भुगतान की गई बयाना राशि सहित) ऊपर खंड 7 में निर्धारित अनुसार करना होगा। खरीद मूल्य की शेष राशि का भुगतान उसी तरीके से करना होगा जैसा कि ऊपर निर्धारित किया गया है, और उन्हें सूचित किए गए अनुसार बिक्री की स्वीकृति/पुष्टि के 15 दिनों के भीतर करना होगा। चूक के मामले में, तब तक जमा की गई सभी राशियों को धरोहर राशि सहित जब्त कर लिया जाएगा।
12. बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जमा करने मात्र से सफल बोलीदाता अपने पक्ष में बिक्री की पुष्टि करने का हकदार नहीं होगा। बिक्री इस ई–नीलामी नोटिस पर लागू नियमों और शर्तों के अधीन होगी और उस प्रभाव के लिए प्रतिभूत लेनदार द्वारा पुष्टि की जाएगी।
13. असफल बोलीदाता की ईएमडी (ब्याज के बिना) ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही बंद होने के तीसरे दिन वापस कर दी जाएगी।
14. ई–नीलामी के दौरान, यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में कोई बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वतः ही 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा।
15. बिक्री, पीसीएचएफएल द्वारा पुष्टि के अधीन है। यदि कर्जदार/गारंटर इस नोटिस के प्रकाशन से पहले पीसीएचएफएल को देय पूरी राशि का भुगतान कर देता है, तो कोई बिक्री नहीं की जाएगी।
16. सभी वैधानिक देय/अनुषंगी प्रभार/पंजीकरण शुल्क, स्टांप शुल्क, कर इत्यादि सहित अन्य देय राशि का भुगतान क्रेता को वहन करना होगा।
17. बिक्री प्रमाणपत्र, उच्चतम सफल बोली लगाने वाले को और उसी नाम से जारी किया जाएगा जिसमें बोली प्रस्तुत की जाती है।
18. संपत्ति, "जैसी है जहां है" और "जैसी है जो है" आधार पर बेची जा रही है और प्राधि.त अधिकारी या पीसीएचएफएल ई–नीलामी संपत्तियों के संदर्भ में, सरकार या किसी अन्य को किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, भार, या किसी अन्य देय राशि के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वे बोली जमा करने से पहले संपत्ति कर, बिजली बकाया इत्यादि की वैधानिक देनदारियों सहित संपत्ति से संबंधित भार, खोज परिणामों और अन्य राजस्व अभिलेखों के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच कर लें और खुद को संतुष्ट कर लें।
19. ऊपर वर्णित संपत्तियों का प्रस्तावित बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण संबंधित शाखा प्रबंधक या प्राधि.त अधिकारी या इस प्रयोजन के लिए चिन्हित किसी अन्य अधिकारी के साथ भेंट का समय पूर्व निर्धारित कर, 25–02–2023 से पहले किसी भी कार्य दिवस को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक साइट पर किया जा सकता है।
20. पीसीएचएफएल के पास इस प्रकार प्राप्त किसी या सभी प्रस्ताव(वों) या बोली(लियों) को स्वीकार/अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए बिक्री को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
21. यदि हिंदी संस्करण या अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन में कोई विसंगति पाई जाती है तो ऐसी स्थिति में व्याख्या के उद्देश्य के लिए अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। अंतिम मिनट और सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में ऐसे बोली लगाने से बचना चाहिए। विक्रेता की ओर से किसी भी विफलता/चूक (बिजली की विफलता, इंटरनेट विफलता आदि) के लिए न तो पीसीएचएफएल और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प जैसे बैकअप बिजली आपूर्ति आदि की व्यवस्था करें ताकि वे ऐसी स्थिति को रोकने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग लें।
22. यह उत्तरदायित्व सफल बोलीदाता का होगा कि वह उस स्थिति में, धारा 194 1–ए के तहत लागू 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस जमा करे, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक होता है। टीडीएस को फॉर्म 26क्यूबी भरकर और फॉर्म 16बी में जारी किए जाने वाले टीडीएस प्रमाणपत्र को ऑनलाइन दाखिल किया जाना चाहिए। क्रेता को ई–नीलामी के 15 दिनों के भीतर सरकारी खाते में आयकर जमा किए जाने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता को सरफासी ऐक्ट के तहत बिक्री के संबंध में 30 दिन कानूनी नोटिस

उपरोक्त उल्लिखित कर्जदार/गारंटर को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) सूचना में उल्लिखितानुसार राशि का नीलामी की तिथि से पूर्व दिनांक तक उपार्जित ब्याज के साथ संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली कर्जदार/गारंटर से ब्याज व लागत के साथ की जाएगी।

दिनांक : 26 जनवरी, 2023
स्थान : दिल्ली

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


# गाजियाबाद में होगा 92 हजार करोड़ का निवेश

## इन्वेस्टर्स समिट: निवेशकों संग एमओयू साइन, पौने पांच लाख को मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



इन्वेस्टर समिट के मौके पर राज्यमंत्री वीके सिंह, यूपी सरकार के मंत्री राकेश सचान व अन्य।

गाजियाबाद में बुधवार को हुई इन्वेस्टर समिट में 92 हजार करोड़ रुपए के एमओयू साइन हुए। सबसे ज्यादा 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। करीब 2600 उद्यमियों एवं निवेशकों ने होटल रेडिसन ब्लू वैशाली में आयोजित समिट में अपने-अपने प्रस्तावों की सहमति दी।

दावा है कि इस निवेश के होने के बाद गाजियाबाद में करीब पौने पांच लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। उत्तर प्रदेश का करीब 22 फीसदी निवेश अकेले गाजियाबाद में होने जा रहा है। गाजियाबाद में सबसे ज्यादा निवेश डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी में 17 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा।

दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथॉरिटी 15 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके तहत एक हजार एकड़ जमीन पर औद्योगिक पार्क डवलप किए जाएंगे। दावा है कि इतनी जमीन पर छोटी बड़ी करीब 250 फैक्ट्रियां लग जाएंगी। 10171 करोड़, हैंडलूम और टेक्सटाइल डिपार्टमेंट में 5191 करोड़, हाउसिंग डिपार्टमेंट में 16973 करोड़ और इंस्फ्रॉस्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डवलपमेंट डिपार्टमेंट में साढ़े 14 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। इन्वेस्टर समिट में यूपी सरकार के मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, गाजियाबाद सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह, महापौर आशा शर्मा, विधायक अतुल गर्ग, पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र, डीएम राकेश कुमार सिंह समेत तमाम निवेशक और उद्यमी आदि मौजूद रहे।

### ये कंपनियां आएंगी

- इन्फोटेक टेक्नोलॉजी 12500 करोड़
- पॉवर फाइनेंस 11472 करोड़
- ग्रुपेक्स नेटवर्क 10 हजार करोड़
- पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन 5700 करोड़
- उप्पल चड्ढा हाईटेक 3150 करोड़
- प्रतीक रिएलटर्स 2600 करोड़
- प्रतीक ग्रुप 2600 करोड़ रुपए
- सनसिटी हाईटेक 2000 करोड़
- निट्रया टेक्सटाइल, 1620 करोड़
- आर्टिशन, 1400 करोड़ रुपए



### मेरठ जोन में 13 को मिलेगा पुलिस मेडल

## पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र और डिप्टी एसपी मुकेश होंगे सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सराहनीय सेवाओं के लिए मेरठ जोन के 13 अधिकारियों-कर्मचारियों को भारत सरकार का पुलिस मेडल मिलेगा। ये मेडल उन्हें 26 जनवरी यानि गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा।

भारत सरकार ने चुने गए लोगों की सूची जारी कर दी है। गाजियाबाद से पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र, 47 बटालियन के प्लाटून कमांडर रंजीत प्रसाद, गाजियाबाद के डिप्टी एसपी मुकेश कुमार और इंस्पेक्टर तेजवीर सिंह हैं। इसके अलावा सहारनपुर से वीरेंद्र कुमार वर्मा, मुजफ्फरनगर से लेखा कृष्ण मोहन सक्सेना, हापुड़ से लिपिक बहादुर सिंह, मुजफ्फरनगर से इंस्पेक्टर कुशलपाल सिंह, नोएडा से इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र, सहारनपुर से इंस्पेक्टर विजय बहादुर सिंह, मुजफ्फरनगर से सब इंस्पेक्टर रामनरेश, 6 वाहिनी पीएसी मेरठ के प्लाटून कमांडर महीपाल सिंह और नोएडा से इंस्पेक्टर लिपिक सुनील गुलाटी को भारत सरकार का पुलिस मेडल मिलेगा।

मेरठ यूनिट से सब इंस्पेक्टर योगेंद्र पाल सिंह, हेड कांस्टेबल आकाश दीप और नोएडा यूनिट से हेड कांस्टेबल वाजिद अली भी गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगे।

## ओएसडी समेत आठ अफसरों पर केस दर्ज

- दलित महिला ने लगाया था जबरन मतदाता सूची से नाम काटने का आरोप

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर में एक दलित महिला की शिकायत पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी रजनीकांत, सदर तहसीलदार रहे अखिलेश सिंह और विनय भदौरिया समेत पांच अफसरों व कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

आरोप है कि दनकौर के रोशनपुर गांव की रहने वाली महिला हेमलता का नाम जबरन मतदाता सूची से काट दिया गया था। उसकी सुनवाई तक नहीं की गई। गौतमबुद्ध नगर की जेवर तहसील के गांव रोशनपुर की रहने वाली महिला का नाम उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में मतदाता सूची से डिलीट कर दिया गया। महिला हेमलता ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की। उसने कहा कि मतदान के संवैधानिक अधिकार से वंचित किया गया है। उनका आरोप है कि कूट रचित मतदाता सूची बनाकर चुनाव में उपयोग किया गया है। हेमलता की शिकायत पर जिला प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। इसके बाद हेमलता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने भी उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। पुलिस और प्रशासन में कोई सुनवाई नहीं होने पर हेमलता ने मामले में विशेष न्यायाधीश एससी.एसटी कोर्ट में गुहार लगाई। न्यायाधीश ज्योत्स्ना सिंह ने मामले को सुनने के बाद करीब एक महीने पहले जेवर तहसील के तत्कालीन उप जिलाधिकारी रजनीकांत, तहसीलदार विनय कुमार भदोरिया, अखिलेश कुमार और 5 अज्ञात कर्मचारियों के विरूद्ध एससी.एसटी एक्ट, जालसाजी और घोखाधड़ी के आरोपों में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

रजनीकांत ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में बतौर ओएसडी कार्यरत हैं। दनकौर थाने में आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, 166, 167 और एससी एसटी एक्ट की धारा 3,2 और 5,3 के तहत तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। हेमलता का आरोप है, इन अफसरों ने अपने पद का दुरुपयोग किया है। मुझे छोटी जाति का समझते हुए मतदाता सूची में मेरे नाम के सामने डिलीट की मुहर लगाकर मुझे मतदान के संवैधानिक अधिकार से वंचित कर दिया।


SRF

**SRF LIMITED**
**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A 0002181 | PREM KUMAR SETHI (CLAIMANT) | 95317 | 4089434 | 4089449 | 16 |
| | | AMRIT LAL SETHI (DECEASED SHAREHOLDER) | 975086 | 18543498 | 18543530 | 33 |
| 2 | SRF0050239 | POONAM NAGRATH (CLAIMANT) | 389547-8 | 17389224 | 17389235 | 12 |
| | | HARISH CHANDER JUNEJA (DECEASED SHAREHOLDER) | 538547-8 | 25409016 | 25409027 | 12 |
| | | | 90122461 | 10160930 | 10160949 | 20 |
| 3 | SRF0138683 | P K ABRAHAM | 772657 | 8046394 | 8046424 | 31 |
| | | OMANA ABRAHAM (JT. HOLDER 1) | 772657 | 24737987 | 24738004 | 18 |
| | | | 772657 | 24738010 | 24738010 | 1 |
| 4 | K 0003357 | KUNTI GUPTA | 43412 | 2525051 | 2525075 | 25 |
| | | | 66321 | 3390069 | 3390076 | 8 |
| | | | 125515 | 5257318 | 5257333 | 16 |
| 5 | P 0005498 | PARSHOTAM LAL SACHDEVA | 332911 | 16374831 | 16374880 | 50 |
| | | SMT USHA SACHDEVA (JT. HOLDER 1) | 332915 | 16374926 | 16374927 | 2 |
| | | KUMARI DEEPA SACHDEVA (JT. HOLDER 2) | 481911 | 24394623 | 24394672 | 50 |
| | | | 481915 | 24394718 | 24394719 | 2 |
| | | | 90141386-7 | 7386538 | 7386637 | 100 |
| 6 | R 0002603 | RAJDULARI VIJAY KUMAR DALMIA | 976614 | 18591297 | 18591346 | 50 |
| 7 | G 0000175 | ANAND CHANDER GULANI (CLAIMANT) | 118316 | 5064602 | 5064613 | 12 |
| | | GULANI CHANDRU SOBHRAJ (DECEASED SHAREHOLDER) | 975498 | 18557002 | 18557026 | 25 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.
Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Sr. VP (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 25-01-2023


## मुआवजे को लेकर किसानों का वेब सिटी में हंगामा

**गाजियाबाद।** वेब सिटी प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित की गई जमीन से प्रभावित किसानों के समर्थन में आते हुए भारतीय किसान संगठन एकता ने बुधवार को प्रदर्शन किया।

जिला प्रशासन, जीडीए और बिल्डर के खिलाफ किसानों ने खूब नारेबाजी की।संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा, साल 2014 में इकला, इनायतपुर आदि गांवों का वेब सिटी, जिला प्रशासन और किसानों के बीच समझौता हुआ था। इसमें भूमिहीन किसानों को प्लॉट और जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को 8 फीसदी विकसित प्लॉट देने का समझौता हुआ था। मगर षड़यंत्र की तहत अमल नहीं किया गया।

## तीन वाहनों आपस में टकाराए

- सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



दादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर तीन वाहनों का आपस में एक्सीडेंट हो गया । जिसमें एक ट्रक के चालक की मौत हो गई वहीं दो अन्य ट्रक और कैंटर के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए दादरी के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है। दरअसल ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बुधवार की सुबह 4 बजे तीन वाहन जिनमें दो ट्रक और एक कैंटर आपस में टकरा गए। यह हादसा कासना से दादरी की तरफ आ रहे ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर चक्रसेनपुर गांव के पास हुआ, जिसमें एक ट्रक चालक गोपाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक और अन्य ट्रक में कैंटर के चालक अमरपाल व सुनील को गंभीर चोटें आई।


**सार्वजनिक सूचना**

हम नटराज इंडस्ट्रीज, एक पार्टनरशिप फर्म है, जिसकी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट प्रॉपर्टी नंबर 65, सेक्टर – 6, फरीदाबाद – हरियाणा में है, 1978 से हम केवल औद्योगिक उपयोग के लिए नालीदार बक्से पैकेजिंग मशीनों के निर्माण के व्यवसाय में हैं और हमने अपना व्यवसाय कभी नहीं बदला। हम किसी भी प्रकार के किसी भी ब्रांड के पेन, पेंसिल, पेपर प्लेट के व्यापार या निर्माण या पैकेजिंग के व्यवसाय में कभी नहीं थे / हैं। नटराज पेपर प्लेट, पेंसिल या किसी भी पेन या पेंसिल ब्रांड से हमारा सम्बद्ध नहीं है। हमारी कंपनी कोई भी किसी भी प्रकार का कोई ऑफर में मशीन नही बैचती है। यह हमारे जानकारी में आया है कि कुछ कुख्यात और आपराधिक दिमाग वाले अज्ञात लोग अकेले और समूह में अवैध रूप से "नटराज" और "नटराज इंडस्ट्रीज" नाम का उपयोग करके धोखाधड़ी करते हैं और फर्जी नौकरी / व्यवसाय की पेशकश करके निर्दोष व्यक्तियों को समय समय पर धोखा देते रहते हैं जैसे "घर" मैं बैठे बैठे रोज पैसे कमायें और भी भिन भिन तरह से लोगों को झूठे लोभ व लालच देकर अपने जाल मै फसाते हैं। इन आपराधिक गतिविधियों के लिए ये सोशल मीडिया साइटों जैसे फेसबूक, यू ट्यूब, इंस्टाग्राम आदि पर नकली, अनधिकृत वीडियो, ऑफर आदि दे रहे हैं। नटराज इंडस्ट्रीज ने पहले ही अपने क्षेत्र की संबंधित पुलिस को सूचित कर दिया था कि कैसे "नटराज" व "नटराज इंडस्ट्रीज" के नाम पर आपराधिक दिमाग वाले कुख्यात व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन सोशल साइट के उपयोग से धोखाधड़ी की जा रही है। इसके अलावा हमने अपनी तरफ से समय – समय पोस्ट भी किया है कि ये ऑफर सोशल मीडिया साइट्स के जरिए फ्रॉड हैं। इन जालसाजों के कुछ टेलीफोन नंबर जिनके बारे में हमें पता चला है, वे इस प्रकार हैं – 9219485822, 7854038561, 9348750955, 7735574101, 9692355823, 8249603417, 8962398972, 8982124093, 8759779568, 9555804125.

हम नटराज इंडस्ट्रीज कानून का पालन करने वाले नागरिक होने के नाते समाज के सर्वोत्तम हित में इन कुख्यात / धोखाधड़ी / अपराधी लोगों को पकड़वाना चाहते हैं क्योंकि आगे भी ये दोषी नकली नौकरी / व्यापार की पेशकश के बहाने निर्दोष लोगों को गुमराह करने और उन्हें धोखा देने में सफल हो सकते हैं। इसलिए सभी संबंधितों को सलाह दी जाती है कि ऐसी घटना की सूचना तुरंत अपने क्षेत्र के स्थानीय पुलिस स्टेशन को दें ताकि संबंधित पुलिस उनके खिलाफ तत्काल सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई कर सके और जनता के साथ बड़े पैमाने पर विभिन्न अपराध करने के लिए उन्हें अरेस्ट कर इस फ्रॉड का खुलासा कर सके । इसलिए इस नोटिस के माध्यम से जनता को सूचित किया जा रहा है, "नटराज" या "नटराज इंडस्ट्रीज" नकली नौकरी / पेपर प्लेट / पेन / पेंसिल पैकिंग व्यवसाय आदि के नाम पर ये सब फर्जी ऑफर हैं इन नकली व फर्जी लोगों से किसी भी तरह से गुमराह न हो और धोखा खाने से बचें । उपरोक्त सूचना के बाद भी कोई वयक्ति किसी भी झूठे आश्वासन पर विश्वास करता है धोखा खाता है तो वह सब कुछ पूरी तरह से अपने जोखिम, लागत, परिणाम और जिम्मेदारी पर करता है और जैसा की उपरोक्त कहा गया है की इस सब से "नटराज" या "नटराज इंडस्ट्रीज" का किसी भी प्रकार का कोई लेना देना व संबंध नहीं है ना ही हमारी किसी भी तरह की कोई जिम्मेदारी है

आनंद मोहन (प्रबंधक)
नटराज इंडस्ट्रीज



**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुकेश चंद/ प्रशांत निगम/ गीता देवी/ LBAGR00004711594 | मकान नंबर 163, प्लॉट नंबर 163 पर निर्मित, तुलसी बजट विला, मौजा पथोली, सदर तहसील, आगरा, उत्तर प्रदेश/ जनवरी 23, 2023 | अगस्त 25, 2022 ₹ 29,67,712/- | आगरा/ नोएडा/ दिल्ली/ मुंबई |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 25, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर, (नोएडा)**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 जनवरी, 2023



# स्टार्टअप, ईवी, सीसीटीवी और हरित क्षेत्र में दिल्ली नंबर वन

## सीएम केजरीवाल ने छत्रसाल स्टेडियम में फहराया तिरंगा, राजधानी वासियों को दी गणतंत्र दिवस की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने बुधवार को छत्रसाल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, उसके बाद परेड के निरीक्षण के लिए निकले।

खुली जीप में सवार मुख्यमंत्री ने दिल्ली पुलिस, फायर सर्विस, एनसीसी, महिला बटालियन सहित कई स्कूलों के परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम एक तरफ 74 वां गणतंत्र और दूसरी तरफ आजादी के 75 साल का अमृत महोत्सव मना रहे हैं।

उन्होंने दिल्ली वालों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, स्टार्टअप, ईवी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सीसीटीवी और हरित क्षेत्र में दिल्ली देश में नंबर बन चुकी है।

साथ ही, राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बसों का सफर और तीर्थ यात्रा मुफ्त होने की वजह से आज पूरे देश में सबसे कम महंगाई दिल्ली में है। केंद्र सरकार को खाने-पीने की वस्तुओं से जीएसटी हटाकर लोगों को महंगाई से राहत देने के साथ ही जीएसटी को सरल करना चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है और हम उससे व्यापार बढ़ाते ही जा रहे हैं। वर्ष 2020 में केंद्र सरकार ने चीन से 65 बिलियन डॉलर, तो वर्ष2021 में 95 बिलियन डॉलर का सामान खरीदा। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी दिलाकर देश में जनतंत्र की स्थापना की, जहां जनता और चुनी हुई सरकारें सुप्रीम है। लेकिन पिछले कुछ वर्षो से जनतंत्र पर आंच आने लगी है। दिल्ली एक राज्य ऐसा है, जहां की चुनी हुई सरकार ने ढेरों कानून पास किए, पर उपराज्यपाल उस पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार नहीं हैं।

एक व्यक्ति विशेष में जनतंत्र को गुलाम बना दिया गया है। ये लोग जुडिशरी, राज्य सरकारों, किसानों, छात्रों और व्यापारियों से लड़ रहे हैं। अगर हम लड़ाई-झगड़ा छोड़कर मिलकर काम करें, तो भारत को दुनिया का नंबर-1 देश बनने से कोई नहीं रोक सकता।



छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया। फोटोः रंजन डिमरी

### निर्वाचित सरकारों के काम में बाधा डाल रहा केंद्रः सीएम

*केजरीवाल ने कहा कि केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपालों और उपराज्यपालों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है और वे निर्वाचित सरकारों के काम में बाधा डालकर ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या लोकतंत्र पर काला साया मंडरा रहा है। 74वें गणतंत्र दिवस पर हमें यह सोचने की जरूरत है कि लोकतंत्र को इन लाट साहबों (राज्यपालोंउपराज्यपालों) से कैसे बचाया जाए। उन्होंने तेलंगाना के अपने हाल के दौरे का हवाला देते हुए कहा कि वहां की सरकार ने राज्य में चार करोड़ लोगों की आंखों की जांच निशुल्क करने और इलाज कराने का फैसला किया है। केजरीवाल ने ऐलान किया कि वह इसे दिल्ली में भी करेंगे। देश में ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान कुछ राज्यों में न खोज लिया गया हो। समस्याओं का समाधान खोजने के लिए राज्य सरकारों को एक दूसरे से सीखने की जरूरत है।*

# दो दर्जन कॉलोनियों और तीन गांवों में मिलेंगे सीवर कनेक्शन

## उपमुख्यमंत्री ने दी परियोजना को मंजूरी, करीब 5 लाख लोगों को होगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने यमुना नदी को वर्ष 2025 तक प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। इसके मद्देनजर सरकार यमुना नदी की सफाई को लेकर किए जा रहे कार्यों में और तेजी लाने की तैयारी में है।

इसी के तहत उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जलबोर्ड को वजीराबाद, भलस्वा और स्वरूप नगर की 29 अनधिकृत कॉलोनियों व 3 गांवों के सभी घरों में सीवर लाइन कनेक्शन देने की योजना को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद इलाके की अनधिकृत कॉलोनियों और गांवों के करीब 5 लाख लोगों को सीवर की समस्या से राहत मिलेगी। इन परियोजनाओं के लिए 77.7 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं। मनीष सिसोदिया ने बताया कि वर्तमान में इन इलाकों में कुछ जगह इंटरनरल और पेरिफेरल सीवर लाइन बिछाने का कार्य अंतिम दौर पर चल रहा है तो कुछ जगह पूरा हो चुका है।

जल्द ही दिल्ली जल बोर्ड द्वारा इलाके के उपभोक्ताओं के घरों तक घरेलू सीवर कनेक्शन लाइन का विस्तार किया जाएगा। ताकि लोगों को सीवर की समस्या से निजात मिल सके। साथ ही खुद सीवर लाइन जोड़ने व सड़क काटने के लिए संबंधित एजेंसियों से स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं पड़े।

### भलस्वा इलाके में सीवर बिछाने का काम पूरा

भलस्वा में राजीव नगर, राजीव नगर एक्सटेंशन और स्वामी श्रद्धानंद पार्क नामक 3 अनधिकृत कॉलोनियों में इंटरनल पेरिफेरल सीवर बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। अब इन अनधिकृत कॉलोनियों के घरों को व्यक्तिगत सीवर कनेक्शन को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा, ताकि हर घर को सीवर कनेक्शन मिल सके।

# आप व भाजपा ने एक-दूसरे पर लगाए हंगामा करने के आरोप

**मेयर चुनाव**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भाजपा को चुनौती है वह गत मंगलवार को महापौर चुनाव के दौरान आप पार्षदों के सदन के अंदर हंगामे का एक भी वीडियो दिखाए।

इसके उलट आम आदमी पार्टी ने भाजपा को 5 वीडियो दिखाए जिसमें साफ दिखा कि भाजपा नेता हंगामा कर रहे हैं और आप पार्षद शांतिपूर्वक बैठे हैं। आम आदमी पार्टी हर हालत में मेयर का चुनाव कराना चाहती थी, मगर भाजपा चाहती थी कि मेयर का चुनाव किसी भी हालत में नहीं हो। आतिशी ने कहा कि दिल्ली नगर निगम चुनाव के नतीजे आए 50 दिनों से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अभी तक भाजपा मेयर का चुनाव नहीं होने दिया है। वहीं भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम सदन में जिस तरह आम आदमी पार्टी ने सदस्यों के शपथ के बाद हंगामा करवाया और पीठासीन अधिकारी के द्वारा सदन स्थगन के बाद भी देर रात तक सदन में धरना दिया, वह आम आदमी पार्टी की अराजक राजनीति का एक और प्रमाण है।

सचदेवा ने कहा है कि यह समझ से परे है कि आखिर आम आदमी पार्टी बहुमत होते हुए भी नगर निगम सदन में गुप्त मतदान से क्यों घबराती है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को आप सांसद संजय सिंह कह रहे थे पूरे 150 आप नेता सदन में बैठे हैं, अभी मतदान करा लीजिए पर जब मतदान का वक्त था तब आम आदमी पार्टी ने ऐसी परिस्थितियां खड़ी कर दी जिनके चलते पीठासीन अधिकारी को सदन स्थगित करना पड़ा।

### कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान आज से


**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है। इस यात्रा की सफलता और भूतपूर्व जनसमर्थन मिलने के बाद यात्रा के समापन से पूर्व कांग्रेस पार्टी 26 जनवरी से देशभर में एक नया अभियान हाथ से हाथ जोड़ों शुरु कर रही है। यह मुहिम 26 मार्च तक चलेगी। इसके लिए लोगो भी जारी किया गया है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान भारत जोड़ो अभियान का दूसरा चरण है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दो महीने तक चलने वाले अभियान हाथ से हाथ जोड़ो की शुरुआत में सभी 280 ब्लाक और जिला कांग्रेस कमेटियां गणतंत्र दिवस पर अपने-अपने क्षेत्रों में झंडा फहराएंगे।

# दिल्ली पुलिस के 26 अधिकारियों और जवानों को पुलिस पदक



संयुक्त आयुक्त प्रेम नाथ



एसीपी ललित मोहन नेगी



एसआई सुंदर गौतम



एसआई शमशेर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पुलिस के 26 अधिकारियों और जवानों को उनकी सेवाओं के लिए पुलिस पदक यानी 7 पुलिस वीरता पदक, 2 राष्ट्रपति पुलिस पदक विशिष्ट सेवा और 17 पुलिस पदक सराहनीय सेवा के लिए प्रदान किए गए हैं।

एसीपी ललित मोहन नेगी, इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, एसआई सुंदर गौतम, एसआई शमशेर सिंह, एसआई रघुवीर सिंह, एएसआई मनोज भाटी, एएसआई शाजाद खान को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। संयुक्त आयुक्त प्रेम नाथ, एसीपी सुनीता शर्मा, को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। सतविंदर सिंह, एसीपी, एफआर, इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर जसविंदर कौर, मुकेश राठी, एसीपी, इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, एसीपी जसविंदर कौर, इंस्पेक्टर शिव चरण मीणा, एसआई जय भगवान एचसी माला राम एसआई विनय कुमार और एसआई सविता उन लोगों में से हैं जिन्हें मेधावी के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

आईपीएस अधिकारी प्रेम नाथ वर्ष 1990 में दिल्ली पुलिस में सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में शामिल हुए। ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न 2006 कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त पर भेजा गया था ताकि खेलों की सुरक्षा और संचालन की योजना सहित मेगा खेल आयोजनों के लिए कौशल सीख सकें।

बाद में, अधिकारी को बीजिंग ओलंपिक के लिए चीन, दोहा एशियाड खेलों के लिए कतर और शीतकालीन ओलंपिक के लिए व्हिस्टर गांव कनाडा जाने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया।



# शाह सतनामजी धाम में धूमधाम से मनाया गया एमएसजी भंडारा

### संगत की भीड़ के आगे सैंकड़ों एकड़ में बनाए पंडाल भी छोटे पड़ गए

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा


प्रवचन करते डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा। एसएसजी भंडारे में पहुंची साध संगत।

**रूहानियत** और समाज सेवा के विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाले डेरा सच्चा सौदा के परम पिता शाह सतनाम सिंहजी महाराज के 104वें पावन अवतार दिवस का एमएसजी भंडारा बुधवार को डेरा सच्चा सौदा सिरसा में साध-संगत ने धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया।

इस अवसर पर जहां शाह सतनाम जी धाम में पावन भंडारा एमएसजी के रंग में रंगा नजर आया, वहीं सैंकड़ों एकड़ में बनाए गए विशाल पंडाल श्रद्धालुओं के उत्साह के समक्ष छोटे पड़ गए। डेरा सच्चा सौदा की ओर आने वाले सभी मार्गों पर श्रद्धालु ही नजर आ रहे थे। एमएसजी भंडारे पर गुरुभक्ति, देशभक्ति और भारतीय संस्कृति और संस्कारों का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पूज्य गुरु जी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मानवता भलाई कार्यों के तहत जरूरतमंदों की मदद की गई। वहीं मंदबुद्धियों की सार-संभाल और उपचार के बाद सकुशल घर पहुंचाने में पहले स्थान पर रहे राजस्थान के ब्लॉक केसरी सिंहपुर, दूसरे स्थान पर रहे संगरियां और तीसरे स्थान पर रहे पंजाब के ब्लॉक सुनाम को पूज्य गुरु जी ने सुंदर ट्राफियां देकर सम्मानित किया। एमएसजी भंडारे के शुभ अवसर पर पूरी साध-संगत को मालपुड़े व काजू कतली का प्रसाद व मटर पनीर की सब्जी वाला लंगर खिलाया गया। इसके अलावा पूज्य गुरु जी ने अपनी वेबसाइट सेंट डॉ. एमएसजी इन्सां डॉट मी को रीलॉन्च किया, जिसमें नशों के खिलाफ चलाई गई डेप्थ मुहिम से संबंधित नंबर 80596-02525 जारी किया गया। इस नंबर व वेबसाइट पर कोई भी नशा छोड़ने वाला संपर्क कर सकता है। बता दें कि पूजनीय परम पिता शाह सतनाम सिंह जी महाराज ने 25 जनवरी 1919 को श्रीजलालआणा साहिब, जिला सरसा ( हरियाणा) में पावन अवतार धारण किया था।

**लाखों वालंटियर्स ने संभाली व्यवस्था :** पावन भंडारे के अवसर पर लाखों वालंटियर्स ने साध-संगत की सुविधा के लिए यातायात, पंडाल, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, लंगर-भोजन, बुजुर्गों व दिव्यांगों को पंडाल तक पहुंचाने के लिए पूरी व्यवस्था को संभाला। अलग-अलग राज्यों से आने वाली साध-संगत के वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग विशाल ट्रैफिक ग्राउंड बनाए गए थे। साध-संगत की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर सूचना केन्द्र बनाए गए।

**अब ये तीन नए कार्य किए शुरू :** इस बार गुरुजी की ओर से तीन नए भलाई कार्य शुरू किए गए हैं। जिसमें 149वें नंबर पर भारतीय संस्कृति को जिन्दा रखने और खुशहाल जिन्दगी रखने के लिए सुबह उठते ही माता-पिता व बड़ों के चरण स्पर्श करने व उनका आशीर्वाद लेकर दिन की शुरूआत करना। 150वां कार्य परिवार में खुशहाली बनी रहे, इसके लिए रोज नहीं तो कम से कम सप्ताह में एक दिन जरूर सारा परिवार इकट्ठा बैठकर खाना खाए। 151वां कार्य गरीब बस्तियों में आरओ लगवाकर देना।

**गुरूजी ने संगत को दी भंडारे की बधाई :** संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने फरमाया कि गुरुजी ने फरमाया कि आप सबको सच्चे दाता रहबर परम पिता कुल मालिक, दाता रहबर शाह सतनामजी महाराज के अवतार दिन की और अवतार दिन को आगे से हमेशा मनाए जाने वाले एमएसजी भंडारे बहुत-बहुत बधाई, बहुत-बहुत आशीर्वाद।

## नवनिर्वाचित चेयरमैन-वाइस चेयरमैन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात


मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट करते हुए तावडू ब्लॉक समिति के नवनिर्वाचित चेयरमैन।

### विधायक संग मुख्यमंत्री से मिलकर की क्षेत्र के विकास की लेकर चर्चा

**तावडू।** खंड की पंचायत समिति के नवनिर्वाचित चेयरमैन-वाइस चेयरमैन ने मंगलवार को स्थानीय विधायक के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उपमंडल में विकास को लेकर चर्चा की गई।

दोनों ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट किया तो वही मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई देते हुए विकास कार्यों में सहयोग करने का आश्वासन दिया। तावडू ब्लॉक समिति के नवनिर्वाचित चेयरमैन हसन मोहम्मद ने बताया कि मंगलवार को वह वाइस चेयरमैन हीरा प्रधान सहित कई गणमान्य व्यक्तियों लोगों के साथ स्थानीय विधायक संजय सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मिले। हसन ने बताया कि विकास की चर्चा के साथ-साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं भी मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाई गई।

मुख्यमंत्री ने उन्हें गंभीरता से सुना। नवनिर्वाचित चेयरमैन-वाइस चेयरमैन ने सयुंक्त रूप से बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि किसी भी विकास कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्थानीय विधायक के सहयोग से तावडू ब्लॉक समिति के सभी 29 वार्डों में बिना भेदभाव विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### सामूहिक विवाह सम्मेलन परिणय सूत्र में बंधे 10 जोड़े



**मेवात।** सर्व समाज कन्या विवाह समिति के पिनगवां के द्वारा बाग वाले मंदिर प्रांगण में दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। विवाह सम्मेलन में भाजपा नेत्री नौक्षम चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समिति द्वारा यह दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन है, जिसमें इस बार 10 नवविवाहित जोड़ों को लंबी उम्र की कामना करते हुए परिणय सूत्र में बांधा गया। सर्व समाज कन्या विवाह समिति पिनगवां के द्वारा गरीब कन्याओं की शादी में सभी प्रकार का बेहतर इंतजाम किया गया। बारातियों से लेकर लड़की वालों के रिश्तेदारों को खाने पीने का भव्य इंतजाम किया गया तो दहेज में भी अच्छा खासा सामान दिया गया, जो गरीब मां-बाप अपनी बेटी को दहेज का सामान नहीं दे सकता। उससे कहीं ज्यादा बढ़कर समिति के सदस्यों द्वारा दिया गया। पूरे गाजे-बाजे के साथ बारात की घुड़चढ़ी निकाली गई। बड़ी संख्या में लोगों ने गरीब कन्याओं की शादी में शिरकत कर, ना केवल कन्यादान दिया बल्कि समिति के कार्यों की जमकर सराहना की। कुल मिलाकर अब कन्या गरीब परिवारों पर बोझ नहीं बन सकेंगी, क्योंकि उनकी मदद के लिए अब कई विवाह समितियां हर साल एक से एक बढ़कर आयोजन कर रही हैं। सबसे खास बात यह है कि इन सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन करते हैं। समाजसेवी यादराम गर्ग के अलावा प्रधान शेखर सिंगला एवम उनके अन्य साथियों की वजह से सर्व समाज कन्या विवाह समिति पिनगवां क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में अब एक अलग पहचान बना रही है।

### दलाल के मार्फत शादी करने गए साले व जीजा के साथ की लूटपाट

**फिरोजपुर झिरका।** शहर के वार्ड-05 शिव कॉलोनी में रहने वाले एक युवक अपने साले की शादी कराने के लिए दलाल के मार्फत पश्चिम बंगाल जलपाईगुड़ी में जाने पर दलाल के रिश्तेदारों द्वारा लूटपाट व जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें शादी करने गए युवक के 42 वर्षीय जीजा को मौत के घाट उतार दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय हरिकिशन पुत्र रघुवीर निवासी वार्ड-0 5 शिव कॉलोनी फिरोजपुर झिरका। अपने साले देवेंद्र पुत्र कालूराम निवासी डगडगा जिला अलवर राजस्थान को एक दलाल के साथ शादी कराने के लिए पश्चिम बंगाल जलपाईगुड़ी ले गया। वहां पहुंचने के उपरांत दलाल के कुछ रिश्तेदारों ने लड़के की शादी कराने के बजाय हरिकिशन व देवेंद्र से पैंतालीस हजार रुपये लूट लिए और उन दोनों लोगों पर जानलेवा हमला बोल दिया। जिसमें 42 वर्षीय हरि किशन की मौत हो गई। जिसे उन्होंने पश्चिम बंगाल के मालदा रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर फेंक दिया। वहीं देवेंद्र ने बड़ी मुश्किलों से वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं पश्चिम बंगाल मालदा पुलिस स्टेशन के असिस्टेंट इस्पेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि 42 वर्षीय युवक का शव मालदा रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर पड़ा हुआ मिला। जिसकी सूचना युवक के परिजनों को दी गई और शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक हरिकिशन के मोबाइल को ट्रैक पर लगा दिया गया है। इस मामले की छानबीन जारी है।

### निगमायुक्त से मिले सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि


निगमायुक्त के साथ बैठक करते सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा से बुधवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की तथा उनका स्वागत किया। प्रतिनिधियों ने सफाई कर्मचारियों व सीवरमैनों की मुख्य समस्याओं एवं मांगों से निगमायुक्त को अवगत करवाया, जिस पर निगमायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि गुरुग्राम की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे तथा सफाई व्यवस्था के लिए आवश्यक अच्छे उपकरण आदि कर्मचारियों को मुहैया करवाए जाएंगे। इसके अलावा, कर्मचारियों को समय पर वेतन की अदायगी, लंबित पीएफ का लाभ अच्छे संसाधन आदि सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित चीफ इंजीनियर राधेश्याम शर्मा को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों के लिए बेहतर हाजरी प्वाईंट बनाए जाएं, जिनमें शौचालय आदि की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि हाजरी प्वाईट का डिजाईन यूनियन प्रतिनिधियों के साथ सांझा करें। ट्रैक्टर-ट्राली की बेहतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी निगमायुक्त द्वारा अधिकारियों को दिए गए।

### एयर इंडिया कार्यालय में 80 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सेक्टर-30 स्थित एयर इंडिया कार्यालय में रक्त दान शिविर लगाया गया। शिविर में 80 यूनिट रक्तदान हुआ। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन व रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार के निर्देशन में यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी से अतुल कुमार पराशर, रोहताश, कविता सरकार, रक्त संग्रहण के लिए नागरिक अस्पताल से डा. प्रियंका गोस्वामी, डा. मनीषा भारद्वाज, टीओ योजना, एलटी रचिता, नर्सिंग ऑफिसर अनामिका, सीओएन सुलक्षणा, इंटर्न डा. मुश्ताक, इंटर्न एलटी अंशुमन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुनील ने सेवाएं दीं।

## सरपंचों ने किया सीएम के ओएसडी जवाहर यादव का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के ओएसडी जवाहर यादव को बुधवार को सरपंच सुंदर लाल यादव के नेतृत्व में अनेक सरपंचों ने बधाई देकर स्वागत किया।

यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में बुधवार को संरपच सुंदर लाल यादव, लक्ष्मण सरपंच नखड़ोला, विजय पाल सरपंच नाहरपुर, हरजस सरपंच रामपुरा, ओमप्रकाश पूर्व सरपंच मानेसर, विनोद यादव, संजय यादव, सोनू यादव, मैपस्को कासा बेला सोसायटी के प्रधान धर्मबीर यादव व पंकज यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री के ओएसडी बनें जवाहर यादव का स्वागत व सम्मान किया। उन्होंने मिठाई खिलाकर बधाई दी। ओएसडी जवाहर यादव ने सभी साथियों का इस सम्मान के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि



भारतीय जनता पार्टी हो या पार्टी की सरकार, इसमें सभी कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान दिया जाता है। हम सबको पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर मेहनत करनी है।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने अपने सरपंच साथियों के साथ उन्हें विश्वास दिलाया कि पहले से भी बढ़कर पार्टी हित में काम किया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जवाहर यादव को ओएसडी बनाकर गुरुग्राम का सम्मान बढ़ाया गया है।

## सुंदर लाल ने शुरू किया आपका बेटा, आपका भाई-आपके द्वार जनसम्पर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** निगम क्षेत्र में गांव सिकंदरपुर-बढ़ा के सरपंच रहे सुंदर लाल यादव ने क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान का आरंभ किया है। अपने इस अभियान को उन्होंने आपका बेटा, आपका भाई-आपके द्वार। इससे पूर्व उन्होंने कुकड़ोला गांव में शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके नमन किया।


गांव कुकड़ोला में शहीद को नमन करके जनसम्पर्क अभियान शुरू करते सरपंच सुंदर लाल।

इस अवसर पर सुंदर लाल यादव ने कहा कि गांवों के बुजुर्ग, मातृशक्ति और नौजवान साथियों का भरपूर आशीर्वाद और सहयोग उन्हें अभी तक मिला है। आगे भी वे उम्मीद करते हैं कि उनका मान और सम्मान इसी तरह से बरकरार रहेगा। अपना यह क्षेत्र सिर्फ एक जिला या प्रदेश तक सीमित न होकर पूरी दुनिया में मशहूर बड़ी-बड़ी कंपनियों विशेषकर मारुति सुजूकी और होंडा बाइक की कंपनी यहां की शान है। इसके अलावा भी हजारों बड़ी कंपनियां इस क्षेत्र की कीमत बढ़ा रही हैं। मानेसर ही नहीं, बल्कि पूरे मानेसर नगर निगम क्षेत्र के एक-एक गांव को विकास की सौगात मिले, यही उनका प्रयास है। उन्होंने कहा कि पटौदी विधानसभा क्षेत्र में यह इलाका आता है। वैसे तो विकास के अनेक काम यहां पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता के प्रयासों से जारी हैं। गांवों के और बेहतर विकास के लिए सरकार ने गुरुग्राम जिला में मानेसर को दूसरा नगर निगम का दर्जा दिया। इससे पहले हरियाणा के किसी भी जिले में दो नगर निगम नहीं हैं। मानेसर निगम बनने के बाद यहां के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं अच्छी मिल रही हैं। इस मौके पर नाहरपुर सरपंच विजयपाल यादव, नखड़ोला सरपंच लक्ष्मण यादव, रामपुरा सरपंच हरजस यादव, नोरंगपुर दयाराम चेयरमैन, कुकडोला अजय सरपंच, विष्णु सरपंच कुफरपुर, सतबीर सरपंच ग्वालियर, विष्णु नंबरदार कुकड़ोला, राज पूर्व सरपंच कुफरपुर, ब्रहम पंडित कुकड़ोला, कृष्ण नंबरदार, धनसिंह पूर्व सरपंच, सतन प्रधान फाजिलवास, समय सिंह कुकड़ोला, पंडित चंद्रशेखर कुकड़ोला सहित गांव के गणमान्य लोग सुंदर लाल यादव के साथ रहे।

## देश को एक सूत्र में पिरो रही है पीएम मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ मुहिम : डॉ. सत्यपाल सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत मुहिम के तहत गुरुग्राम में यूपी जनसेवा एकता मंच द्वारा उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व में मुंबई के पुलिस कमिश्नर व वर्तमान में बागपत से सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने शिरकत की व कार्यक्रम में अध्यक्षता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सिरसा से लोकसभा सांसद सुनीता दुग्गल ने की।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व एक भारत श्रेष्ठ भारत के हरियाणा के संयोजक मूलचंद शर्मा के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। अपने संबोधन में डा. सत्यपाल सिंह मलिक ने कहा


गुरुग्राम में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

कि पीएम नरेंद्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत मुहिम देश को एक सूत्र में पिरो रही है। उन्होंने कहा कि आज उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ व हरियाणा में मनोहर लाल के नेतृत्व में दोनों प्रदेशों का चहुंमखी विकास हो रहा है। उन्होंने यहां अच्छी शिक्षा, अच्छी कानून व्यवस्था और बढ़ते व्यापार का वर्णन किया। दोनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री पूंजी निवेश करवाकर अपने प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर ले रहे हैं। डा. मलिक ने आयोजन के लिए नवीन गोयल व मंच के सदस्यों का शुभकामनाएं दीं।

**गुरुग्राम के विकास में यूपी के भाईयों का योगदान: दुग्गल**

सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि गुरुग्राम की तरक्की में यूपी के भाइयों का भी विशेष योगदान है। पूर्वांचल के लाखों लोगों की रिहाइश गुरुग्राम में भी है। उन्होंने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के माध्यम से देशभर के राज्यों की संस्कृतियों को परस्पर जानने का अवसर मिल रहा है। यह कार्य सराहनीय है।

**यूपी के भाईयों को कराएंगे श्रीराम के दर्शन : नवीन गोयल**

कार्यक्रम के संयोजक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि वे यूपी के भाईयों को साथ लेकर गुरुग्राम को ग्रीन-क्लीन बनायेंगे।

## नगर परिषद प्रॉपर्टी में आई खामियों को दूर करने के लिए लगेगा शिविर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद संपत्ति करदाताओं की प्रॉपर्टी आईडी में खामियों को दूर कराने के लिए 27 जनवरी से तीन दिवसीय शिविर लगाएगा। परिषद अधिकारी 52,000 में से करीब 33 हजार संपत्तियों को ठीक करने का दावा कर रहे हैं।

नगर परिषद संपत्ति सर्वे के दौरान आई खामियों को दूर करने के लिए संपत्ति करदाताओं को एक अवसर देने का फैसला लिया है। नगर परिषद की तरफ से 27 से 29 जनवरी के बीच कार्यालय में तीन दिवसीय शिविर लगाया जाएगा। जिसमें संपत्ति करदाता अपने आईडी में किसी भी प्रकार की खामियों को दूर करा सकेंगे। नगर परिषद के 21 वार्डों में कुल 52,342 संपत्ति मालिक के नाम दर्ज है। जिसमें से अभी तक परिषद अधिकारी 33 हजार के करीब संपत्ति आईडी की खामियों को दूर करने का दावा कर रहे हैं। शेष करीब 20 हजार संपत्ति मालिकों की आईडी में से खामियों को दूर करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे असल मालिकों की पहचान होने के साथ-साथ संपत्ति मालिकों को आ रही परेशानियों का निदान हो सके।

> **शिविर** से जहां नागरिकों को अपनी प्रॉपर्टी आईडी में खामियों कराने का लाभ होगा। वहीं नगर परिषद को संपत्ति कर दाताओं से समय पर वसूली करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इसके साथ परिषद को आम नागरिकों से आय होगी।
> **( अतरसिंह-कार्यकारी अधिकारी नप )**

**संपत्ति मालिक को देना होगा हलफनामा**

संपत्ति कर दाता को अपनी आईडी में खामियों को दूर कराने के लिए तहसील से एक हलफनामा देना होगा। जिसके माध्यम से प्रॉपर्टी आईडी में नाम गलत होने से लेकर पता, क्षेत्र वैध व अवैध, विकास शुल्क कम-ज्यादा, आदि को गलतियों को ठीक किया जा सकता है। हलफनामा के साथ नागरिकों को अपने दस्तावेज लाने जरूरी होंगे।

## मिक्स कचरा उठाने वाले दो वाहनों को किया गया जब्त

**गुरुग्राम।** ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत कचरे को अलग-अलग श्रेणी में विभाजित करना व उसका परिवहन करना अनिवार्य है। मिक्स कचरा उठान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है।

इसी कड़ी में मंगलवार को विशेष टीम ने निरीक्षण के दौरान शीतला माता रोड पर मिक्स कचरा उठान करने वाले दो वाहनों को जब्त किया। इन दोनों वाहनों द्वारा विभिन्न क्षेत्र से मिक्स कचरा उठाकर कहीं डंप करने के लिए ले जाया जा रहा था। टीम ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है तथा नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा टीम ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम के तहत प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करने वालों के खिलाफ भी मंगलवार को कार्रवाई की। टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए नियमों की अवहेलना पाए जाने पर 41 व्यक्तियों के चालान करते



हुए उन पर 55,500 रुपए का जुर्माना लगाया। टीम ने यहां से 300 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक भी जब्त किया है। टीम में सफाई निरीक्षक भूपेन्द्र, जितेन्द्र, हरीश शर्मा, गौरव व अमन शामिल हैं।

नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार के अनुसार ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्रतिदिन निकलने वाले कचरे को गीले, सूखे, घरेलू हानिकारक व जैव अपशिष्ट श्रेणी में अलग-अलग करना अनिवार्य है। कचरा उठान करने वाले वाहनों को भी कचरा अलग-अलग श्रेणी में ही लेना जरूरी है।

## वेदात्य इंस्टीट्यूट में शुरू हुआ गुरुग्राम विवि का ऑफ साइट कैंपस

### होटल मैनेजमेंट कोर्स के जरिए युवा संवारेंगे अपना करियर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


विवि के वेदात्य इंस्टीट्यूट में ऑफ साइट कैंपस का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

**व्यावसायिक** और रोजगारपरक शिक्षा के माध्यम से छात्रों के आने वाले कल को बेहतर बनाने और होटल मैनेजमेंट कोर्स को एक बढ़िया करियर विकल्प के रूप में छात्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बुधवार को वेदात्य इंस्टीट्यूट गढ़ी बाजिदपुर गुरुग्राम में बने जीयू के ऑफ साइट परिसर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, वेदात्य इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग प्रमोटर अमित कपूर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कुलपति ने वहां के अतिथि कक्ष, सम्मेलन कक्ष, रेस्तरां, फ्रंट ऑफिस, हाउस कीपिंग, क्लास रूम, आधुनिक किचन एवं प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि वेदात्य इंस्टिट्यूट में खोले गए गुरुग्राम विश्वविद्यालय के इस ऑफ साइट परिसर में विवि के छात्र हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट क्षेत्र से संबंधित बैचलर ऑफ साइंस इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ आर्ट्स इन लग्जरी मैनेजमेंट, बैचलर इन डिजाइन, बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बैचलर ऑफ आर्ट्स इन इंटरनेशनल कुलिनरी आर्ट्स आदि कोर्स कर सकेंगे। इन नए कोर्सेज में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी नए सेशन-2023-24 से विवि के ऑफ साइट परिसर में दाखिला ले सकेंगे। कुलपति ने कहा कि व्यावसायिक कोर्सों की श्रृंखला में होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम का एक विशिष्ठ स्थान है। छात्रों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखकर गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने अपने ऑफ साइट परिसर वेदात्य इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में होटल मैनेजमेंट कोर्स की शुरुआत की है। जहां अपेक्षाकृत कम खर्च पर छात्रों को होटल प्रबंधन की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। इस मौके पर अतिथियों के साथ कुलपति ने ऑफ साइट परिसर में पौधारोपण कर उसका संरक्षण करने का भी संकल्प लिया।

## बिजली चोरी करते पांच दुकानदारों पर सीएम फ्लाइंग ने कसा शिकंजा

### टीम ने तावडू के अपना बाजार में आरोपियों पर जुर्माने की कार्रवाई की

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

नगर के अपना बाजार में बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग टीम ने बिजली चोरी कर रहे पांच दुकानदारों पर छापेमारी कर शिकंजा कस दिया। सभी ने दुकानों से तार निकालकर बिजली लाइन में सीधे जोड़े हुए थे। सीएम फ्लाइंग टीम के साथ इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी सहित विजिलेंस की जवान भी साथ थे। चोरी करते मिले सभी दुकानदारों पर टीम के अधिकारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई में जुटे हैं।

सीएम फ्लाइंग के एसआई सत्येंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि नगर के अपना बाजार में दुकानदार सरेआम बिजली चोरी करते हैं। इसी सूचना पर टीम ने बुधवार दोपहर के बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता शहाबुद्दीन, विजिलेंस गुरुग्राम के एएसआई कृष्ण कुमार खुफिया विभाग के नूंह इंचार्ज राज कुमार, एसआई विनोद कुमार व पवन की मौजूदगी में अपना बाजार में छापेमारी की। जहां पर पांच दुकानों से निकल रहे बिजली तार लाइन से सीधे जुड़े हुए थे। मौके पर छापेमारी के दौरान पता लगा कि इन दुकानों के



मालिकों ने बिजली कनेक्शन नहीं लिया हुआ था। सभी 5 दुकानदारों के खिलाफ एलएल-1 फार्म भरा गया है।

बुधवार दोपहर जैसे ही मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम नगर के अपना बाजार में पहुंची तो सभी दुकानदारों में हड़कंप मच गया।कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों का शटर बंद कर लापता हो गए। कुछ चोरी छुपे अपने बिजली लाइन से तारों को हटाने में जुट गए। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने छापेमारी से पहले बिजली चोरी के लिए लाइन से जुड़े तारों की फोटो अपने मोबाइल में कैद कर ली। इसके बाद टीम मौके पर ही पांच दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक सभी पर भारी भरकम जुर्माने की करवाई की जा रही है। हालांकि इस दौरान कुछ दुकानदार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम के समक्ष कम जुर्माने करने की विनती करते भी नजर आए।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 जनवरी 2023



# रविदास घाट पर बनेगा दूसरा सीएनजी टर्मिनल

● केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, राज्य से जमीन मिलते ही कार्य होगा शुरू ● हरित ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य वाराणसी में आयोजित हुआ सीएनजी बोट रैली




**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पेट्रोलियम** एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा काशी के नमो घाट पर आयोजित सीएनजी वोट रैली में हिस्सा लेने आए केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि वाराणसी में गंगा किनारे दूसरा सीएनजी टर्मिनल वाराणसी के रविदास घाट पर बनेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार से जमीन सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी होते ही पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि इंडिया एनर्जी वीक 2023 का आयोजन भारत के जी-20 की अध्यक्षता के दौरान बेंगलुरु में 6.8 फरवरी 2023 तक ग्रोथ, कोलैबोरेशन, ट्रांजिशन विषय के अंतर्गत किया जा रहा है। इसी के तहत लोगों को ऊर्जा और सीएनजी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वाराणसी में सीएनजी बोट रैली का आयोजन किया गया है। हाल के वर्षों में वाराणसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत अपने स्वर्ण युग का पुनरुत्थान देखा है। काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर और वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक घाटों के जीर्णोद्धार और विकास जैसे अभूतपूर्व प्रयासों ने हमारी विरासत और संस्कृति के संबंध और सम्मान के साथ आधुनिक जीवन और पर्यटन के विकास को भी जोड़ा है।

वाराणसी के परिवर्तन और ऊर्जा परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत की रणनीति के बीच एक समानांतर रेखा खींचने के लिए आभारी हूं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की चाह थी की वाराणसी के नाव डीजल की जगह सीएनजी से चले। आज बताते हुई खुशी हो रही है कि वाराणसी में 580 नावें सीएनजी में तब्दील हो गई हैं। डीजल की तुलना में सीएनजी अधिक कुशल ईंधन होने के कारण नाविकों के लिए महत्वपूर्ण बचत होती है। सीएनजी डीजल की तुलना में 18 फीसदी ज्यादा माइलेज देती है। नाविक समुदाय ने इसका उपयोग कर अधिक रुपये की बचत की है। वाराणसी में नाव अभी सीएनजी से चल रहे हैं। वो समय जल्द आएगा जब यहां की नाव ग्रीन हाइड्रोजन से चलती दिखेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विश्वगुरु बनने की दहलीज पर खड़ा है और प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन की बदौलत आजादी के 100 वें वर्ष में इसके 26 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है। भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए और 2070 तक शुद्ध कार्बन शून्य प्राप्त करने के लिए चार आयामी रणनीति के माध्यम से कार्य कर रहा है। इसमें ऊर्जा आपूर्ति का विविधीकरण, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ाने के लिए जैव ईंधन, इथेनॉल, सीबीजी और सूर्य नूतन सोलर कुकटॉप पर कार्य करनाए भारत के एक्सप्लोरेशन और उत्पादन फूटप्रिंट को बढ़ाना और हरित हाइड्रोजन पर काम करना है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि सीएनजी से चलने वाली नावें न केवल वाराणसी आने वाले निवासियोंए नाविकों और पर्यटकों के लिए स्वस्थ हवा देती हैं बल्कि यह हमारी पवित्र गंगा नदी और इसके पारिस्थितिकी तंत्र और समुद्री जीवन को डीजल के रिसाव के जोखिम से भी बचाती हैं।

# मतदाता दिवस पर विद्यालय के छात्रों की जागरूकता रैली, एसडीएम ने किया नेतृत्व



**डलमऊ।** रायबरेली राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सौ प्रतिशत मतदान के अभियान को लेकर आदर्श इंटर कालेज मुराई बाग के छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे मतदाताओं को जागरूक करने हेतु छात्रों द्वारा रैली निकालकर नगर के सभी वर्गों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। मतदान उम्र की सीमा पार करने के उपरांत मतदान करने पर आपका अधिकार सुनिश्चित करता है, जिसमें आज भी समाज मतदान को लेकर बहुत ज्यादा जागरूक नहीं है। एसडीएम आशाराम वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन चुनाव आयोग की स्थापना की गयी थी। इसलिए इसी दिन को राष्ट्रीय मतदान दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। छात्रों ने 18 वर्ष की उम्र कर ली पार मिला वोट करने का अधिकार जैसे नारों से आज नगर की गली गली गुंजायमान कर दी एसडीएम आशाराम वर्मा व तहसीलदार उमेश चंद्र के नेतृत्व में डलमऊ कस्बे के विद्यालय के साथ तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के नारेबाजी के साथ लोगों को सौ प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया व मतदान कराने का संकल्प लिया गया इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जागरूकता रैली मियांटोला, आदर्श नगर शंकर नगर होते हुए विद्यालय परिसर पर समापन किया गया।

## आरेडिका में कवि सम्मेलन का आयोजन



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राजभाषा क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार हेतु देशभक्ति कवि सम्मेलन का आयोजन को सरस्वती प्रेक्षाग्रह, आरेडिका में आयोजित किया गया। इस आयोजन के पूर्व प्रगति पत्रिका, प्रतिविम्ब पत्र, सुविचार पत्र, राजभाषा क्रियान्वयन हेतु सामग्री का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया। इसमें सर्व वाई. पी. सिंह, डॉ विनय भदौरिया, सुनील सरगम, शिवतोष संघर्षी, सुश्री सानिया सिंह, अमित अनपढ़ आदि कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। रेल कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आनंद उठाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक महोदय शमशेर सिंह कलसी द्वारा की गई। जिसमें प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक एन. डी. राव, वरिष्ठ उप मुख्य महाप्रबंधक एम. के. अग्रवाल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एस. के. सैनी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर राजभाषा अधिकारी श्री संजय निगम ने भव्य देशभक्ति कवि सम्मेलन के दौरान लोगों के द्वारा दिये गये सहयोग की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्तुत किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 519 जोड़े हुए एक-दूजे के

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समारोह के अन्तर्गत जनपद के कोन चोपन बभनी म्योरपुर और दूद्धी ब्लॉक में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। ब्लॉक चोपन में कुल 85 जोड़े एक दूजे के हुए और म्योरपुर में 119 जोड़े एक दूजे के हुए, जहाँ पर प्रदेश सरकार के मंत्री संजीव गौड़ ने वर वधू को आशिर्वाद देते हुए उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की, इसी प्रकार दूद्धी विधायक रामदुलार गौड़ ने म्योरपुर ब्लॉक में वर-वधु को आर्शीवाद देकर सुखद मंगलमंय जीवन की कामना की। इसी प्रकार से भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने म्योरपुर ब्लाक में वर-वधू को आर्शीवाद देकर उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की।

इसी प्रकार बभनी ब्लाक में कुल 96 जोड़े एक दूजे के हुए जहां पर आनन्द जी सह संगठन वनावासी सेवा आश्रम में वर-वधू को अर्शीवाद



देकर उनके जीवन की मंगल कामना की। इसी प्रकार दुद्धी ब्लॉक कुल 105 जोड़े एक-दूजे के हुए जहां पर विधायक रामदुलार गौड़ ने वर-वधू को आर्शीवाद देकर मंगल कामना की। इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, चोपन व दुद्धी ब्लॉक में पहुचकर वर-वधू को आर्शीवाद देकर उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की, इस दौरान जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, परियोजना निदेशक आरएस मौर्य ने वर-वधू को आर्शीवाद दिया, इसी प्रकार कोन ब्लाक में भी कुल 114 जोड़े एक दूजे के हुए, इस तरह जनपद में कुल 519 जोड़े एक-दूजे के होकर सूत्र में बंधे। जनप्रतिनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के साथ ही जिले के विकास के लिए केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार सदैव प्रयासरत हैं और जिला भी निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर सभी नव दम्पत्तियों के सुखमय जीवन, उज्जवल भविष्य व सुख समृद्धि की ईश्वर से कामना की गयी।

## बदहाल जिंदगी जी रहा स्वतंत्रता सेनानी का परिवार, जिम्मेदार बेख़बर

**अमेठी।** जहां देश में 74 वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। वहां अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। देश विकास की ओर बढ़ रहा है, नए.नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। विश्व पटल में अपना एक मुकाम हासिल कर चुका है। भारत देश जिसे जिन वीरों ने आजादी दिलाई आज वही आजादी के दीवानों के परिजन बदहाली तंगी ए भुखमरी के कगार पर गुजर बसर कर रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के हाल जानने का प्रयास न तो पूर्ववर्ती सरकार ने किया और न ही मौजूदा सरकार में इनका कोई पुरसाहाल है। सरकारी आंकड़ों के अनुमान के अनुसार देश में करीब 2 करोड़ स्वतंत्रता सेनानी परिवार हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में 80 हजार तथा जिस अमेठी जनपद की आज हम बात कर रहे हैं, वहां भी करीब 142 परिवार स्वतंत्रता सेनानियों के बताए जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की माने तो काफी ऐसे परिवार हैं जो आज भी गुमनामी में जी रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### सरकारी नौकरी देने का लालच देकर ठगी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अस्पताल में हुई मुलाकात के दौरान पहचान बढ़ाकर चार लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया गया है। खुद को सचिवालय कर्मचारी बताकर ठग ने कई किस्तों में रकम वसूल की और फिर गायब हो गया है। मामले में सीओ के आदेश पर कार्रवाई हुई है और अब पुलिस उसे तलाश रही है। सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वालो का धंधा बदस्तूर जारी है, और लोग उनके झांसे में आकर इसका शिकार हो रहे। एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। जहां युवक ने नौकरी के नाम पर चार लाख रुपये दे दिए, लेकिन न तो नौकरी मिली और न ही पैसा वापस मिल रहा। बलिया जिले हजौली थाना गडवार निवासी सतीश कुमार पुत्र बेचूराम ने सीओ डलमऊ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एनटीपीसी आवासीय परिसर में रहता है और ठेकेदारी पर प्राइवेट नौकरी करता है। इसी दौरान कस्बे के ही एक अस्पताल में अपने पिता का इलाज करा रहे लखनऊ के एलडीए कालोनी निवासी अशोक कुमार पुत्र लल्लू राम यादव से हुई जो अपने को सचिवालय का कर्मचारी बताया था। दोनों के बीच बात बात में नौकरी को लेकर बात हुई तो अशोक ने सराकरी नौकरी लगवाने की बात कही और उसके एवज में उसने 12 जनवरी को 45 हजार व 13 जनवरी को 3,55,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। इधर जब युवक को अपने साथ ठगी होने की शंका हुई तो उसने नौकरी के कागज मांगे लेकिन वह नही दे सका। पीड़ित ने बताया कि वह दलित बिरादरी है और वह अब जब अपना पैसा मांगता है तो उसके साथ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी जाती है।

### गणतंत्र दिवस समारोह पर झण्डोत्तोलन आज

**वाराणसी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति प्रोफेसर हरेराम त्रिपाठी पूर्वाह्न साढ़े दस बजे मुख्य भवन पर ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर वृहस्पतिवार को प्रात: 10:00 बजे सर सुन्दरलाल चिकित्सालय परिसर में (श्रुत सभागार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने) प्रोफेसर कैलाश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, सर सुन्दरलाल चिकित्सालय, ध्वजारोहण करेंगे। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रशासनिक भवन में पूर्वाह्न 10 बजे विवि के कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी ध्वजारोहण करेंगे। जगतपुर पीजी कालेज, जगतपुर प्रांगण में सुबह साढ़े दस बजे प्राचार्य प्रो. अनिल प्रताप सिंह ध्वजारोहण करेंगे। कारमाइकेल लाइब्रेरी एसोसिएशन, हुकुलगंज, (जिला जेल) के सामने कार्यालय पर पूर्वाह्न दस बजे अध्यक्ष राजेश कुमार राय व महामंत्री कपिल नारायण पाण्डेय ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी संस्था के मंत्री सुशील कुमार मिश्र ने दी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को पूर्वाह्न नौ बजे पराड़कर स्मृति भवन पर काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुभाषचन्द्र सिंह झण्डोत्तोलन करेगें।

### वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन को तिरंगे के रंग में रोशन किया

**वाराणसी।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन को तिरंगे के रंग में जगमगाया है। ओरिएंट के अग्रभाग की रोशनी ने पुनर्विकसित स्टेशन की संरचना में जीवंतता और विशेषता जोड़ दी देश में ही विकसित फसाड लाईटिंग समाधानों का उपयोग कर इस स्टेशन को रोशन किया, जिनमें रौशनी के स्तरों, रंगों, और इफेक्ट्स को कंट्रोलर्स के माध्यम से प्रोग्राम किया जा सकता है। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन वाराणसी का मुख्य सेवारत स्टेशन है, जहां 300 से अधिक ट्रेनों की आवृत्ति होती है।

### डीएवी रिहंद में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बीजपुर/सोनभद्र।** डीएवी पब्लिक स्कूल-एनटीपीसी, रिहंदनगर में गणतंत्र दिवस की पूर्व बेला में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआती दौर में विद्यालय प्राचार्य राजकुमार ने सभी विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कक्षा एल के जी के विद्यार्थियों ने आई लव माई इंडिया पर नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया।

# मतदाता दिवस पर आयोजित हुए जनजागरूकता कार्यक्रम

● मजबूत राष्ट्र और स्वस्थ समाज की पहली कड़ी मतदाताः जिला निर्वाचन अधिकारी




कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम

**अमेठी।** भारत में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। भारत में जितने भी चुनाव होते हैं, उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की होती है। भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से 1 दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था, क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था इसलिए 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग गठन हुआ। भारत सरकार ने वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी और 2011 से ही हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि देश की राजनीतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उक्त बातें आज जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज के प्रांगण में आयोजित 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि किसी विकसित और मजबूत राष्ट्र एवं स्वस्थ समाज की आधार शिला मतदाता होते हैं। गौरवशाली राष्ट्र वही होता है जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नैतिक कर्तव्य समझते हैं। मतदान सबसे बड़ा दान होता है। यही लोकतंत्र की स्वस्थ परम्परा का द्योतक है। डीएम ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं व जन सामान्य को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ दिलाई इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी स्वीप सान्या छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत राष्ट्र एवं सुन्दर समाज के निर्माण के लिए यह अदृभुत स्थित है कि आज गणतंत्र दिवस के पूर्व मतदाता दिवस का आयोजन हो रहा है। इस दौरान उप जिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार, तहसीलदार गौरीगंज दिग्विजय सिंह, यूथ आइकन रुचि सिंह, शिक्षाविद डॉक्टर जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी, मनीषी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण छात्र-छात्राएं एवं जन सामान्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# तेरहवें 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' पर शपथ ग्रहण भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान के रुझान की वृद्धि करना हैः कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मतदाता दिवस** का आयोजन 25 जनवरी 2011 से शुरू हुआ था। इस दिन तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का शुभारंभ किया, इससे पहले यह दिन अस्तित्व में नहीं था लोगों को लोकतंत्र में अपने अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिये ही 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाया जाता है। उक्त विचार बुधवार को पूर्वांह्न 11 बजे सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पाणिनी भवन सभागार में 'तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बतौर अध्यक्ष व्यक्त किये।

कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के प्रयोजन विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए मनाया जाने लगा था। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में हर साल उन सभी मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 साल हो चुकी होगी। कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि यह संस्था संस्कृत-संस्कृति एवं संस्कार के त्रिवेणी का संगम स्थल है यहां के सभी अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों ने सदैव समन्वय स्थापित कर आपने संस्था के अभिवृद्धि में सभी कार्यो को आगे बढ़ाया है, सभी लोग मिलकर आईआईटी की तरह अच्छे छात्रों का प्रवेश कराकर संस्था के कीर्ति गौरव को बढ़ाएं। यहां के विद्यार्थी सम्पूर्ण भारत देश के संस्कृत विश्वविद्यालयों मे विभिन्न रूप मे सेवा दे रहे हैं।

# जिले को 17600 कोवीशील्ड मिली वैक्सीन लगाना केन्द्रों पर शुरू

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**कोरोना वैश्विक** महामारी को देखते हुए जिले को शासन की ओर से 17600 कोवी शील्ड उपलब्ध कराया गया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने एक बैठक में दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिले में वैक्सीन की कमी होते कुछ केन्द्रों पर टीकाकरण नही हो पा रहा था लेकिन अब 17600 मंगलवार को कोवीशील्ड की पहली खेप जिले को मिली गई है। इससे केन्द्रो पर वैक्सीन के मामले में तेजी आयेगी। जिले के मण्डलीय चिकित्सालय, 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 326 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर वैक्सीन लगाने का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। जिले के सभी केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश है कि मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करेंगे और बिना मास्क के केन्द्र पर प्रवेश वर्जित होगा। एक व्यक्ति का वैक्सीन लगने के बाद ही दूसरे व्यक्ति को कमरे में जाने दिया जायेगा।

टीकाकरण प्रबन्धक मायाशंकर मिश्र ने बताया कि अभीतक जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों 2564896 को प्रथम डोज, द्वितीय डोज 2245789 लोगों को द्वितीय डोज व 12 से 14 उम्र के 185788 लोगों को प्रथम डोज व द्वितीय डोज से 98578 लोगों को लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 15 वर्ष से 17 वर्ष के उम्र के लोगों में प्रथम डोज 214568, द्वितीय डोज 187425 लोगों को ही द्वितीय डोज दिया गया है और अब 2145678 लोगों को प्रिकाशन डोज से भी आच्छादित किया जा चुका है।

## मतदाता जागरूकता संबंधी नाट्य प्रस्तुत किया

**ऊंचाहार।** कस्बा स्थित डा. अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एसडीएम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम ने बच्चों समेत मौजूद अभिभावकों व अध्यापकों को मतदान करने की शपथ दिलाई। बुधवार की दोपहर आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम आशीष मिश्र, तहसीलदार अजय गुप्ता व नायब तहसीलदार सत्याराज ने कस्बा के पीजी कॉलेज पहुंचे। जहां बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम ने मौजूद छात्र एवं छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। कालेज के छात्र छात्राएं आकाश कुमार, रिंकू, भानू प्रताप सिंह, मानसी, जान्हवी, लाजो मौर्य, मरियम बानो, शबाना निशा, कोमल वर्मा, निधि यादव, नेहा यादव, खुशी व आंचल मौर्य ने मतदाता जागरूकता संबंधी नाट्य प्रस्तुत किया। जिसमें सोच समझकर निष्ठावान व्यक्ति चुनाव करने तथा अपने एक मत की ताकत का एहसास कराया।

# सुभाष महोत्सव के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

● सुभाष के महान तप से मिली आजादीः इन्द्रेश कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस** के 126वें जन्मदिन के अवसर पर विशाल भारत संस्थान द्वारा 6 दिवसीय सुभाष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के चौथे दिन सुभाष भवन, इन्द्रेश नगर, लमही में ष्भारत की आजादी में आजाद हिन्द सरकार के साथ अन्य देशों का योगदान जापान के विशेष संदर्भ में, विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मुख्यवक्ता इन्द्रेश कुमार ने कहा कि अखण्ड भारत की आजादी का पूरा खाका सुभाष के पास था। आजाद हिन्द सरकार को जब 10 देशों ने मान्यता दे दी तो सुभाष ने वैधानिक तरीके से भारत को आजाद कराने की शपथ ली। उन्होंने शपथ लिया था मैं सुभाष चन्द्र बोस अपने जीवन की अंतिम सांस तक आजादी की पवित्र लड़ाई जारी रखूंगा। मैं सदैव भारत का सेवक रहूंगा और 38 करोड़ भाई-बहनों के कल्याण को अपना सर्वोच्च कर्तव्य समझूंगा। नेताजी के इस शपथ ने हिन्दुस्तान को आजादी दिलाई। यह सत्य है कि सुभाष होते तो देश कभी न बंटता। देश के विभाजन से बड़ी क्या त्रासदी हो सकती है। लाखों की हत्या और करोड़ों का बेघर होना आज तक तकलीफ दे रहा है।

मुख्य अतिथि डॉ के सिरि सुमेधा थेरो ने कहा कि आज देश में दो नाम हैं एक राष्ट्रपिता जो 1942 में सिंगापुर से आजाद हिन्द रेडियो से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने महात्मा गांधी के लिये घोषणा की थी। दूसरा नेताजी जिनके जन्मदिवस को भारत ने पराक्रम दिवस के नाम से घोषित किया है।

# मृत के परिजन से मिलने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू



**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार सिंह डब्लू बुधवार को दिघवट गांव के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने बालिका इंटर कालेज के जर्जर भवन ढहने के कारण मलबे में दबकर मृत नीरज के परिजनों से मिले। उन्होंने घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही एसडीएम सकलडीहा से बातचीत कर मृतक के भाई रणजीत को संविदा पर नौकरी दिए जाने के बाद प्रक्रिया की जानकारी तलब की। मनोज सिंह डब्लू ने डीएम ईशा दुहन पर दिघवट की जनता व पीड़ित परिवार को दिए गए वादे से मुकरने का आरोप लगाया और बताया कि जिस तरह एसडीएम सकलडीहा मनोज पाठक द्वारा मृतक के भाई को संविदा पर नौकरी देने के संबंध में जानकारी दिया है उससे यह स्पष्ट है कि जिला प्रशासन पीड़ित परिवार को संविदा पर नौकरी देने के मूड में नहीं है। यदि ऐसा था तो जिलाधिकारी चंदौली को धरना-प्रदर्शन करने वाली जनता के समक्ष मदद का भरोसा नहीं बंधाया चाहिए। सरकार का जनता से भरोसा उठ चुका है, लेकिन ऐसे में जिलाधिकारी द्वारा भी जनता से वादाखिलाफी कर उनकी भावनाओं को आहत करने का काम किया गया तो सवाल यह उठता है कि जनता किस पर भरोसा जताए किससे उम्मीदें पालें। कहा कि दिघवट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है।

घटना के बाद सांसद, विधायक या किसी भी मंत्री ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त नहीं की। ऐसे में डीएम चंदौली के आश्वासन व एसडीएम सकलडीहा के बयान में भारी विरोधाभास से जनता का मन आहत हुआ है। गणतंत्र दिवस के बाद 27 जनवरी को डीएम से मुलाकात की जाएगी। यदि जिला प्रशासन पीड़ित परिवार की मदद से पीछे हटा तो समाजवादी पार्टी जनहित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सपा छात्र नेता अंकित यादव, नंदन कुमार राय भी मौजूद रहे।

## दिग्विजय का बयान

### कांग्रेस की रणनीति

**राहुल गांधी** ने पार्टी को सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय सिंह के बयान से अलग रख कर अच्छा किया है। यह कांग्रेस की रणनीति है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को शायद खबरों में बने रहना अच्छा लगता है, भले ही इससे उनकी पार्टी को नुकसान ही क्यों न हो जाए। हाल ही में उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक का कोई प्रमाण नहीं है। यह ध्यान आकर्षित करने की उनकी इच्छा स्पष्ट करता है। राहुल गांधी ने पार्टी को दिग्विजय सिंह के बयान से अलग कर समझदारी का काम किया। राहुल ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस नेता 'दिग्विजय सिंह के विचारों से सहमत नहीं हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र बलों ने 'अपना काम बहुत अच्छे तरीके से किया और उनको सबूत देने की कोई आवश्यकता नहीं है।' देश की सबसे पुरानी पार्टी को शायद विश्वास था कि राहुल गांधी के बयान से यह मुद्दा समाप्त हो जाएगा। लेकिन भारतीय जनता पार्टी–भाजपा ने सोमवार को 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने के लिए दिग्विजय सिंह की निन्दा की थी और वह उनके हालिया बयान को अनदेखा नहीं होने देना चाहेगी। उसने पहले ही कहा है कि ऐसे बयान 2019 में पुलवामा में 40 सीआरपीएफ जवानों के आतंकी हमले में शहीद होने पर 'पाकिस्तानी विमर्श की प्रतिध्वनि हैं।' वह ऐसे बयानों की निन्दा करती रहेगी। संभवत: दिग्विजय सिंह स्वयं ऐसे बयान देते रहेंगे जिनकी निन्दा करना भाजपा को अच्छा लगे। ऐसे में सवाल उठता है कि राहुल गांधी कहां तक दिग्विजय सिंह के बयानों से असहमत होते रहेंगे। पार्टी के सर्वोच्च नेताओं को इस पर अवश्य चर्चा करनी चाहिए। शायद दिग्विजय सिंह सुर्खियों में बने रहने के लिए ऐसे बयान



देते हैं या यह मुस्लिमों के कल्याण की उनकी राजनीतिक पैरोकारी की आदत के कारण है जिससे उनमें ऐसी टिप्पणियां करने का रुझान पैदा होता है। लेकिन इनसे कांग्रेस को नुकसान होता है। आमतौर से 'मुस्लिम कल्याण' की बात करने का अर्थ उस समुदाय के सबसे प्रतिगामी तबके को खुश करना होता है और भाजपा इसे उचित ही 'मुस्लिम तुष्टीकरण' कहती है। मोदी–समर्थक तत्वों के लिए यह विजय का हथियार है। हालांकि, बहुत से लोगों का राजनीतिक कॅरियर फैशनेबल 'सेक्युलर' जुमले उछालने पर निर्भर करता है।

विशिष्ट बुद्धिजीवियों में अधिकांश वाम–उदारवादी रुझान वाले थे और 'सेक्युलर पहचान' वाले नेताओं के प्रति उनका रुझान बहुत मजबूत था। इसी कारण गंभीर भ्रष्टाचार आरोपों के बावजूद लालू प्रसाद यादव का आकर्षण बना रहा, जबकि उनके नेतृत्व में बिहार में प्रशासन लगातार कमजोर पड़ रहा था। दिग्विजय सिंह इसी युग में फले–फूले हैं। उन्होंने 19 सितंबर, 2008 को दिल्ली के जामिया नगर में बाटला हाउस मुठभेड़ को 'फर्जी' बता दिया था और वह भी इस तथ्य के बावजूद कि दिल्ली के एक प्रमुख पुलिस अधिकारी की मुठभेड़ में मौत हुई थी और दिल्ली पुलिस उनकी अपनी सरकार के आधीन थी। 2016 में उन्होंने मुठभेड़ की न्यायिक जांच की मांग दुहराई तथा अनेक अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी उनका समर्थन किया। उदाहरणार्थ, 2012 में तत्कालीन विधि मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी मुठभेड़ में नौजवान मुस्लिम लड़कों के मारे जाने पर 'फूट–फूट कर रोने लगीं।' भाजपा ने उचित ही खुर्शीद के बयान को 'मुस्लिम वोट पाने का सांप्रदायिक दांव' कहा था। ऐसा लगता है कि राजनीति की गतिशीलता ऐसी रणनीतियों के लिए उचित स्थान देती है। लेकिन अब उस राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। दिग्विजय सिंह जितनी जल्दी यह बात समझ लेंगे, उतना ही उनकी पार्टी कांग्रेस के लिए ठीक होगा।

# नेताजी के राष्ट्रवाद से भागे थे अंग्रेज

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवाद के संघर्ष और विचार को इतिहास के पाठों में एक पैराग्राफ तक सीमित कर दिया गया है जिसे किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता।



विश्वदीप काकाती



वाग्मिता बड़ठाकुर




बर्मा में 12 सितंबर, 1944 को नेताजी के भाषण को तत्कालीन सभी भारतीयों के हृदय में स्थान मिला और यह आज भी उनको प्रेरित करता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपनी क्रांतिकारी शैली में कहा था, 'हमने एक एकजुट व स्वतंत्र भारत की प्रतिज्ञा की है, इसलिए हम उसे विभाजित करने तथा टुकड़ों में काटने के हर प्रयास का विरोध करेंगे।' इसके लगभग 78 साल के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति को ऐतिहासिक इंडिया गेट में स्थान मिला और इंडिया गेट जाने वाले मार्ग का नाम हाल ही में बदल कर 'कर्तव्य पथ' किया गया है। यह मार्ग न केवल प्रख्यात सुभाष चंद्र बोस व आधुनिक भारत के उनके विचारों को प्रतिबिम्बित करता है, बल्कि हर भारतीय के मन में उन लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को बनाए रखने की भावना पैदा करता है जो विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका में निहित हैं। यह देशवासियों में यह भावना भी पैदा करता है कि भारत को हमेशा एकजुट रहना चाहिए तथा हमें इस स्वतंत्र भारत में रहना चाहिए। यह प्रक्रिया हमें अपना जीवन उस भारत की स्थापना के लिए समर्पित करने की प्रेरणा देती है जिसके लिए पूरी दुनिया देशभक्ति तथा विविधता में एकता का प्रतीक है। नेताजी के मन में बचपन से ही जो राष्ट्रवाद की भावना थी वह अंतिम सांस तक उनकी गतिविधियों को निर्देशित करती रही। इस भावना को उन्होंने पूरे भारत में पैदा किया और इससे वे अत्यन्त उल्लेखनीय राजनेता बने।

कम आयु से ही नेताजी सामाजिक रूप से सचेतन व्यक्ति थे जिसका जन्म कोलकाता में प्रेसीडेंसी कालेज में उनके अध्ययन के समय हुआ था। उस समय वे जनता की गरीबी और कठिनाई भरे जीवन से बहुत व्यथित होते थे। सभी लोगों के बीच समानता की भावना के कारण उनको उस तिमंजिला आवास में रहना भी अच्छा नहीं लगता था जाहां से अनेक भिखारी दिखाई देते थे जिनके सिर पर छत तक नहीं थी। इसके चलते उन्होंने उस प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए थे जो कुछ लोगों के लिए शानोशौकत वाला जीवन तथा बहुत से लोगों के लिए गरीबी पैदा करती थी। भारत के स्वतंत्र होने तथा औपनिवेशिक दासता से मुक्त होने के पहले ही उन्होंने देश के प्रति राष्ट्रवाद की भावना विकसित की थी। बोस के लिए राष्ट्रवाद हर व्यक्ति की स्वतंत्रता की पारदर्शी कथा थी जहां किसी का प्रभुत्व न हो, हर व्यक्ति को समान सम्मान व स्वतंत्रता प्राप्त हो तथा उस पर अधिकार जमाने वाली कोई सत्ता न हो। राष्ट्रवाद की इसी भावना से बोस ने भावी घटनाओं का विश्लेषण किया जिनके वे गवाह बने। नेताजी के इतिहास में उनकी एक ट्राम में यात्रा की कथा आती है जिसमें एक अंग्रेज अपने पैर ऊपर कर बैठा था, जबकि एक भारतीय सज्जन उसके सामने बैठे थे। औपनिवेशिक प्रभुत्व के कारण भारतीय सज्जन भयभीत थे और अपनी आवाज नहीं उठा पा रहे थे। लेकिन बोस को अग्रेज के इस कृत्य से गुस्सा आई और उन्होंने उससे अपने पैर नीचे रखने को कहा क्योंकि इससे भारतीय सज्जन के कपड़े खराब हो रहे थे। अंग्रेज ने बोस को जवाब दिया कि यदि भारतीय को उसके पैर ऊपर रखने से कोई समस्या हो तो वह अपनी सीट बदल सकता है। इससे बोस बहुत गुस्सा हो गए। समाज में समानता स्थापित करने के प्रति उनके विद्रोही स्वभाव को देखते हुए ट्राम में अनेक भारतीयों को एकजुट कर दिया और सभी बोस के साथ मिल कर अंग्रेज की निन्दा करने लगे। लेकिन प्रभुत्व से मुक्त समाज बनाने की नेताजी की इच्छा को धक्का लगा क्योंकि अंग्रेज के कृत्य से व्यथित भारतीय झगड़े से बचने के लिए अगले स्टेशन पर उतर गया। एक ओर बोस के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण ने भारतीय एकजुटता की तस्वीरें पेश कीं, लेकिन दूसरी ओर अनेक भारतीयों में यह धारणा व्याप्त थी कि वे प्रभुत्व के पंजे से कभी आजाद नहीं होंगे। इससे बोस के मुक्त भारत बनाने के सपने को थोड़े समय के लिए प्रभावित किया। बोस ने भारतीयों के एक समूह को एकजुट करने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया, जब उनको लगा कि अंग्रेजों को जल्दी भारत से भगाने के लिए अहिंसा के बजाय सशस्त्र विद्रोह की जरूरत है। उनके प्रखर राष्ट्रवाद की भावना उस समय स्पष्ट रूप से सामने आई जब उन्होंने अपनी प्रख्यात आजाद हिंद फौज आंदोलन के लिए 'दिल्ली चलो' का नारा दिया। उनका अमर आह्वान था, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' नेताजी के बारे में भाषण देते हुए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने कहा था कि अंग्रेज महात्मा गांधी के कारण भारत छोड़ कर नहीं गए, बल्कि इसका कारण नेताजी द्वारा पैदा राष्ट्रवाद का उभार था। इसने भारतीय सेना के सैनिकों में एक चिनगारी पैदा की थी जो आजाद हिंद फौज–आईएनए के रूप में सामने आई थी। आईएनए का प्रभामंडल इतना सशक्त था कि उसने अत्यधिक स्वामिभक्त भारतीय सेना, नौसेना व वायुसेना में आईएनए द्वारा पैदा जोश भर दिया था।

भारतीय राष्ट्रीय सेना पर नेताजी का प्रभाव इतना मजबूत था कि वह अंग्रेजों के खिलाफ भारतीय शक्ति के रूप में काम करने लगी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व मुस्लिम लीग अंग्रेजों के समर्थक की तरह काम कर रहे थे। इसके कारण अंग्रेजों ने फौरन नेताजी को हिरासत में लेने का प्रयास किया। अपने समय से आगे की सोचने वाले नेताजी न केवल समुदाय, धर्म व नस्ल पर राष्ट्र की अवधारणा आरोपित करने में सफल हुए, बल्कि उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से राजनय व विदेश नीति की अवधारणा को भी समझ लिया था। उन्होंने इस 'चाणक्य नीति' का उचित प्रयोग किया कि 'दुश्मन का दुश्मन हमारा दोस्त होता है।' इस सिद्धान्त ने उनको जर्मनी व इटली से गठबंधन बनाने को प्रेरित किया जो अंग्रेजों के खिलाफ थे। इसके परिणामस्वरूप वे भारत में आईएनए के रूप में सैनिक शक्ति खड़ी करने की अवधारणा मजबूत करने में सफल हुए।

एक व्यावहारिक राष्ट्रवादी के रूप तें नेताजी विविध दृष्टिकोणों का सम्मान करते थे। नेताजी ने भारत राष्ट्र की आत्मा को अच्छी तरह समझ लिया था और इस प्रकार उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां एक मजबूत केन्द्र सरकार हो जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों व प्रांतों को काफी सीमा तक स्वायत्ता प्राप्त हो। इन कारणों से भारत ने हाल ही में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिन को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया है। राष्ट्रवाद के नेताजी के विचार में समानता, स्वतंत्रता व न्याय, व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा शक्ति संतुलन की अवधारणा को प्रमुख स्थान मिला है। भारत के लिए उनके राष्ट्रवाद का अर्थ भारत को ऐसा देश बनाना था जिसमें अस्तित्व की पुरानी सोच को पूरी तरह बदल दिया गया हो। उनके राष्ट्रवाद का अर्थ भारत को दीर्घकालीन रूप से गरिमामय स्थान प्रदान करना था। उनका यह विश्वास था कि यदि कोई महत्वाकांक्षा न हो तो राष्ट्र का अस्तित्व निरर्थक है। उन्होंने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि देश की प्रगति व्यापक होनी चाहिए तथा लोगों को अपने संकुचित स्वार्थ पूरे करने के बजाय पूरे समुदाय की व्यापक प्रगति के बारे में विचार करना चाहिए। लेकिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवाद के विचार और संघर्ष को इतिहास की पुस्तकों में एक अनुच्छेद तक सीमित कर दिया गया है जिसे किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता है।

# थाईलैंड की सेना का बनावटी चेहरा



अशोक के मेहता

(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

थाईलैंड, भारतीय पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य, नागरिक–सैन्य संबंधों के अध्ययन के लिए एक शिक्षाप्रद मामला है। नागरिक प्राधिकरण द्वारा सेना का नियंत्रण, स्वीकृत लोकतांत्रिक मानदंड, पैलेस द्वारा अक्सर चुनौती दी जाती है, तीसरा खिलाड़ी भले ही राजशाही संवैधानिक है। 7 मई को चुनाव होने वाला है और संसदीय कार्यकाल 23 मार्च को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में, पलंग प्रचारथ पार्टी (पीपीआरपी) सेना के नेतृत्व में एक गठबंधन जिसमें तीन जनरल शामिल हैं, सभी पूर्व सेना प्रमुखों ने 2014 से देश पर शासन किया है। अधीनस्थ राजनीतिक पदों पर दो जनरल प्रधान मंत्री से वरिष्ठ हैं। अरबपति पीएम थाकसिन शिनावात्रा, जिन्हें 2006 में एक सैन्य तख्तापलट में हटा दिया गया था, उसके बाद उनकी बहन यिंगलुक बाद में प्रधान मंत्री बनीं और अब उनकी बेटी पैतोंगटार्न फीयू थाई पार्टी (पीटीपी) का झंडा लेकर चल रही हैं। राजा महा वजीरालोंगकोर्न, राम एक्स, ने अपनी बड़ी बहन, जिसने रॉयल्टी छोड़ दी थी, को थाकसिन के पीटीपी के साथ चुनाव लड़ने से रोक दिया। मई 2005 में द बैंकॉक पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार शिनावात्रा ने जनरलों को नियंत्रित करने के लिए पैलेस के साथ व्यवस्था की थी।

पीपीआरपी का नेतृत्व उप प्रधान मंत्री, प्रवीत वोंगसुवोन करते हैं, जो सबसे वरिष्ठ जनरल हैं; जनरल प्रयुत चान–ओ–चा सबसे जूनियर जनरल पीएम हैं, आंतरिक मंत्री जनरल अनूपोंग पाओचिंडा के साथ। वोंगसुवॉन ने पिछले महीने संवाददाताओं से कहा था कि उनकी पार्टी तय करेगी कि वह पीएम होंगे या नहीं, लेकिन वह सैन्य जीवन को राजनीतिक जीवन पसंद करते हैं। उन्हें विश्वास था कि गठबंधन के हिस्से के रूप में उनकी पार्टी सत्ता में बनी रहेगी। दिसंबर 2022 के संडे चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि चार में से तीन थाई सोचते हैं कि पीटीपी सत्ता में होनी चाहिए और दशक पुराने सैन्य शासन को समाप्त करने के लिए पैटोंगटार्न पसंदीदा नेता थे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन पोल ने दिखाया कि वह पीपीआरपी और अन्य राजनीतिक दलों से प्रयुथ और पीटीपी से 10 प्रतिशत आगे थी। लेकिन जब तक सभी राजनीतिक दल जनरलों की पीपीआरपी के खिलाफ एकजुट नहीं हो जाते, तब तक उनके पास उन्हें हराने का कोई मौका नहीं है।

ह्यूमन राइट्स वॉच के निदेशक ब्रैड एडम्स ने कहा कि सेना ने मुख्य विपक्षी पार्टी को भंग करने, चुनाव आयोग को नियंत्रित करने और



सरकार की इच्छा को विफल करने के लिए सीनेट (जो सरकार गठन पर फैसला करती है) को चुनने के लिए कानून बनाकर खुद को अजेय बना लिया है। लोग। वोंगसुवोन ने सार्वजनिक रूप से कहा कि उनकी पार्टी के लिए सरकार बनाना मुश्किल नहीं है क्योंकि सीनेट %नियंत्रणीय% है। थाई जनरलों ने अपने 2017 के संविधान में म्यांमार के 2008 के संविधान के पड़ोसी पूर्ण सैन्य शासकों से एक पत्ता निकाला है। आंग सान सू की की नेशनल लीग ऑफ़ डेमोक्रेसी जैसी एकल पार्टी द्वारा केवल 2021 में हासिल की गई भारी जीत (जिसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ) थाईलैंड में सैन्य शासन को पूर्ववत कर सकती है। 2017 का संविधान 250 सीनेटरों (ज्यादातर सेना और पुलिस) के नामांकन की अनुमति देता है जो निर्वाचित प्रतिनिधियों के 500–मजबूत सदन के फैसले को कमजोर कर सकता है। नियम इस तरह बनाए गए हैं कि सेना को सरकार बनाने के लिए निर्वाचित सदन का केवल एक तिहाई हिस्सा चाहिए। जनरलों ने सैन्य सरकार को एक नागरिक मुखौटा दिया है – इसे मोटे तौर पर कहें – भेड़ के कपड़ों में एक भेड़िया की तरह।

थाईलैंड में सेना (और पुलिस) ब्रह्मांड के इस हिस्से में सबसे अधिक राजनीतिक संस्थाओं में से एक है। 1975 में फोर्ट लीवेनवर्थ (यूएस) में कमांड एंड जनरल स्टाफ कॉलेज में मेरे थाई सहयोगियों ने उल्लेख किया कि कैसे उन्होंने सैन्य अकादमी में रहते हुए अपने राजनीतिक विकल्प चुने। हाल ही में, माना जाता है कि राजा को विशेष अधिकार देने के लिए संविधान में संशोधन किया गया था और कुछ विशेष बलों को उनकी कमान में रखा गया था। सेना प्रमुख 2018, एक पूर्व तख्तापलट नेता के बेटे, ने बैंकाक में सेना मुख्यालय में राजा के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के लिए अपने अधिकारियों को घुटने टेककर और हाथ जोड़कर नेतृत्व किया। जनरल प्रयुथ ने उन्हें यह कहते हुए पछाड़ दिया : 'मैं राजशाही की पूजा और रक्षा करूंगा।' जनरलों की बहुतायत है – प्रत्येक 212 सैनिकों के लिए एक फ्लैग रैंक अधिकारी। भारत में 21,000 सैनिकों से एक जनरल बनता है। सेना ने 20 साल की सामरिक विकास योजना तैयार की है जिसका पालन करना सरकारों के लिए आवश्यक है।

यद्यपि 1932 में पूर्ण राजशाही समाप्त हो गई, संवैधानिक राजतंत्र पिछले सम्राट के साथ सबसे अधिक सम्मानित राजा था, जिसने 70 वर्षों तक शासन किया, जो महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के कार्यकाल से थोड़ा कम था। पैलेस–सैन्य संबंधों में फिलहाल पेंडुलम किस तरफ झूल रहा है, यह स्पष्ट नहीं है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि %आम तौर पर सेना प्रस्ताव करती है और राजा उसका निपटान करता है। राजशाही के तहत शाही मानहानि पर बहुत सख्त कानून मौजूद हैं – राजशाही के खिलाफ अभिव्यक्ति के लिए कानून 112 के तहत 15 साल की जेल। राजशाही में सुधार के लिए विरोध हाल ही में शुरू हुआ, हालांकि इसमें ज्यादातर युवाओं ने अपने लक्ष्यों को संदर्भित करने के लिए कोड शब्दों का इस्तेमाल किया।

पिछले दिसंबर में दो दुखद घटनाएं हुईं– कई नाविकों के साथ एक थाई युद्धपोत का डूबना; और क्राउन प्रिंसेस का कार्डियक अरेस्ट (जाहिरा तौर पर उत्तराधिकार की पहली पंक्ति में) अभी भी कोमा में है। महामारी के प्रभावों ने अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार पर्यटन को गहरा झटका दिया है। सौभाग्य से, 2022 में पर्यटकों की संख्या 10द्वठ्ठ के आंकड़े को पार कर गई है।

भारत के थाईलैंड के साथ मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जिसमें गगन आनंद के दो मिशेलिन स्टार रेस्तरां से लेकर गुंजन कुमार के मोबाइल चना जोर गरम उद्यम तक 50,000 भारतीयों को रोजगार मिला हुआ है। कई खूबसूरत तमिल कोविल्स के साथ पूरे थाईलैंड में हिंदू देवी–देवताओं की मूर्तियां बिखरी पड़ी हैं। थाईलैंड के साथ भी मजबूत बौद्ध संबंध हैं। शिनावात्रा वंशज जनरलों को भले ही कंपकंपा दें, लेकिन जनरलों की सत्तारूढ़ तिकड़ी अब से चार महीने बाद तीसरे कार्यकाल के लिए वापसी करने के लिए बाध्य है।

## आप की बात

### कर्मचारियों की पीड़ा

**मध्यप्रदेश** में विधायकों का वेतन 40 हजार रुपए बढ़ेगा। यह खबर पढ़कर हृदय बैठ गया जो जले पर नमक छिड़कने के समान है । विधायकों के वेतन बड़े कोई गम की बात नहीं है, रंज की बात ज्यादा यह है कि वर्षों से आंगनबाड़ियों में काम कर रही महिला कर्मी ऊंट के मुंह में जीरे के समान नाममात्र के मानदेय पर काम कर रही है । उन्हें यह मानदेय कभी भी समय पर नहीं दिया जाता । ऊपर से बढ़ती महंगाई कोढ़ में खाज बनी हुई है। उसकी चिंता किसी को भी नहीं है। इसी तरह सरकारी विभागों में संविदा कर्मी, आउट सोर्स तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वर्षों से कार्य कर रहे हैं, मगर उनको स्थायी नहीं किया जा रहा है। इन्हें स्थायी कर इनके स्थानों पर संविदा व वेतन भोगी के रूप में नई भर्ती कर संतुलन बनाया जा सकता है । लेकिन खजाने की चाबी सरकार में बैठे नेताओं के पास है तो स्वयं रेवड़ी खाएंगे और दूसरों को ढेला तक भी नहीं देंगे। विधायकों को अपने ही साथ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे आंगनवाड़ी महिला कर्मियों, संविदा, दैनिक वेतन भोगियों, आउटसोर्स कर्मियों की भी सुध लेना सरकार की जिम्मेदारी है। ध्यान देना चाहिए कि कर्मचारियों की पीड़ा चुनावी मुद्दा भी बन सकता है और इसका नुकसान विधायकों को भी हो सकता है।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### टेक कंपनियों पर लगाम

**अमेरिकी** न्याय विभाग और आठ राज्यों ने मंगलवार को गूगल पर मुकदमा दायर किया। कंपनी पर ऑनलाइन विज्ञापन बाजार में अपने प्रभुत्व के साथ प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने और इसे तोड़ने का आह्वान करने का आरोप लगाया। यह कदम किसी बड़ी टेक कंपनी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन के पहले ब्लॉकबस्टर एंटी–ट्रस्ट केस को चिन्हित करता है। इसके अनुसार गूगल के प्रतिस्पर्द्धी व्यवहार ने कृत्रिम रूप से उच्च स्तर तक प्रवेश करने में बाधाओं को बढ़ा दिया है, प्रमुख प्रतिस्पर्धियों को विज्ञापन तकनीकी उपकरणों के लिए बाजार छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है, संभावित प्रतिस्पर्धियों को बाजार में शामिल होने से रोक दिया है और इस टेक दिग्गज के कुछ शेष प्रतिस्पर्धियों को हाशिए पर धकेल कर गलत तरीके से वंचित कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, स्पेन, यूरोपियन यूनियन ने गूगल पर करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। कई देशों को गूगल ने जुर्माने की राशि को भुगतान भी कर दिया है। भारत में भी बड़ी टेक कंपनियों की तानाशाही के खिलाफ कार्रवाई पर सर्वोच्च न्यायालय विचार कर रहा है। यह स्वागत योग्य कदम है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### छात्रों पर दबाव

**छात्रों** द्वारा की गई आत्महत्याओं से जुड़ी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में छात्रों ने सबसे अधिक आत्महत्याएं की हैं। विगत एक माह में वहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे तीन नाबालिग छात्रा ने परीक्षा के दबाव में आत्महत्या कर ली उनमें दो बिहार से थे और कोटा में आसपास रहते हुए इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। निश्चित ही देश एवं समाज के सामने यह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है जैसा कोटा परीक्षा की तैयारियों के साथ–साथ अब आत्महत्याओं का हब भी बन रहा है। कोटा की कोचिंग व्यवस्था को देखकर भविष्य में इन घटनाओं के और अधिक बढ़ने की आशंका है। कोटा के अलावा अन्य शहरों में भी छात्र विभिन्न प्रकार के दबावों के शिकार होते हैं। सबसे पहली जिम्मेदारी शिक्षा विभाग तथा केन्द्र व राज्य सरकारों की यही है कि वे शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम व विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रियाओं में ऐसे परिवर्तन करें कि छात्रों को कोचिंग की जरूरत ही न पड़े। इस संबंध में नई शिक्षा नीति से काफी उम्मीदें हैं।

**सदन जी,** पटना

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**वे** सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं, पर इसका कोई प्रमाण नहीं है।

– **दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता

**वरिष्ठ** नेता दिग्विजय सिंह के विचार उनके अपने हैं और वे कांग्रेस का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस प्रवक्ता





**हम** सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व का समर्थन करते हैं।

– **सर्जेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री

# दिव्यांगजन को मुख्य धारा में लाना हमारी प्रतिबद्धता

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दिव्यांगजन को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन एवं सहयोग की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार दिव्यांगजन को सशक्त बनाकर समाज व विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। प्रशासन व विभागीय अधिकारी उन्हें जीवनोपयोगी आवश्यक उपकरण, संसाधन तथा प्रमाण पत्रों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराएं।

सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात कर रहे थे। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, संतुष्टिपरक और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ दिव्यांगजन ट्राइसाइकिल की आवश्यकता बताने तथा कुछ मानसिक दिव्यांग अपने परिजन के साथ प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध लेकर आए थे। उनकी समस्या सुनते ही मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जिन्हें भी ट्राइसाइकिल, मोटरराइज्ड ट्राइसाइकिल की जरूरत है उन्हें त्वरित आधार पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने यह हिदायत जारी की कि मानसिक दिव्यांगजन को प्रमाणपत्र जारी करने में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। सीएम योगी ने उन्हें दुलारा आशीर्वाद दिया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की दी बधाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 74वें गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी के पावन अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी, समृद्ध एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में कहा कि गणतंत्र दिवस का पर्व हम सबको एक सूत्र में बांधने वाली भारतीयता के गौरव का उत्सव है। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर विविधता में एकता की संस्कृति को बनाये रखते हुए अपने संविधान निर्माताओं की आकांक्षाओं एवं महापुरुषों की इच्छाओं को पूर्ण करने का संकल्प लें और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल का जनता के नाम सन्देश का प्रसारण दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी 2023 को प्रातः 8:30 बजे और आकाशवाणी केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी 2023 को रात्रि 7:30 बजे प्रसारित किया जायेगा। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि बसन्त का आगमन सभी देश एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य का संचार करे तथा विद्या की देवी सरस्वती सभी के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करें।

# आठ जनपदों की डायलिसिस यूनिट में बढ़ाए जायेंगे बेडः ब्रजेश पाठक

● नेशनल हेल्थ मिशन ने बेड बढ़ाने के प्रस्ताव को दी मंजूरी, गुर्दा रोगियों के इलाज में होगी सहूलियत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

> गुर्दा रोगियों के बेहतर उपचार के लिए लगातार कदम उठाये जा रहे हैं। जल्द से जल्द आठ जनपदों की डायलिसिस यूनिट में बेड बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं ताकि अधिक से अधिक रोगियों को इलाज उपलब्ध कराया जा सके। डायलिसिस यूनिट में पर्याप्त सफाई, आरओ सिस्टम को दुरुस्त रखें। जरूरी दवाओं का संकट न होने दें। रोगियों को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया कराई जायें।
>
> ब्रजेश पाठक
> उप मुख्यमंत्री

**गुर्दे** के गंभीर रोगियों को डायलिसिस के लिये एक से दूसरे जनपद तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बेड की कमी की वजह से गुर्दा रोगियों को डायलिसिस का इंतजार भी नहीं करना होगा। इसके लिए डायलिसिस यूनिट में बेड बढ़ाये जायेंगे। अभी प्रदेश के आठ जनपदों में डायलिसिस यूनिट में बेड बढ़ाए जा रहे हैं। जरूरत के हिसाब से अन्य जनपदों में भी बेड की संख्या में इजाफा किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने महानिदेशक स्वास्थ्य को जल्द से जल्द बेड बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है।

यूपी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप मॉडल पर डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जा रहा है। गुर्दे के गंभीर रोगियों को उनके जिले में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि रोगियों को डायलिसिस के लिए दूसरे जिलों तक दौड़ न लगानी पड़े। गुर्दा रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ऐसे में रोगियों को डायलिसिस की सुविधा मुहैया कराकर राहत प्रदान की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रोगियों की संख्या बढ़ने की दशा में आठ जनपदों में हीमोडायलिसिस बेड बढ़ाये जा रहे हैं।

### 109 बेड होंगे डायलिसिस यूनिट में

कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, अम्बेडकर नगर, हाथरस, फिरोजाबाद, गाजीपुर, महाराजगंज व लखीमपुर खीरी जिला चिकित्सालय में 71 बेड पर मरीजों की डायलिसिस हो रही है। एक बेड पर एक दिन में तीन से चार रोगियों की डायलिसिस हो रही है। मरीजों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इन जनपदों में करीब 38 बेड बढ़ाये जा रहे हैं। डायलिसिस यूनिट में कुल 109 बेड होंगे।

# एडीजी राजा श्रीवास्तव सहित 79 पुलिसजनों को मिले राष्ट्रपति के पुलिस पदक

● पांच को विशिष्ट सेवाओं और 74 को सराहनीय सेवाओं के लिए मिला यह सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गणतंत्र** दिवस-2023 के मौके पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 79 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति के विशिष्ट व सराहनीय सेवा पदक से नवाजा गया है। इनमें जिन पांच पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पुलिस पदक हासिल हुआ है उनमें डीजीपी मुख्यालय में एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव, डीजीपी के जनरल स्टाफ आफीसर (जीएसओ) एडीजी एन. रवींदर, एडीजी एटीएस नवीन अरोड़ा, एडीजी टेक्निकल सर्विस मोहित अग्रवाल और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात हेड कांस्टेबल विनय कुमार शामिल हैं।

इसके अलावा 74 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें आईजी अजय कुमार मिश्रा, आईजी प्रतिंदर सिंह, डीआईजी लव कुमार, एसपी राजेश कुमार, एसपी दुर्गेश कुमार, डीएसपी उदयराज सिंह, एसीपी इंद्रप्रकाश सिंह, डीएसपी लायक सिंह, एआरओ जय प्रकाश सिंह, एआरओ वीरेंद्र कुमार वर्मा, डीएसपी कृष्ण मोहन सक्सेना, डीएसपी बहादुर सिंह, इंस्पेक्टर खुशपाल सिंह, इंस्पेक्टर पवन सिंह, इंस्पेक्टर राम सागर यादव, कंपनी कमांडर चंदन सिंह, कंपनी कमांडर प्रेम शंकर सिंह, इंस्पेक्टर सुभाष चंद्रा व विजय बहादुर सिंह, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार सिंह चौहान, संजय कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार बाजपेयी, हरिराजए राजकुमार, फिरोज अहमद, अनिल कुमार वर्मा, जगदीश प्रसाद पाण्डेय, एसआई विश्राम सिंह, प्लाटून कमांडर ब्रजनंदन सिंह यादव, इंस्पेक्टर श्रीबक्श, प्लाटून कमांडर शिव करन सिंह, सब इंस्पेक्टर राबिन कुमार भौमिक, एसआई आनंद ध्यानी, एसआई कैलाश चंद्र, एसआई शौषपाल सिंह, एसआई राम नरेश, एसआई कन्हैया तिवारी, आशाराम, सुशील कुमार सिंह, उमाकांत राय, कमल कुमार तिवारी, शशिभूषण सिंह, प्लाटून कमांडर चंद्रेश राव, एसआई कमलेश त्रिपाठी, अमर बहादुर सिंह, प्रमोद कुमार पाठक, प्लाटून कमांडर महिपाल सिंह, एसआई रामकुमार सिंह, प्रमोद कुमार, हरिओम शर्मा, निरंजन सिंह, जय नंदन पोद्दार, सुभाष चंद्र यादव, बजरुल कुमार, फेकू प्रसाद प्रमुख हैं। इसी तरह राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पुलिस पदक पाने वालों में एसआई साधु राम, प्लाटून कमांडर रंजीत प्रसाद, मुख्य आरक्षी चंद्रभूषण शुक्ला, कश्मीर सिंह, कमलेश सिंह, इंस्पेक्टर कृष्ण मुरारी अग्रवाल, राम शिंगर मिश्रा, सुनील गुलाटी, राजीव कुमार, गिरजेश प्रकाश, सुभाष चंद्र पाण्डेय, हरीश सिंह भंडारी, राकेश कुमार, जुबेर अहमद, सुभाष चंद्र शर्मा, चंदौली में तैनात सुरेश चंद्रा और लखनऊ में तैनात इंस्पेक्टर सुरेश चंद्रा, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर वर्मा शामिल हैं।

### नौ पुलिस अफसरों को डीजीपी ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

लखनऊ। डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने गणतंत्र दिवस-2023 के मौके पर एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार सहित नौ पुलिस अफसरों को उनकी प्रशंसनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इनमें प्रंशात कुमार के अलावा एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव, एडीजी रेलवे ए.सतीश गणेश, आईजी कानून एवं व्यवस्था डॉ. संजीव गुप्ता, डिप्टीएसपी गोपनीय, डीजीपी मुख्यालय अनिल कुमार मिश्रा, निरीक्षक गोपनीय कृष्ण कुमार सिंह, निरीक्षक गोपनीय मुनेंद्र कुमार पांडेय और निरीक्षक, कमिश्नरेट आगरा अरविंद कुमार शामिल हैं।

# गणतन्त्र दिवस पर पावर कारपोरेशन कर्मियों को बोनस का तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** पावर कारपोरेशन अपने कार्मिकों को 2021-22 के लिये तदर्थ अनुग्रह धनराशि (बोनस) देगा। कारपोरेशन अध्यक्ष एम. देवराज की पहल पर इस तरह का प्रस्ताव पावर कारपोरेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा पारित कर दिया गया है। बोनस की धनराशि पर लगभग 19 करोड़ व्ययभार आयेगा और इससे कारपोरेशन के 32517 कार्मिकों को लाभ प्राप्त होगा। बोनस के रूप में 30 दिन की परिलब्धियों के बराबर धनराशि कार्मिकों को प्राप्त होगी। देवराज का कहना है कि कारपोरेशन अपने अधिकारियों एवं कार्मिकों के प्रति संवेदनशील है। हमारी कोशिश है कि निगम की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर कार्मिकों को उनके हित लाभ मिलते रहें। उन्होंने कार्मिकों का अवाहन किया है कि अपने कार्यों को इमानदारी, निष्ठा एवं परिश्रम के साथ करें। प्रबन्धन हमेशा उनके साथ है।

# 9495 करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय कर देश में प्रथम स्थान पर यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य के दिशा निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक कार्य कराकर श्रमिकों को जहां रोजगार दिया जा रहा है, वही उनके भुगतान में भी तत्परता बरती जा रही है। मनरेगा श्रमिकों का भुगतान बी सी सखियों के माध्यम से मनरेगा कार्यस्थल एपंचायत भवन एवं उनके आवासों पर मजदूरी का वितरण यथा संभव किया जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि चालू वर्ष में 9495 करोड़ से अधिक की धनराशि मनरेगा में व्यय की गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में मनरेगा मे धनराशि व्यय करने में प्रदेशए देश में प्रथम स्थान पर है। तमिलनाडु एवं राजस्थान क्रमशरू द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर हैए। तमिलनाडु ने 8915 करोड़ एवं राज ने 7569.29 करोड़ धनराशि व्यय की है। उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 65०07 लाख परिवारों को मनरेगा में रोजगार प्रदान किया गया है और परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेशएदेश में प्रथम स्थान पर है। इस मामले में भी तमिलनाडु व राजस्थान क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर हैं। तमिलनाडु में 63.26 लाख व राजस्थान में 25.08 लाख परिवारों को मनरेगा में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 3 लाख 87 हजार से अधिक परिवारों को 100 दिवसों का पूर्ण रोजगार उपलब्ध करा दिया गया है और प्रदेश परिवारों को 100 दिवसों का पूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम स्थान पर है।

# नए बिजली कनेक्शन की दरों में अभी बढ़ोत्तरी नहीं

**लखनऊ।** बिजली कनेक्शन की दरें फिलहाल नहीं बढ़ेंगी। पावर कारपोरेशन की तरफ से कॉस्ट डाटा बुक के तहत नये कनेक्शन की दरों में 15 से 20 फीसदी बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को फिलहाल मंजूरी नहीं मिल पाई है। प्रस्ताव में कई खामियां होने के चलते पावर कारपोरेशन अब इसे लेकर विद्युत नियामक आयोग में नया प्रस्ताव दाखिल करेगा। उपभोक्ता परिषद ने कनेक्शन की बढ़ी दरों पर मंथन के लिए आयोजित बैठक में कारपोरेशन के प्रस्ताव का विरोध किया।नई कॉस्ट डाटा बुक के तहत प्रदेश में नये कनेक्शन की दरों में बढ़ोतरी का मामला फिलहाल टल गया है। अभी पुरानी दरें ही लागू रहेंगी। प्रदेश की बिजली कंपनियों की तरफ से नए कनेक्शन की दरों में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के मामले पर बुधवार को नियामक आयोग की सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक आयोग चेयरमैन आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुई। आयोग की तरफ से सर्वप्रथम कॉस्ट डाटा बुक प्रस्तुतीकरण की शुरुआत की गई।

# आने वाले दिनों में बढ़ेगी पर्यटन की भूमिकाः जयवीर सिंह

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन दिवस के अवसर पर बुधवार को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न क्षेत्रों रूरल टूरिज्मए ईको टूरिज्म एवं एग्रो टूरिज्म में उत्कृष्ट कार्य कर रहे उद्यमियों को प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन के रूप में मोमेण्टो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में वे अपने क्षेत्र में दुगुनी रफ्तार से नए आयाम स्थापित कर सकेंगे जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे एवं प्रदेश के राजस्व में वृद्धि हो सकेंगी। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम में कृषि पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, ईको पर्यटन पर आधारित विशेषज्ञों द्वारा इन क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं भविष्य में किस प्रकार से इस क्षेत्र को नई दिशा एवं गति प्रदान किये जाने के विषय पर चर्चा की गई। जयवीर सिंह ने कहा कि रंजीत कौर, कारीकोट, विकास खण्ड मिहिपुरवा, जिला.बहराइच रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इनके द्वारा बहराइच के कतरनियाघाट पर होम स्टे तथा जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जा रहे है जो कि आने वाले समय में पर्यटकों के आकर्षण के मुख्य केन्द्र होंगे। इसी प्रकार हिमाशुं गंगवार, शमसाबाद, कायमगंज जिला फरूर्खाबाद पिछले 15 वर्षों से गौ आधारित प्राकृतिक खेती कर देशी गौवंश का संरक्षण संवर्धन प्राकृतिक उत्पादों एवं मूल्यों का संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती के लिए कृषकों को प्रेरित करना एवं इस विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना इनकी मुख्य विशेषता है। इनके द्वारा प्राकृतिक खेती को लेकर नित नवीन प्रयास किये जा रहे है जोकि आने वाले समय में आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त लाभप्रद होगा।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में खेल विभाग भी निभायेगा अपनी भूमिकाः डॉ. नवनीत सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने लखनऊ में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में खेल विभाग भी भूमिका निभायेगा। तीन दिवसीय जीआईएस में स्पोर्ट्स की गतिविधियों पर आधारित एक सत्र होगा, जिसमें क्रोएशिया देश के एक मंत्री द्वारा भाग लिये जाने की संभावना है। इस दौरान खेल क्षेत्र में निवेश के इच्छुक उद्यमियों के साथ एमओयू भी किया जायेगा। इसके साथ ही एक्जीविशन हाल में खेल गतिविधयों की ब्रांडिंग होगी, इसमें वाराणसी में प्रस्तावित इन्टरनेशल क्रिकेट स्टेडियम, मेरठ की स्पोर्ट्स यूनिवसिटी सहित अन्य खेल सुविधाओं का माडल प्रस्तुत किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बुधवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजन के तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लखनऊ में जीआईएस का भव्य आयोजन होगा। जीआईएस में अन्य विभागों के साथ-साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग की भी सहभागिता रहेगी । उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए खेल क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से लगातार सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है। खेल क्षेत्र में देश.विदेश के कई उद्योगपतियों ने निवेश की इच्छा जताई है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जीआईएस में स्पोर्ट्स सेशन के दौरान उत्तर प्रदेश की खेल गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा।

राज्य सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को दिये जा रहे प्रोत्साहन पर प्रस्तुतिकरण होगा। प्रदेश में निवेशक के लिए अनुकूल माहौल का लाभ ग्रामीण स्तर से लेकर शहरों तक खेल सुविधाओं को बढ़ाने में प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी ड्वाइट हावर्ड पहले ही वाराणसी में बास्केटबाल एकेडमी खोलने की इच्छा प्रकट कर चुके है उनके साथ इस दौरान एमओयू किया जायेगा।

# आधार के साथ एक बैंक खाते की सीडिंग जरूरीः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि लाभार्थियों को उनके खाते के नंबर पर नहीं बल्कि आधार नम्बर पर भेजी जायेगी, इसलिये आधार के साथ एक बैंक खाते की सीडिंग बहुत जरूरी है। यह कार्य लाभार्थी को स्वयं करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2.14 करोड़ लैंड सीडेड किसान हैं जिनमें से 1.44 करोड़ किसानों के खाते आधार सीडिंग हो चुकी है। अवशेष लाभार्थियों के खाते को आधार से सीडिंग कराने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। जनपदों के समस्त ग्रामों में आधार सीडिंग के लिए अवशेष किसानों की सूची चस्पा कराते हुये पंचायती राज विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायतों की खुली बैठक सम्पन्न कराकर किसानों को ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग की कार्यवाही के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में ओपेन सोर्स पंजीकृत कृषकों के सत्यापन कार्य में तेजी लाकर आगामी 31 जनवरी तक पूर्ण करायें।

उन्होंने कहा कि लोक शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक एवं प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तहसील दिवस, थाना दिवस, जनसुनवाई पोर्टल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। शिकायतों का निस्तारण कागजी कार्यवाही तक सीमित न रहे।

## मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने में अपना सहयोग देने की जिम्मेदारी निभाएं

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को प्रदेश स्तरीय 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का उदघाटन सूर्यपाल गंगवार जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी लखनऊ द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार मतदान की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम रखा गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के युवा मतदाताओं व नये मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नई ऊर्जा के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना सहयोग देने की जिम्मेदारी को निभाएं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है ऐसे पात्र लोगों को जागरूक कर मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित करें।

# झांसी में उद्योग जगत करेगा एक लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश

● 50 हजार करोड़ से ऊर्जा सेक्टर में ही होगा सबसे बड़ा निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, झांसी

**प्रदेश** में 17 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर चल रही योगी सरकार के लिए बुंदेलखंड के उद्योग जगत ने अपनी तिजोरी खोल दी है। दशकों से पिछड़े क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले बुंदेलखंड में निवेश को लेकर आए प्रस्तावों ने सबको चौंकाते हुए नया कीर्तिमान रच दिया है। यूपी के जिलों में हो रहे स्थानीय स्तर पर इन्वेस्टर्स समिट में झांसी ने अबतक सभी जिलों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

झांसी में बुधवार को आयोजित हुए इन्वेस्टर्स समिट में बताया गया कि अब तक 111610.90 करोड़ रूपये के 146 से अधिक प्रस्ताव सरकार को मिल चुके हैं जिनमें से लगभग 65 हजार करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं। इनमें ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे अधिक का एमओयू हुआ है जो तकरीबन 50 हजार करोड़ रुपए का है। इस समिट में स्थानीय उद्यमियों के साथ ही देश के दूसरे हिस्सों से आये निवेशकों ने भी हिस्सा लिया और अपनी शंकाओं का समाधान किया। झांसी इन्वेस्टर्स समिट में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने निवेशकों को सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं और प्रोत्साहन की जानकारी दी। झांसी जिले में सबसे अधिक निवेशक ऊर्जा क्षेत्र में दिलचस्पी ले रहे हैं। इसके साथ ही पर्यटन, हाऊसिंग, डिफेन्स और एमएसएमई क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई है। झांसी के मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद ने बताया कि जिले में सबसे अधिक निवेश एनर्जी सेक्टर में आ रहा है। इसमें लगभग 50 हजार करोड़ के प्रस्ताव आये हैं। टूरिज्म और हाऊसिंग की कई यूनिट्स यहाँ आ रही हैं। योजनाओं को धरातल पर ले आने से लगभग 58 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। हम योजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास कर रहे हैं। बुंदेलखंड पर केंद्रित योजनाओं में जो छूट है उसके बारे में हम निवेशकों को जानकारी दे रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि झांसी के लिए 65 हजार करोड़ रूपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ कानून-व्यवस्था को लेकर जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं। इसी कारण एमएसएमई और उद्योग की पॉलिसी में लाभ लेने के लिए निवेशक उत्तर प्रदेश में आ रहे हैं और उद्योग लगा रहे हैं। रक्षा के क्षेत्र में जो कल पुर्जे अभी तक बाहर से आते थे वे अब झांसी के डिफेन्स कॉरिडोर में बनेंगे। बुंदेलखंड के लोगों को लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

# केसीसी धारकों को शीघ्रता से दें लोन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को एक निजी होटल में राज्य ऋण संगोष्ठी 2023-24 का आयोजन किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य सचिव डीएस मिश्रा ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत वर्ष 2023.24 के लिए स्टेट फोकस पेपर का लोकार्पण किया।

स्टेट फोकस पेपर उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए कृषि और अन्य संबद्ध गतिविधियों, एमएसएमई और अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऋण के लिए नाबार्ड द्वारा तैयार की गई संभाव्यता युक्त ऋण योजना का समेकित रूप है। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के महत्व पर बल दिया और केसीसी धारकों को शीघ्रतापूर्वक ऋण स्वीकृत करने के लिए बैंकरों को प्रेरित किया। इससे न केवल राज्य के ऋण जमा अनुपात में सुधार होगा बल्कि उत्तर प्रदेश के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बैंक ऋणों की शीघ्र स्वीकृति में नवीनतम बैंकिंग तकनीकों का उपयोग करने पर बल दिया ताकि उत्तर प्रदेश को अगले 5 वर्षों में 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की उत्तर प्रदेश सरकार की आकांक्षाओं को साकार किया जा सके। देवेश चतुर्वेदी अतिरिक्त मुख्य सचिव.कृषि ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य है जहां किसानों को 6फीसद ब्याज.सबवेंशन दिया जाता है। इसलिए सभी हितधारक राज्य में छोटी और विखंडित जोतों के कारण उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए एफपीओ, एसएचजी और जेएलजी को पर्याप्त ऋण दें। बालू केंचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई ने संभाव्यता.युक्त ऋण योजना बनाने के कार्य को समय से पहले पूरा करने के लिए नाबार्ड की सराहना करते हुएए बैंकरों को एनबीएफसी ऐप.आधारित ऋण दाताओं, कृषि.स्टार्टअप जैसी संस्थाओं को अधिक से अधिक ऋण देने के लिए प्रेरित किया। शरद एस चांडक मुख्य महाप्रबंधक एसबीआई ने सभी हितधारकों को अधिक से अधिक किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने और राज्य में अब तक बैंक ऋण के दायरे से बाहर रहे 5 लाख स्वयं सहायता समूहों को ऋण देने हेतु प्रोत्साहित किया।

# भाजयुमो चला रहा बार्डर विलेज टूर अभियान

● 28 जनवरी तक देश के सीमावर्ती गांवों में संपर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** युवा मोर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अवाहन पर 28 जनवरी तक देश के सीमावर्ती गांवों में संपर्क करेगा। भाजयुमो प्रदेश के सात जिलों बहराइच, बलरामपुर, लखीमपुर, महराजगंज, पीलीभीत, श्रावस्ती व सिद्धार्थनगर के सीमावर्ती गांवों में युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता 4 जनवरी से जनजागरण, केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व राष्ट्रवादी विचारों के साथ संपर्क व संवाद कर रहे हैं। यह अभियान 28 जनवरी तक चलेगा।

सीमावर्ती गांवों का तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए, केंद्र सरकार ने वाइब्रेंट विलेज पहल शुरू की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार सीमावर्ती गांवों को कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के साथ आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी। इन गांवों में आवास, पर्यटन केंद्रों का विकास, सड़क निर्माण, दूरदर्शन और शैक्षिक चैनलों के लिए सीधे घर तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

भाजयुमों के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या द्वारा सीमावर्ती गांवो में केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व राष्ट्रवादी विचारों के साथ सतत् सम्पर्क व संवाद कर रहे है। यह अभियान 28 जनवरी तक चलेगा। युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं युवा मोर्चा प्रदेश सहप्रभारी बबिता फोगाट बलरामपुर-बहराइच में युवा मोर्चा बार्डर बिलेज टूर अभियान के अन्तर्गत प्रवास किया। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत 2517.02 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। सीमा अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय की सुविधा के लिए और सीमा परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए, केंद्र सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सीमा अवसंरचना और प्रबंधन बीआईएम की शुरुआत की। 15वें वित्त आयोग के तहत केंद्र सरकार ने बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 13020 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। ये सभी परियोजनाएं और पहलें सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए बेहतर संपर्क सुनिश्चित करेंगी जिससे सुरक्षा बलों को सहायता मिलेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा बलों की सुगम आवाजाही और सीमावर्ती ग्रामीणों के लिए सभी सुविधाओं तक आसान पहुँच सुनिश्चित होगी।

# दर-दर भटक रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की दुल्हन!

**संवाददाता।** सीतापुर

- पति पर पहले से ही विवाहित होने का आरोप, दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप
- थाने से लेकर महिला आयोग तक दौड़ के बाद भी नहीं मिला इंसाफ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का असल उद्देश्य तो गरीब निराश्रित युवक युवतियों को सरकारी संरक्षण एवं खर्च से परिणय सूत्र में बांधने का था, लेकिन कहीं कोटा पूरा करने की बंदिश तो कहीं लापरवाही या मिली भगत ने तमाम जगह पर इस नेक योजना को पलीता लगा दिया। जिम्मेदारों की लापरवाही का एक ऐसा ही मामला सीतापुर जिले के रामपुर कलां थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की लाभार्थी एक विवाहिता ने अपने पति की पूर्व से ही दो पत्नी और होने का आरोप लगाया हैं मामला दहेज प्रताड़ना का है। पीड़िता का आरोप है कि पति के उत्पीड़न से निजात दिलाने के लिए वह थाना, एसपी आफिस से लेकर महिला आयोग तक चक्कर काट-काट कर परेशान हो चुकी है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। थाना रामपुर कलां के ग्राम कंदुनी निवासी आरती गौतम का आरोप है कि बिसवां में करीब दो साल पहले आयोजित हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में उसकी शादी रामपुर कलां थाना क्षेत्र के ही अरविंद पुत्र रामअवतार के साथ हुई थी, जिसके बाद पति के घर में दोबारा शादी कराई गई, जिसमें दहेज भी लिया गया। कुछ समय बाद उसे पता चला कि अरविंद की दो अन्य पत्नियां पहले से हैं। आरोप है कि उसे दहेज के लिए मारा पीटा जाता है, इस प्रताड़ना से बचाने के लिए वह थाने से लेकर महिला आयोग तक फरियाद कर चुकी है, जिसके बाद मुकदमा तो दर्ज हुआ लेकिन कार्रवाई की जगह पर उसे धमकियां मिल रही है।

# खाकी का बढ़ेगा मान, जब गणतंत्र दिवस पर मिलेगा सम्मान!

**संवाददाता।** सीतापुर

- जेल अधीक्षक सहित आधा दर्जन से ज्यादा पुलिस इंस्पेक्टर होंगे सम्मानित
- सराहनीय कार्य व सेवाओं के लिए विभिन्न पदक किए जाएंगे प्रदान
- जेल अधीक्षक को मिलेगा स्वर्ण पदक
- सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र बहादुर सिंह और अखिलेश कुमार सिंह को मिलेगा भारत सरकार का पदक

**जब** खाकी में सजे चौड़े सीने पर गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मेडल सजेगा तो गर्व की अनुभूति का समां कुछ और ही होगा। इस गणतंत्र दिवस पर सीतापुर में जेल और नागरिक पुलिस के करीब 40 अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, इनमें पीआरबी पर तैनात 3 होमगार्ड भी शामिल है। सीतापुर जिले के जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह को डीजी जेल आनंद कुमार द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह पदक उन्हें कारागार में अच्छी सेवाओं के लिए मिलने जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के 6 जेल अधीक्षकों में यह स्थान हासिल किया है। इससे पूर्व वर्ष 2006 में बागपत में तैनाती के दौरान वह रजत पदक, हासिल कर चुके है, साथ ही वर्ष 2021 में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी उन्हें विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया था। इसके अतिरिक्त जेल के आरक्षी चालक लोकेंद्र शर्मा और कल्याण चंद को भी डीजी जेल ने सिल्वर मेडल से सम्मानित किया है। यूपी के पुलिस मुखिया डीएस चौहान ने पहली बार उत्कृषट विवेचना के लिए प्रदेश में तीन प्रभारी निरीक्षकों को सम्मानित किए जाने की व्यवस्था लागू की है। सीतापुर के कमलापुर थाने में तैनात इंस्पेक्टर राजकरन शर्मा ने इसमें दूसरा स्थान प्राप्त किया है, उन्हें 35 हजार रूपए नगद और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा कोतवाली देहात में तैनात सब इंस्पेक्टर धमेंद्र बहादुर सिंह और रेडिया शाखा में सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह तथा आरक्षी रामप्रसाद को भारत सरकार के ग्रह मंत्रालय का उत्कृषट सेवा पदक प्रदान किया जाएगा। सब इंस्पेक्टर मो. रफीक को पुलिस महानिदेशक के उत्कर्षट सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। सीतापुर शहर कोतवाली के इंस्पेक्टर तेज प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर तालगांव संतोष कुमार, इंस्पेक्टर महोली अनूप कुमार शुक्ला, इंस्पेक्टर महमूदाबाद विजयेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष रामपुर कलां जितेंद्र सिंह, निरीक्षक जय प्रकाश यादव, स्वाट सर्विलांस टीम निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी यातायात फरीद अहमद के नाम भी उत्कर्षट कार्य के लिए सम्मानित होने वालों की इस सूची में शामिल है। इसके अतिरिक्त सब इंस्पेक्टर रेडियो हरिप्रकाश सिंह, कंप्यूटर आपरेटर सुमित कुमार शर्मा, किशोर चंद्र पारासर, कुलदीप विमल, शुभम राठौर, नवनीत सिंह, प्रमोद कुमार, महिला आरक्षी तनुजा यादव, आरक्षी नृपेंद्र प्रताप सिंह, परिवार परामर्श कांउसरल रेखा देवी और माण्डवी मिश्रा, थानगांव के आरक्षी धमेंद्र कुमार, साइबर सेल से आरक्षी रोहित कुमार और भूपेंद्र सिंह राणा तथा इसी टीम से मुख्य आरक्षी आनंद कुमार, उमेश मिश्रा और आरक्षी सुमित राघव, रवि वर्मा को भी सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा 112 पीआरवी के मुख्य आरक्षी जगदीश प्रसाद, सब इंस्पेक्टर रामप्रसाद, मुख्य आरक्षी मंसूर अली सिद्दीकी, महिला आरक्षी प्रियंका सागर, सुमन सरोज, माधुरी उपाध्याय, प्रीती यादव, मुख्य आरक्षी चालक ज्ञान चंद, मुख्य आरक्षी विमल कुमार, आरक्षी अजीत कुमार के अलावा होमगार्ड चालक विनोद शुक्ला, होमगार्ड चालक दिनेश कुमार और होमगार्ड चालक वीर सिंह वर्मा को भी पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा गणतंत्र दिवस परेड के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ मना राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी





**बुधवार** को उत्साहए उल्लासए उमंग के साथ खीरी में जिलाए तहसीलए बूथ स्तर पर 13वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं को एपिक मतदाता पहचान पत्र सौगात मिली। बेहतरीन कामकाज वाले 40 बीएलओए आठ सुपरवाइजरए डायटए उच्च शिक्षाए माध्यमिक शिक्षा स्तर पर आयोजित मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मान हुआ।

जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीईओध्डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में 13वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भव्य आयोजन हुआए जिसका शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय सिंह के साथ दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। डायट व कलाकर रामपाल निषाद ने मतदाता जागरूकता गीत गाया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद अधिकारियोंए कर्मचारियोंए नवीन मतदाताओंए स्कूली छात्र छात्राओं एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई। डीएम ने कहा कि हमें मतदान के मूल्यवान अधिकार का हमेशा सम्मान करना चाहिए। मतदान का अधिकार कोई साधारण अधिकार नहीं हैए इसके लिए दुनिया भर के लोगों ने काफी संघर्ष किया है। आजादी के बाद से हमारे संविधान ने बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को समान मतदान का अधिकार दिया है। इसके लिए हम अपने संविधान निर्माताओं के ऋणी हैं। नोडल अधिकारी स्वीप एवं सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी महाविद्यालयए शिक्षण संस्थान कॉलेज एवं स्कूल स्तर पर बनाई गई इलेक्टोरल लिटरेशी क्लबए सभी कार्यालय में स्थापित किए गए वोटर अवेयरनेस फोरम एवं सभी बूथों पर बनाए गए बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को के अनुसार अनुपालन कराया जाए जिससे मतदाता दिवस मनाया जाने हेतु प्रतिवर्ष भारत निर्वाचन आयुक्त के निर्देशों की पूर्ति किया जा सके।

सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2011 से हर साल 25 जनवरी को भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस यानी 25 जनवरी 1950 को पूरे देश में मनाया जाता है।

# सीतापुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर प्रधान संगठन ने दिया ज्ञापन

**संवाददाता।** सीतापुर

- जिला प्रशासन के जरिए प्रधानमंत्री को भेजा है ज्ञापन
- सीएम योगी को 15 दिसंबर 2021 के आश्वासनों की दिलाई याद
- कलेक्ट्रेट में प्रधान संगठन ने दिखाई ताकत

**बाहर** पड़ रही रिमझिम बूंदों के बीच अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले जिला पंचायत के सभागार में जमा हुए ग्राम प्रधान खूब गरजे। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन डीएम प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे एसडीएम मिश्रिख अनिल कुमार को सौंपा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जिले भर से प्रधान धरने में शामिल हुए इस दौरान प्रधानों ने कहा कि अखिल भारतीय प्रधान संगठन द्वारा 28 अक्टूबर 2021 को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में महारैली का आयोजन कर अपनी मांगों को शासन के सामने रखा था।

इस क्रम में 15 दिसंबर 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधान संगठन के प्रतिनिधियों को बुलाकर उनकी मांगें सुनने के बाद कुछ मांगों को पूरी किए जाने का आश्वासन दिया था, इस दौरान संगठन के पूर्वी यूपी अध्यक्ष घनश्याम यादव, संध्या गिरी, मीनू वर्मा, सुंदरलाल तिवारी, सर्वेश मिश्रा, अवधेश कटियार, अतुल कुमार मिश्रा, मानवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, रूद्रप्रताप सिंह, कुनेंद्र यादव, उमेश अवस्थी, राकेश कुमार, मिथिलेश, गोविंद प्रसाद, नरपति, विजय कुमार, देवेंद्र त्रिवेदी, रंजीत, हरीशंकर, देवेंद्र सिंह, उमा यादव, अंजू वर्मा, ब्रजलाल सिंह, बलराम, धमेंद्र, कुंजबिहारी, बाबू लाल यादव, अनिल कुमार, महेश प्रसाद, उत्तम, रोशन लाल, राजेश कुमार मनोहर, अच्छे लाल, अतुल यादव आदि प्रधान व प्रधान प्रतिनिधिगण तथा भाकियू के रामसागर और आरती गौतम आदि मौजूद रहीं।

# पेंशनरों, नियोक्ताओं की समस्याओं का अब खीरी में ही होगा निराकरण: एडीएम

- हर माह की 27 तारीख को होगा निधि आपके निकट कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठनए निजीए संगठितध्असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकोंए कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है। उक्त आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध संजय कुमार सिंह ने दी।

सदस्योंध्पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण करने के लिए निधि आपके निकटए पेंशन अदालतए वेबिनार आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम संगठन द्वारा चलाये जा रहे थे। हालांकिए ये कार्यक्रम अधिकतर उन जिलों तक ही सीमित थे जहां संगठन के कार्यालय स्थित हैं। ईपीएफ़ संगठन द्वारा अपनी सेवाओं का विस्तार करने की मंशा सेए सदस्यों को और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए अब प्रत्येक माह की 27 तारीख को ;अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवसों मेंद्ध ष्निधि आपके निकट डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के रूप में शुरू करने का उच्च स्तर से निर्णय लिया गया है। एडीएम ने बताया कि निर्धारित तिथि को क्षेत्रीय कार्यालयए लखनऊ के परिक्षेत्र में आने वाले जनपद खीरी में कलेक्ट्रेट में स्थित ई.गवर्नेस सेलए कमरा नण् 14 में ष्निधि आपके निकट 2ण्0ष्का आयोजन करेगीए खीरी में निवास करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्योंध्पेंशनरोंए नियोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगी।

# कृषि विभाग एवं लोक भारती के संयुक्त तत्वावधान में हुई प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**कृषि** विभाग एवं लोक भारती के संयुक्त तत्वावधान में मोहम्मदी में प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ उप्र प्राक्कलन समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने विधायक शशांक वर्माए योगेश वर्माए मंजू त्यागी ने किया।उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्वयं भी प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया तथा उपस्थित कृषको से भी प्राकृतिक खेती अपनाने का अनुरोध किया।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने संगोष्ठी की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर बताते हुए प्राकृतिक खेती को अपनाने की बात कही। गोशालाओं पर प्राकृतिक खेती से सम्बंधित जीवामृत एघनजीवामृत आदि तैयार करने हेतु निर्देशित किया। उप्र प्राक्कलन समिति सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देनेए किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए नित नए कदम उठा रही है। प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान अपने लिए न केवल समृद्धि के रास्ते खोल सकता बल्कि यह खेती किसानों के लिए वरदान साबित होगी। मुख्य वक्ता श्रीविजेंद्र पाल सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री लोकभारती ने गन्ने के साथ सहफसलो पर विशेष जानकारी देते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सह.संगठन मंत्रीए लोक भारती गोपाल उपाध्याय ने रासायनिक खेती से मानव स्वास्थ्यएपर्यावरण को हो रहे नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा प्राकृतिक खेती के लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि बीजामृतए जीवामृतए बहमात्रए अग्निमात्र आदि प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग द्वारा प्राकृतिक खेती से गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादों के उत्पादन से देश में आर्थिकए स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होने से ही देश कृषि में आत्मनिर्भर बन सकेगा।

जनप्रतिनिधियों ने भी कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में हुई विभिन्न क्रांतियों की चर्चा करते हुए इंद्रधनुषीय क्रांति एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए टिकाऊ खेती की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।लोकभारती के जंपड सीतापुर के संयोजक कमलेश सिंह ने प्राकृतिक खेती में मल्च के प्रयोग एवम जीवामृत तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी।संगोष्ठी में सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने मोटे अनाज ;मिलेटद्ध से निर्मित खाद्य सामग्री का लुत्फ उठाया। गोष्ठी के आयोजन में मुख्य भूमिका लोक भारती के जनपद संयोजक अतुल रस्तोगी ने निभाई।

# मोहम्मदी के सरैया में 12 दिनों से लगातार अलर्ट मोड पर है स्वास्थ्य विभाग: सीएमओ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

- 5546 घरों का हुआ भ्रमणए 886 बच्चों को लगाए गए टीके, लिए गए 629 सैंपल

**मोहम्मदी** के मोहल्ला सरैया में बच्चों की मृत्यु के मामले में लगातार 12 दिन से स्वास्थ्य विभाग द्वारा समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सभी बच्चों की जांच सहित दवाओं का वितरण किया जा रहा है। साथ ही नगर पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था भी करवाई जा रही है। बच्चों की मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन के क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीमों के द्वारा सरैया में बचाव हेतु टीमें गठित कर कार्यवाही की गई जो निरंतर जारी है। बुधवार तक सर्वे हेतु लगाई गई टीमों की संख्या 134 है। जिनके द्वारा 5546 घरों का भ्रमण किया गया है। टीकाकरण हेतु 94 टीमों के द्वारा कार्य किया गया एवं 886 बच्चों को टीका कृत किया गया। अब तक 629 सैंपल एकत्र किए गए। जिसमें मलेरिया के 335ए डेंगू 271ए चिकनगुनिया 27ए कोविड.19 एंटीजन 315ए कोविड.19 आरटीपीसीआर 345ए मलेरिया हेतु बनाई गई स्लाइड 215 हैं जो कि सभी नेगेटिव हैं। 51 मरीजों के ब्लड सैंपल एकत्र किए गए। केजीएमसी लखनऊ भेजे सैम्पल में से 31 की रिपोर्ट मिल चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्थाओं डब्ल्यूएचओ यूनिसेफ और चाई के साथ ही एपिडेमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी द्वारा पूरे क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर यह पता लगाने की कोशिश की गई है कि आखिर इन मृत्यु के पीछे क्या कारण है। लखनऊ भेजे गए सैंपलों में 4 मरीजों को लैप्टोस्पाइरोसिस का इन्फेक्शन होने की पुष्टि की गई है। मोहम्मदी के वार्ड सरैया में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉण् अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सीएचसी अधीक्षक डॉण् मयंक मिश्रा द्वारा प्लान बनाकर टीकाकरण कार्य एवं दवा वितरण का कार्य निरंतर जारी है। वहां पर नगर इमाम से भी वार्ता कर सभी मस्जिदों से एवं अन्य धार्मिक स्थलों से आग्रह किया गया है कि वह वहां की आम जनता को भी साफसफाई हेतु जागरूक करें एवं सभी छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण भी करवाए। जिला प्रशासन तथा तहसील मोहम्मदी एसडीएम के द्वारा भी उक्त क्षेत्र का भ्रमण किया गया।

# प्रेस क्लब का स्थापना दिवस संपन्न

**संडीला( हरदोई )।** प्रेस क्लब के सात वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम अध्यक्ष समेत अन्य अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब कार्यालय पर वर्तमान अध्यक्ष अमित कुमार मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रेस क्लब के प्रथम अध्यक्ष वसीम अहमद सिद्दीकी ने कहा कि संडीला के पत्रकारों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा पत्रकारिता को गति देने के उद्देश्य से प्रेस क्लब की स्थापना की थी। यह प्रेस क्लब लगातार पत्रकारिता के उच्च मानदंडों को सामने रखते हुए लोकतंत्र की सेवा कर रहा है। उन्होंनें प्रेस क्लब पदाधिकारियों को सफल संचालन के लिए साधुवाद दिया। इसके अलावा प्रेस क्लब अध्यक्ष रहे हरिअमोल सिंह तथा प्रभात अस्थाना के अलावा प्रेस क्लब के संरक्षक अनुराग अस्थाना, उदय प्रताप चौरसिया का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब के संयोजक मुईज सागरी ने कहा कि सभी वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान करना प्रेस क्लब कार्यकारिणी का सराहनीय कदम है।

# सड़क जागरूकता का संदेश लेकर छात्राओं के बीच पहुंचे एआरटीओ, किया जागरूक

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिवए उप्र शासन से प्राप्त निर्देशोंए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शनए निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करनेए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश ?य से जनपद खीरी मे ष्सड़क सुरक्षा माहष् मनाया जा रहा। सड़क सुरक्षा माह पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में नगर के सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में भव्य कार्यक्रम हुआए जिसका शुभारंभ एआरटीओ रमेश चौबेए टीएसआई जेपी यादवए प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई के साथ मां सरस्वती के चित्र का अनावरण एवं दीप जलाकर किया। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं ज्यादातर हमारी गलती से होती हैं।

# छात्राओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

**संडीला ( हरदोई )।** बालिका दिवस के अवसर पर मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बालिका दिवस के उपलक्ष में खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार एवं एचसीएल टीम के सदस्यों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से प्राथमिक विद्यालय जामू से अंजलि आश्वी प्राथमिक विद्यालय गंगाखेड़ा से जानवी, प्राथमिक विद्यालय पटेरा से प्रिया, प्राथमिक विद्यालय जाजमऊ से निधि एवं रिया, प्राथमिक विद्यालय प्रिया शगुन, प्राथमिक विद्यालय से अनुष्का सोनी, प्राथमिक विद्यालय से किरण, पूजा आदि को पुरस्कृत किया गया।

# पेज एक का शेष

## जामिया में...

एससीआरसी लॉन गेट नंबर 8 पर बुधवार शाम छह बजे यह वृत्तचित्र दिखाया जाना था। इसकी भनक लगते ही पुलिस सक्रिय हो गई और कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। एसएफआई की दिल्ली राज्य कमेटी के सचिव प्रीतीश मेनन ने दावा किया कि छात्रों को हिरासत में लिए जाने के खिलाफ छात्र प्रदर्शन करने वाले थे। उसी समय पुलिस ने जामिया परिसर में एकत्र प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और उन्हें थाने ले जाया गया। पुलिस ने पहले चार छात्रों को हिरासत में लेने की पुष्टि की थी। विश्व विद्यालय प्रशासन ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और वे विश्वविद्यालय के शांतिपूर्ण अकादमिक माहौल को तबाह करने के निहित स्वार्थ वाले लोगों तथा संगठनों को रोकने के लिए हरसंभव कदम उठा रहे हैं।

## सुषमा पर...

है, जो वह बोलते हैं, और अंग्रेजी पर उनकी पकड़ मुझसे बेहतर है। पोम्पियो ने जयशंकर के बारे में लिखा है कि वह पेशेवर, तर्कसंगत और अपने बॉस और देश का पूरी ताकत से बचाव करने वाले नेता हैं। हमने उन्हें पहले ही कूटनीतिक भाषण में भांप लिया था। उनके पूर्ववर्ती विशेष रूप से ऐसे नहीं थे। पोम्पिओ ने अपनी किताब में यह भी कहा है कि अमेरिका द्वारा भारत की उपेक्षा दशकों पुरानी द्विदलीय राजनीति की विफलता थी। हम प्राकृतिक सहयोगी हैं, क्योंकि हमारा लोकतांत्रिक इतिहास रहा है। एक आम भाषा और लोगों एवं प्रौद्योगिकी के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं। भारत अमेरिकी बौद्धिक संपदा और उत्पादों के लिए भारी मांग वाला बाजार भी रहा है। इन कारकों के साथ ही दक्षिण एशिया में भारत की रणनीतिक स्थिति चीनी आक्रमण का मुकाबला करने के लिए मेरी कूटनीति का आधार बनाती है। मेरे दिमाग में अमेरिका, भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ से बना समूह चीन के मुकाबले में कम से कम तीन गुना बड़ा होगा।

## मुलायम, कृष्णा...

हर साल मार्च या अप्रैल में राष्ट्रपति भवन में किया जाता है। राष्ट्रपति ने 2023 के लिए 106 पद्म पुरस्कारों के लिए मंजूरी दी है। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं। सात लोगों को मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। पद्म सम्मान देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं और यह तीन श्रेणियों- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं।

## जी20 ग्लोबल...

एक गंभीर दुविधा है कि अधिक से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए आर्थिक विकास जरूरी है और इस विकास के लिए जीवाश्म ईंधन का प्रयोग भी करना पड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों को नीतिगत प्रोत्साहन देकर इस दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। हालांकि वैश्विक स्तर पर विकसित देशों द्वारा प्रद्योगिकी हस्तांतरण और वित्तीय सहायता के जरिए उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को सहायता प्रदान करने की जरूरत है। स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, अगर हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे इस धरती पर सुखमय जीवन बिताएं तो हमें अपनी जीवन शैली को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में सुझाए गए परिवर्तनों में से एक बदलाव भोजन से संबंधित है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि संयुक्त राष्ट्र ने भारत के सुझाव को स्वीकार किया है और वर्ष 2030 को मोटे अनाज आज का अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है। उन्होंने कहा कि बाजरा जैसे मोटे अनाज हमारे आहार के मुख्य तत्व हुआ करते थे और समाज का सभी वर्ग उन्हें फिर से पसंद करने लगे हैं। मुर्मू ने कहा कि ऐसे अनाज पर्यावरण अनुकूल हैं क्योंकि उनकी उपज कम पानी में ही हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह अनाज उच्च स्तर पर पोषण भी प्रदान करते हैं और यदि अधिक से अधिक लोग मोटे अनाज को भोजन में शामिल करेंगे तो पर्यावरण संरक्षण में सहायता होगी और लोगों के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।

## आशीष मिश्रा...

ने कहा कि आशीष निचली अदालत को अपना पासपोर्ट सौंपेगा और केवल निचली अदालत की सुनवाई में शामिल होने के लिए ही उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा। न्यायालय ने कहा कि आशीष उसकी रिहाई से एक सप्ताह के भीतर निचली अदालत एवं संबंधित पुलिस थाने को यह बताएगा कि वह अंतरिम जमानत की अवधि में किस स्थान पर रहेगा। पीठ ने कहा कि वह सप्ताह में एक बार उस पुलिस थाने में अपनी हाजिरी लगाएगा, जिसके अधिकार क्षेत्र में अंतरिम जमानत की अवधि के समय उसका निवास स्थान आएगा। उसने कहा कि किसानों को कथित रूप से कुचलने वाली एसयूवी में सवार तीन लोगों की हत्या के एक अन्य मामले के चार आरोपियों को भी निचली अदालत की संतुष्टि के अनुसार मुचलका जमा करने पर अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए। पीठ ने कहा कि घटना के संबंध में अलग-अलग घटनाक्रम बताने वाली दो अलग-अलग प्राथमिकी हैं और दुर्भाग्यपूर्ण भयावह घटना में हमलावर या जिम्मेदार कौन हैं, इस सवाल का पता सुनवाई पूरी होने के बाद ही लगाया जा सकेगा। उसने निचली अदालत को सुरक्षा प्राप्त गवाहों की गवाही को प्राथमिकता देने और उसके बाद अन्य अहम गवाहों के बयान दर्ज करने का निर्देश दिया। पीठ ने निर्देश दिया कि आरोपी और उनके वकील मुकदमे की कार्यवाही के दौरान निचली अदालत को पूरा सहयोग देंगे। उसने निचली अदालत को भी यह निर्देश दिया कि वह प्रत्एक तारीख पर पेश किए गवाहों के विवरण के साथ शीर्ष अदालत को प्रगति रिपोर्ट भेजे। पीठ ने और निर्देशों के लिए मामले को 14 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया है। लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का किसानों द्वारा विरोध किए जाने के दौरान तीन अक्टूबर, 2021 को हुई हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, एक एसयूवी ने चार किसानों को कुचल दिया था और इस एसयूवी में आशीष बैठा था। इस घटना के बाद एसयूवी के चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं को गुस्साए किसानों ने कथित रूप से पीट-पीट कर मार डाला था। हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ ने पिछले साल 26 जुलाई को आशीष मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उसने इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

## अब स्थानीय...

हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय के फैसले ई-एससीआर परियोजना के अलावा शीर्ष अदालत की वेबसाइट, उसके मोबाइल ऐप और राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजे) के निर्णय पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। शीर्ष अदालत ने दो जनवरी को इलेक्ट्रॉनिक सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट्स (ई-एससीआर) परियोजना शुरू करने की घोषणा की थी, ताकि वकीलों, कानून के छात्रों और आम जनता को इसके लगभग 34,000 निर्णयों तक मुफ्त पहुंच प्रदान की जा सके।

## पठान का...

पर्दे पर पहली बार नजर आईं। वहीं मध्यांतर के बाद सलमान खान की एंट्री ने लोगों का दिल जीता और सिनेमाघर तालियों और सीटियों के शोर से गूंज उठा। शाहरुख की जासूसी-थ्रिलर फिल्म देखने के लिए दक्षिण दिल्ली के मॉल में जुटे सैकड़ों लोगों में से एक उत्साही युवा महिला ने कहा कि वह जनवरी की ठंड में नींद का बलिदान देकर केवल शाहरुख के लिए पहला शो देखने आई हैं। फिल्म देखने पहुंचे वसीम ने कहा कि मैं कभी सुबह सात बजे कोई फिल्म देखने नहीं आया। चार साल बाद आई शाहरुख खान की फिल्म देखने का मौका मैं नहीं खोना चाहता। अपराजिता ने कहा, मैं शाहरुख खान के लिए यहां आई हूं। मैं उन्हें बड़े पर्दे पर देखने को बेताब थी और उन्होंने निराश नहीं किया। जहां एडवांस बुकिंग को लेकर भी फिल्म खबरों में रही। वहीं पठान के मंगलवार तक 4.19 लाख टिकट बिक गए थे। विशेषज्ञों ने इसके पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई करने का अनुमान लगाया है। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, ग्वालियर में पठान के रिलीज होने के दिन बुधवार को इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके कारण इंदौर और भोपाल के कुछ सिनेमाघरों में सुबह के शो रद्द किए गए। भोपाल में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रंग महल सिनेमाघर में धरना दिया और फिल्म का पोस्टर हटाने के लिए मजबूर किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने पोस्टर भी फाड़े। इंदौर में सपना-संगीता सिनेमाघर में जुटे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने फिल्म के विरोध में भगवा झंडे फहराए और हनुमान चालीसा का पाठ किया। ग्वालियर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल मॉल स्थित मल्टीप्लेक्स के बाहर धरना दिया और सड़क जाम कर दिया। आगरा में शाहरुख खान की नई फिल्म पठान का विरोध कर रहे दक्षिणपंथी संगठन हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को आगरा में फिल्म के पोस्टरों पर स्याही फेंकी और उसे फाड़े थे।

# चित्रकूट के पर्यटन विकास को नई उड़ान देगा टेबल टॉप एयरपोर्ट

**रतन पटेल।** चित्रकूट






**आदि तीर्थ** के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट की देवांगना पहाड़ी के ऊपर 1132 करोड़ की लागत से देश का सबसे खूबसूरत 'टेबल टॉप' एयरपोर्ट बनकर तैयार हो चुका है। सरकार के इस ड्रीम प्रॉजेक्ट के शुरू होते ही चित्रकूट के पर्यटन विकास को नई उड़ान मिलेगी। सूबे की योगी सरकार जल्द ही 19 सीटर विमानों की उड़ान शुरू कर चित्रकूट को हवाई सेवा की सौगात देगी। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच विंध्य पर्वत श्रृंखला में स्थित विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट का धार्मिक, आध्यात्मिक और पौराणिक दृष्टिकोण से समूची दुनिया में विशेष महत्व है।

इसी पावन धारा पर भगवान श्रीराम ने वनवास काल का सर्वाधिक साढ़े 11 साल का समय व्यतीत किया था। प्रभु श्रीराम ने चित्रकूट गिरि को कामदगिरि (मनोकामनाओं के पूरक) होने का वरदान दिया था। तभी से लाखों-करोड़ों श्रद्धालु चित्रकूट आकर मां मन्दाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामदगिरि पर्वत की पंच कोसीय परिक्रम करते हैं। भगवान राम से जुड़ा प्रमुख तीर्थ होने की वजह से केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार का मुख्य फोकस चित्रकूट के पर्यटन विकास पर है।

देश के प्रमुख महानगरों से कनेक्टविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने 147 करोड़ की लागत से हरे भरे जंगलों के बीच देवांगना पहाड़ी पर टेबल टॉप एयरपोर्ट का निर्माण कराया है। लगभग 260 एकड़ भूमि पर बन रहे चित्रकूट एयरपोर्ट पर 1475 मीटर लम्बा और 23 मीटर चौड़ा रनवे बनाया जा रहा है।

● देवांगना की खूबसूरत पहाड़ी पर बन कर तैयार है देश का सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट

### दो महीने के अंदर पर्यटकों को मिलने लगेगी चित्रकूट से हवाई सेवाएं

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

चित्रकूट के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि भारतीय विमानन प्राधिकरण और राइट्स कम्पनी की ओर से संयुक्त रूप से चित्रकूट की देवांगना पहाड़ी पर देश के सबसे सुंदर 'टेबल टॉप' एयरपोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस एयरपोर्ट के चालू होने के बाद चित्रकूट के पर्यटन विकास को नए पंख लगेंगे। चित्रकूट देश के प्रमुख महानगरों से सड़क, रेल के बाद अब वायु मार्ग से भी जुड़ जाएगा।

उन्होंने बताया कि दो पहाड़ियों को जोड़कर बनाए जा रहे इस एयरपोर्ट में अब तक रनवे के विस्तारीकरण, टर्मिनल और एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन और कार पार्किंग का निर्माण कार्य 90 फीसदी पूरा हो चुका है। इस एयरपोर्ट में 350 सीटर विमान बड़ी आसानी से आ-जा सकेंगे। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती करीब एक दर्जन से अधिक जिलों के लोग इस एयरपोर्ट से लाभान्वित होंगे।

### पौराणिक तीर्थ है चित्रकूट

धर्म नगरी के प्रमुख संत एवं भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास महाराज एवं मत्गजेंद्र नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन महाराज बताते है कि चित्रकूट से बड़ा विश्व में कोई दूसरा तीर्थ नहीं है। चित्रकूट में ही भगवान ब्रम्हा ने सृष्टि का प्रथम यज्ञ कर मत्गयेन्द्र नाथ से प्रथम शिव लिंग की स्थापना की थी।

इसके अलावा वनवास काल में भगवान श्रीराम ने सर्वाधिक साढ़े 11 वर्ष चित्रकूट की पावन धरा पर व्यतीत किया था। इसीलिए प्रतिमाह लाखों श्रद्धालु चित्रकूट की मन्दाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाते हैं।

### 19 सीटर विमानों की जल्द होगी शुरुआत-सांसद

**बांदा।** चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बताया कि मोदी और योगी सरकार चित्रकूट के पर्यटन विकास को संकल्पित है। बताया कि रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम अन्तर्गत यूपी के आठ शहरों के लिए जल्द ही सस्ती उड़ानें शुरू होंगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसके लिए गुरुग्राम की विमानन कंपनी को लाइसेंस दिया है। अब उड़ानों का शेड्यूल जारी होगा। कंपनी 19 सीटर विमान उड़ाएगी। केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के अन्तर्गत इनका किराया आम आदमी को ध्यान में रखकर तय होगा। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के महाप्रबंधक अतुल्य अग्रवाल के मुताबिक एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से कंपनी को भेजे स्वीकृति-पत्र अनुसार लखनऊ, प्रयागराज, आजमगढ़, चित्रकूट, वाराणसी, म्यूरपुर कोरबा, मुरादाबाद, श्रावस्ती के बीच उड़ानें शुरू होंगी। गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से एक उड़ान बठिंडा की होगी। कुल 15 नियमित उड़ानें छोटे-बड़े शहरों के बीच सम्पर्क का जरिया बनेंगी। आरसीएस योजना के अन्तर्गत छोटे शहरों को विमान सेवाओं से जोड़ने का लक्ष्य है।

**इन शहरों के बीच उड़ानें**

- चित्रकूट से प्रयागराज, प्रयागराज चित्रकूट
- चित्रकूट से वाराणसी, वाराणसी से चित्रकूट
- चित्रकूट से लखनऊ, लखनऊ से चित्रकूट
- चित्रकूट से कानपुर, कानपुर से चित्रकूट

## क्विक न्यूज

### डीएम ने लेखपाल को प्रशिस्त पत्र देकर किया सम्मानित

**घाटमपुर।** तहसील में तैनात लेखपाल राजेश कुमार को बुधवार दोपहर कानपुर स्थित सभागार कक्ष में कानपुर जिलाधिकारी विशाख की अय्यर ने प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया है। घाटमपुर तहसील में तैनात लेखपाल राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने 218 घाटमपुर विधानसभा में निर्वाचन सुपरवाइजर के पद रूप में मन लगाकर तत्पर्यता से काम किया था। जिसके चलते राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तहत जिलाधिकारी ने उन्हें प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्होंने घाटमपुर में निर्वाचन सुपरवाइजर के पद पर रहकर घाटमपुर तहसील क्षेत्र में गांव गांव वोटर लिस्ट का सर्वे कर रही ठण्सण्वण् ;बूथ लेबल अधिकारीद्ध की निगरानी रखना साथ ही उन्हें काम करने में कोई दिक्कत आ रही है तो उनकी मदद करना ए जिसके बाद बूथ लेबल अधिकारियों की वर्किंग रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजना। यह जिम्मेदारी का काम घाटमपुर में लेखपाल राजेश कुमार ने किया था। मामले में कानपुर जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि घाटमपुर में सुपरवाइजर के पद पर लेखापाल राजेश कुमार ने अच्छा काम किया हैए जिसके चलते उन्हें प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### पांच मीटरों में प्रतिरोधक लगा बिजली चोरी पकड़ी गई

**जालौन (उरई)।** मीटर में अतिरिक्त प्रतिरोधक लगाकर बिजली चोरी कर रहे पांच लोगों समेत एक व्यक्ति द्वारा अतिरिक्त केबिल डालकर बिजली की चोरी किए जाने पर बिजली विभाग प्राथमिकी दर्ज करा रहा है। परीक्षणशाला उरई के सहायक अभियंता अनुपम सचान एवं विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर में संदिग्ध मीटरों की चेकिंग की गई। जिसमें सात मीटरों की जांच की गई। जिनमें पांच मीटर में अतिरिक्त प्रतिरोधक लगाकर बिजली चोरी होती हुई मिली। बिजली विभाग की टीम को मकबूल काशीनाथ, लाल सिंह दबगरान, विनोद कुमार मुरली मनोहर, वंशीधर चिमनदुबे, राजकुमार चिमनदुबे के यहां मीटर में अतिरिक्त प्रतिरोधक लगाकर बिजली चोरी होती हुई मिली। वहीं, राहुल निवासी काशीनाथ के सर्विस केबिल के अतिरिक्त केबिल डालकर बिजली चोरी कर रहे है। टीम ने बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। निरीक्षण टीम में प्रवर्तन दल प्रभारी अरविंद तिवारी, अवर अभियंता प्रवर्तन दल अजीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता मीटर अनुपम सचान, शिवम साहू, जेई पी राम, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, राहुल साहू आदि मौजूद रहे।

# गौशालाओं की बदहाली देख दंग रह गए कमिश्नर



### डीएम से रिपोर्ट मांगी कार्रवाई के दिए निर्देश

**आलोक निगम।** बाँदा

**चित्रकूटधाम** मंडल बाँदा के आयुक्त आर पी सिंह ने पायनियर की खबरों को संज्ञान में लेते हुए आज अचानक डीजीए के संग गौशाला पहुंच गए। वह गोवंश की दुर्दशा देखकर स्तब्ध रह गए। आयुक्त आर पी सिंह ने पुलिस उपमहानिरीक्षक के साथ ग्राम पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गौशाला सियार पाखा, ग्राम पंचायत गुढा तहसील नरैनी का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी बांदा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का उपरोक्त के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अवलोकन के समय खण्ड विकास अधिकारीए प्रधान ग्राम पंचायतए पशु अधिकारी चिकित्सा और अन्य विषयगत कर्मचारी वन्यजीवों में मिले। यह गौशाला ग्राम पंचायत द्वारा संचालित की जा रही है जिसमें 230 गौवंश संरक्षित हैं। गौवंशों के भोजन बनी चरही को देखने से हुआ कि इसकी कभी सफाई नह्न ??ीं की जाती। चरही तो गंदी थी ही साथ.ही.साथ आस . पास और पूरा परिसर बहुत गन्दा था जिससे यह स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत के संबंधित अधिकारियों और गौशाला के केयर टेकर द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने देखा कि कैसे प्रतिदीन गोवंश मर रहा हैए प्रशासकीय अधिकारी असत्य बोल रहेए आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री आर पी सिंह एवं विपिन कुमार पुलिस उपमहानिरीक्षकए चित्रकूटधाम परिक्षेत्रए बांदा के साथ ग्राम पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गौशाला सियार पाखाए ग्राम पंचायत गुढा तहसील नरैनी का अवलोकन किया गया। यह गौशाला ग्राम पंचायत द्वारा संचालित की जा रही है जिसमें 230 गौवंश संरक्षित हैं। गौवंशों के भोजन बनी चरही को देखने से हुआ कि इसकी कभी सफाई नहीं की जाती। चरही तो गंदी थी ही साथ.ही.साथ आस . पास और पूरा परिसर बहुत गन्दा था जिससे यह स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत के संबंधित अधिकारियों और गौशाला के केयर टेकर द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा ह्ै। गौवंशों को केवल पयार खिलने के करण उनकी भूख से मौते हो रही ह। इसीक्रम में ग्राम पंचायत द्वारा संचालित उक्त कान्हा गौशाला सियार पाखाए ग्राम पंचायत गुढ़ाकलॉ तहसील नरैनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारीए प्रधान ग्राम पंचायतए पशु चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य अधीनस्थ स्टाफमौके पर मिला। चरही तो गंदी थी ही साथ.ही.साथ आस . पास और पूरा परिसर बहुत गन्दा था इस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित खण्ड विकास अधिकारीए सचिव एवं पशु चिकित्साधिकारी से यह पूंछने पर कि उनके द्वारा कितने दिन में भ्रमण किया जाता है तो बताया गया कि 07 दिवस में एक बार किया जाता है। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उन्हें जब भी बुलाया जाता हैए वह तत्काल आते हैं। मृत गौवंशों के सम्बन्ध में पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी करने पर बताया गया कि दो.तीन माह में लगभग 30 गौवंशों की स्वाभाविक मृत्यु हुई है। उन्होंने गौवंशों से सम्बन्धित पंजिका का अवलोकन किया। स्पष्ट हुआ कि 1 नवम्बर से अब तक 32 गौवंशों की मृत्यु हुई हैए किन्तु यह कहीं अंकित नहीं किया गय। उन्होंने अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी का उपरोक्त के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मताधिकार का करें प्रयोग: श्रुति

**संवाददाता।** फतेहपुर

**13वां** राष्ट्रीय मतदाता दिवस भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में मनाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रुति ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही मतदाता जागरूकता संम्बंधी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया।

डीएम ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हमारे देश का है। लोकतंत्र में प्रतिनिधि चुनने का पूर्ण अधिकार जनता को है। बिना किसी प्रलोभन के निडर, निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान दें। एसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मतदान करने का अधिकार हम सभी को प्राप्त है। यह सौभाग्य की बात है कि एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए मतदान अवश्य करें और जागरूक भी करें। डीएम ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके शिवम सिंह एवं कु अर्चना देवी को मतदाता पहचान पत्र दिए। उन्होंने शासन द्वारा नामित मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप आईकॉन डॉ.अनुराग श्रीवास्तव एवं नित्या त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया।

● 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएम ने दिलाई शपथ

● छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

डीएम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं नागरिको को मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। संचालन अनुराग मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सीडीओ सूरज पटेल, एडीएम (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, एसडीएम सदर नन्द प्रकाश मौर्य, पीडी डीआरडीए एमपी चौबे, जिला विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार कुशवाहा सहित अनेक अधिकारी, शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें अपने मताधिकार का प्रयोग : अभिषेक आनंद



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सीआईसी मैदान पर बने भारत के नक्शे के हर प्रांत में खड़े बच्चों को मतदाता जागरूकता के संबंध में शपथ दिलाई। इसके पहले जिलाधिकारी ने भारत के प्रांतों का अवलोकन किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में जिन छात्र-छात्राओं युवकों युवतियों की उम्र 18 साल पूरी हो गई वह सभी फार्म 6 भरकर मतदाता बनें और जो भी मतदाता हैं वे सभी आगामी सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करके जागरूक मतदाता होने का गौरव प्राप्त करें । लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक सरकार के गठन में मतदाताओं की भूमिका सराहनीय रहती है।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किया जागरूक




**मौदहा (हमीरपुर)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर नगर के तहसील भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर उप जिलाधिकारी समेत अन्य वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नगर के तहसील भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष तथा धर्म जाति से हटकर बिना किसी प्रलोभन के देश हित के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में अवश्य होने चाहिए। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के 18 वर्ष पूर्ण होते ही वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य अंकित कराएं और मतदान के दिन बिना किसी भय व प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग देश हित में अवश्य करें।

इस मौके पर क्षेत्र के आला अधिकारियों समेत अधिवक्तागण व अन्य लोग मौजूद रहे।

# रामचरित मानस पर एक और सपा नेता ने दिया विवादित बयान

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश में हिंदू धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को लेकर इस समय सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर जहां एक तरफ घमासान मचा हुआ है वहीं अब एक और सपा नेता व पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति ने भी रामचरित मानस को लेकर विवादित बयान दिया है। बृजेश प्रजापति ने कहा कि रामचरित मानस में कुछ आपत्तिजनक पंक्तियां हैं, उन्हें सरकार हटा दे या फिर रामचरित मानस को ही बैन कर दिया जाय। प्रजापति ने कहा कि रामचरित मानस की कुछ चौपाइयों से आदिवासी, दलित , पिछड़े समाज और महिलाओं को ठेस पहुंचती है। यदि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार ध्यान नहीं देती तो समाजवादी पार्टी व्यापक पैमाने पर पूरे देश में आंदोलन खड़ा कर देगी, जरुरत पड़ी तो पार्टी, माननीय सर्वोच्च्य न्यायालय जायेगी, और हर हाल में रामचरित मानस को बैन करा देगी या फिर उन आपत्तिजनक चौपाई हटाने का प्रयास कराएगी।

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**13वें** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा इको पार्क सामुदायिक भवन माती में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी नेहा जैन ने विभिन्न विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं, नये युवा एवं बुजुर्गों मतदाताओं को मतदाता जागरूकता के संबंध में शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं मतदाता बैच भी भेंट किया। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राओं को भी लोकतंत्र के बारे में जानकारी होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में जिन छात्र-छात्राओं, युवकों, युवतियों की उम्र 18 साल पूरी हो गई, वे सभी फार्म 6 भरकर मतदाता बनें और जो भी मतदाता हैं वे सभी आगामी सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करके जागरूक मतदाता होने का गौरव प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक सरकार के गठन में मतदाताओं की भूमिका सराहनीय रहती है। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं द्वारा स्लोगन, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

● जिलाधिकारी ने नए बुजुर्ग मतदाताओं को माला पहना कर किया सम्मानित, वितरित किए मतदाता पहचान पत्र

जिलाधिकारी ने सभी को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए सभी को वोटर बनने और मतदान करने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नए मतदाता एवं पुराने बुजुर्ग मतदाताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया एवं उन्हें मतदाता पहचान पत्र भी वितरित किया। इसके पश्चात नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से विभिन्न युवा मंडल को खेल किट वितरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपने संविधान के संबंध में तथा एक जागरूक मतदाता होने के दायित्व को समझाया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ गुप्त, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, तहसीलदार अकबरपुर, आदि अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**13वें** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज दिनांक 25 जनवरी 2023 को फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पमाला अर्पित करते हुए किया गया ।

सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई । प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों, निर्णायक एवं सहयोगी अध्यापकों तथा विगत चुनाव में श्रेष्ठ कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों के सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में संजीव कटियार, प्रदीप यादव ,प्रदीप यादव, राजकुमार , अर्पण शाक्य, जितेंद्र सिंह, सर्वेश शाक्य , सरिता त्रिवेदी आदि रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विगत चुनाव में स्वीप टीम के द्वारा श्रेष्ठ कार्य किया गया तथा पूरे जनपद के बूथों पर सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारियों के सक्रिय सहयोग से मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा मतदान का प्रतिशत बढ़ाया है। आगे आने वाले चुनाव में और अधिक सक्रियता से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । जिलाधिकारी ने कहा कि आज के इस अवसर पर निश्चित रूप से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे।

आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में सभी मतदाता अपने-अपने बूथों पर शत - प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करते हुए जनपद को अग्रणी बनाने का प्रयास करेंगे । तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सभी को मतदाता शपथ ग्रहण कराई गई । अंत में उप जिला निर्वाचन अधिकारी - अपर जिलाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया । कार्यक्रम का संचालन स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी- स्वीप नोडल अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी-् अपर जिलाधिकारी, प्रधानाचार्य महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद , प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र पाल, विद्यालय निरीक्षक महेश चंद्र पाल, स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा उपस्थित रहे।

# भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ का हुआ पूजन



**फतेहपुर।** श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्री रामकृष्ण साई मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर प्रयागराज से पधारे पूज्य पाद संत सच्चा बाबा के कृपापात्र राघव जी महाराज द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। भागवत कथा के चतुर्थ दिवस के सवर्प्रथम डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी वर्षा श्रीवास्तव के साथ व्यास पीठ का पूजन किया। कथा व्यास ने गुरु के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। गुरु निधि भव निधि तरिय न कोई, जो विरंचि शंकर सम होई। गुरु के बिना इस भव सागर से पार नहीं किया जा सकता है। चाहे भगवान शंकर क्यों न हो। उन्होंने हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रहलाद के चरित्र के बारे में विस्तार से चर्चा की। जो प्रभु के प्रति अनुराग के कारण अपने पिता की बात न मानकर प्रभु गुणनुवाद में मगन रहा। तमाम प्रतारणाओं, पहाड़ों से फिंकवाने, बुआ होलिका द्वारा आग में जलवाने के बावजूद वह ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते हुए बचता रहा। अंत ने स्वयं भगवान नरसिंह अवतार के रूप में आकर हिरण्यकश्यप का वध करके प्रहलाद को दर्शन दिए। भगवान के विभिन्न अवतारों के प्रश्नों के बारे भी बृहद चर्चा की। श्री रामचरितमानस की चौपाइयों का गान करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम और जानकी के विवाह का वर्णन सुनाया।

# पशु चिकित्साधिकारी गौवंशों की टैगिंग करने में बरत रहे लापरवाही

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**पशु** चिकित्सा अधिकारी कुठौंद की खाऊ कमाऊ नीति के चलते गौशालाओं का संचालन बेहतर रूप से नहीं चल पा रहा है। पिछले कार्यकाल में भी विवादों से इन साहब का चोली दामन का साथ रहा है। दो-दो स्थानों का प्रभार होने की वजह से यह अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं। यदि जमीनी हकीकत देखनी है तो किसी भी गौशाला में जाकर गोवंश के सापेक्ष टैगिंग चेक कर दूध का दूध पानी का पानी किया जा सकता है।

विवरण के अनुसार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कुठौंद डॉ. संतोष राजपाल के पास गोहन के अतिरिक्त कुठौंद का भी चार्ज है। दिलचस्प बात यह है कि यह मूल तैनाती स्थल पर 1 सप्ताह में 10 या 05 मिनट के लिए ही जाते हैं। शेष समय कुठौंद में व्यतीत कर प्रधान व सचिवों से सांठगांठ की फिराक में रहते हैं। प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर पशुधन मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन तक गौशालाओं के बेहतर इंतजामातों को लेकर खंड विकास अधिकारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारियों को लगातार निर्देश देते रहे हैं। परंतु जमीनी हकीकत में धरती आसमान का अंतर रहता है।

मीडिया की पड़ताल में यह मामला प्रकाश में आया कि विकास खण्ड कुठौंद में संचालित सभी 30 गौशालाओं में निरंतर कोई न कोई गोवंशज बीमार रहता है। परंतु सूचना देने के बावजूद भी उनका समुचित उपचार नहीं किया जाता। जिसका दुष्परिणाम कि कराह-कराह कर बेजुबान गोवंश असमय ही काल के गाल में समा जाते हैं। प्राय: देखा जाता है कि 2 दिन से हो रही रिमझिम बरसात से गौशालाओं में बचाव के इंतजामात तक नहीं हो सके हैं। अलबत्ता गायें ठंड से कराह गई हैं। बताया गया है कि पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा कभी भी ससमय गोवंशजों का इलाज नहीं किया जाता है। बताया जाता है कि विवादों से पशु चिकित्सा अधिकारी का पुराना नाता रहा है। गौशालाओं में गोवंश की स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती है। सूत्रों द्वारा बताया गया है कि यदि कोई पशु पालक पशु चिकित्सालय में उपचारार्थ आता है तो उसे दवा सरकारी तथा पैसे प्राइवेट रूप से लिए जाते हैं। जिसके चलते पशुपालकों में रोष बढ़ता जा रहा है।

## दक्षिण कोरिया और जापान के बीच समुद्र में एक जहाज डूबा

# बचाए गए लोगों में नौ अब भी बेहोश

**एजेंसी।** सियोल



**दक्षिण** कोरिया और जापान के बीच समुद्र में बुधवार तड़के एक मालवाहक पोत डूब गया, जिसमें सवार चालक दल के 22 सदस्यों में से 14 को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बचाए गए 14 लोगों में से नौ अब भी बेहोश हैं। हालांकि हादसे में किसी के जान गंवाने की तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि चालक दल के सदस्यों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से जापान ले जाया जाएगा। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कोरिया और जापान के तटरक्षक, जहाज, विमान और दो वाणिज्यिक मालवाहक पोत चालक दल के आठ लापता सदस्यों की तलाश में जुटे हैं। तेज हवाओं और उंची लहरों के कारण सभी प्रयास प्रभावित हो रहे हैं। जापानी तटरक्षक ने 13 लोगों को बचाए जाने की पुष्टि की जिनमें से पांच चीन के नागरिक हैं। जापानी तटरक्षक के प्रवक्ता शिन्या किताहारा ने बताया कि 6,551 टन के जिन तियान जहाज से मंगलवार रात करीब सवा 11 बजे मदद के लिए फोन आया था, जिसके करीब साढ़े तीन घंटे बाद वह डूब गया। यह जहाज हांगकांग में पंजीकृत था जो दक्षिण कोरियाई द्वीप जेजू के समुद्र में डूब गया। जेजू द्वीप के तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि जहाज के कैप्टन ने मंगलवार देर रात दो बजकर 41 मिनट पर आखिरी बार तटरक्षक से संपर्क किया था और बताया था कि चालक दल के सदस्य जहाज छोड़ रहे हैं। जेजू के तटरक्षक के अनुसार, चालक दल के छह सदस्यों को दक्षिण कोरियाई तटरक्षक जहाजों ने बचाया, जबकि एक मालवाहक जहाज ने पांच लोगों को और जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल के जहाज ने तीन लोगों को बचाया। दक्षिण कोरिया और जापानी अधिकारियों के अनुसार, इस पर सवार चालक दल के सदस्यों में से 14 चीन के और आठ म्यांमा के नागरिक हैं। समुद्री परिवहन वेबसाइटों के अनुसार, पोत मलेशिया के पोर्ट क्लैंग से तीन दिसंबर को रवाना हुआ था और दक्षिण कोरिया के इंचियोन बंदरगाह की ओर जा रहा था।

## जर्मनी में ट्रेन में एक व्यक्ति ने कई यात्रियों को चाकू घोंपा, दो की मौत

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मनी में बुधवार को एक व्यक्ति ने ट्रेन में कई लोगों को चाकू मारकर घायल कर दिया। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने बताया कि पीड़ितों में से दो की मौत हो गई। पुलिस ने हमलावर को हिरासत में ले लिया है। जर्मनी की संघीय पुलिस बल ने कहा कि कील से हैम्बर्ग जाने वाली क्षेत्रीय ट्रेन के ब्रोकस्टेड स्टेशन पर पहुंचने से कुछ ही देर पहले व्यक्ति ने चाकू से कई यात्रियों पर हमला किया। पुलिस एजेंसी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सात लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। डीपीए ने बाद में श्लेस्विग-होल्स्टीन राज्य के गृह मंत्री सबाइन सूटरलिन-वाक के हवाले से कहा कि हमले में दो लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। हमला स्थानीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे हुआ।समाचार एजेंसी ने कहा कि ब्रोकस्टेड में ट्रेन स्टेशन कई घंटों तक बंद रहा।

# क्रिस हिपकिंस ने ली न्यूजीलैंड के 41वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ

**एजेंसी।** वेलिंगटन



**क्रिस** हिपकिंस ने जेसिंडा अर्डर्न के पिछले सप्ताह अचानक इस्तीफा देने के बाद न्यूजीलैंड के 41वें प्रधानमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ग्रहण की। हिपकिंस (44) ने अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने का वादा किया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद हिपकिंस नौ महीने से भी कम समय तक पद संभालेंगे। अक्टूबर में देश में आम चुनाव होगा। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों के अनुसार, लेबर पार्टी की स्थिति मुख्य प्रतिद्वंद्वी नेशनल पार्टी से बेहतर है। न्यूजीलैंड की गवर्नर-जनरल सिंडी किरो ने अर्डर्न के इस्तीफे को स्वीकार करने के बाद हिपकिंस को शपथ ग्रहण कराई। हिपकिंस ने शपथ ग्रहण समारोह में कहा, यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य और सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, मैं भावी चुनौतियों को लेकर उत्सुक एवं ऊर्जावान हूं। कामल सपुलानो ने उप प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। देश में पहली बार प्रशांत द्वीप से नाता रखने वाले किसी व्यक्ति को इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सेपुलोनी ने हिपकिंस को बधाई दी और उन पर भरोसा जताने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। चिप्पी नाम से लोकप्रिय हिपकिंस ने अर्डर्न के नेतृत्व में शिक्षा तथा पुलिस से जुड़े मामलों के मंत्री के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं। हिपकिंस कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान इस संकट के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाकर लोगों की नजरों में आए थे, लेकिन सरकार में सबसे अधिक ध्यान अर्डर्न ने ही आकर्षित किया था। वह नेतृत्व की अपनी नई शैली के कारण वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बनीं। करीब साढ़े पांच साल तक शीर्ष पद पर रहीं अर्डर्न ने गत बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर अपने देश को चौंका दिया था।

## बोले शरीफ, पाकिस्तान की भलाई के लिए राजनीतिक करियर की कुर्बानी को तैयार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन आर्थिक तंगी झेल रहे देश की भलाई के लिए अपने राजनीतिक करियर की कुर्बानी देने को तैयार है। पाकिस्तान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और वर्तमान सरकार में जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए जूझ रहा है। मंगलवार को व्यापार और कृषि के लिए प्रधानमंत्री युवा ऋण योजना की शुरुआत करते हुए शरीफ ने यह भी संकेत दिया कि सरकार ऋण कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की कड़ी शर्तों की कड़वी गोली को निगलने के लिए तैयार है। डॉन अखबार ने प्रधानमंत्री शरीफ के हवाले से कहा, हम तैयार हैं और आपकी (आईएमएफ की) शर्तों पर खरा उतरना चाहते हैं ताकि इसे (समीक्षा) पूरा किया जा सके और पाकिस्तान आगे बढ़े। उन्होंने कहा, मैंने दो सप्ताह पहले आईएमएफ के प्रबंध निदेशक से बात की थी और हमने उनसे संपर्क किया है...ताकि कार्यक्रम अन्य बहुपक्षीय और द्विपक्षीय कार्यक्रमों के अलावा आगे बढ़े। पाकिस्तान आईएमएफ को मनाने की कोशिशें कर रहा है, जिसके चलते उसकी शर्तों को पूरा करने के मद्देनजर पाकिस्तान सरकार ने बिजली सब्सिडी वापस लेने समेत कई कड़े उपाय करने शुरू किए हैं। हालांकि, संघीय सरकार ने दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया और इस साल अगस्त के बाद यानि समय पर चुनाव कराने पर अड़ी है। चूंकि दोनों प्रांतों में कार्यवाहक सरकारें गठित की गई और विधानसभाओं के भंग होने के 90 दिनों के भीतर चुनाव होने चाहिए, इसलिए निर्वाचन आयोग ने प्रांतीय चुनावों की तारीखों की घोषणा की।

## पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने अप्रैल में पंजाब खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव कराने का प्रस्ताव दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में अप्रैल में चुनाव कराने का बुधवार को प्रस्ताव पेश किया। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ द्वारा देश में तत्काल आम चुनाव कराने के लिए दबाव बनाने को लेकर प्रांतीय विधानसभाओं को भंग करने के कुछ दिनों बाद यह प्रस्ताव आया है। दोनों प्रांतों में खान की पार्टी सत्ता में थी। आयोग ने सुझाव दिया कि पंजाब में 9 से 13 अप्रैल के बीच और खैबर पख्तूनख्वा में 15 से 17 अप्रैल के बीच चुनाव कराए जाने चाहिए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा दोनों प्रांतों में प्रांतीय विधानसभाओं को इस महीने समय से पहले भंग कर दिया गया ताकि सरकार को जल्द आम चुनाव कराने के लिए मजबूर किया जा सके। हालांकि, संघीय सरकार ने दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया और इस साल अगस्त के बाद यानि समय पर चुनाव कराने पर अड़ी है। चूंकि दोनों प्रांतों में कार्यवाहक सरकारें गठित की गई और विधानसभाओं के भंग होने के 90 दिनों के भीतर चुनाव होने चाहिए, इसलिए निर्वाचन आयोग ने प्रांतीय चुनावों की तारीखों की घोषणा की।

## अमेरिका में भारतीय की गोली मार कर हत्या, पत्नी और बेटी घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के जॉर्जिया में तीन नकाबपोशों ने गोली मारकर भारतीय मूल के एक अमेरिकी नागरिक की हत्या कर दी जबकि उनकी पत्नी और बेटी गोली लगने से घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक सप्ताह के भीतर अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के साथ इस तरह की यह दूसरी घटना है।पुलिस ने बताया कि यह घटना 20 जनवरी को जॉर्जिया के हार्टले ब्रिज रोड के निकट थोरब्रेड लेन पर हुई। बिब काउंटी शेरिफ कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि पिनाल पटेल (52) और उनका परिवार अपने घर पहुंचे थे कि इसी दौरान तीन नकाबपोशों ने उन पर बंदूक तान दी। इसमें बताया गया है कि पटेल ने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने परिवार पर गोलीबारी की। बयान में कहा गया है कि इस घटना में पिनाल, उनकी पत्नी रूपलबेन पटेल और बेटी भक्ति पटेल घायल हो गईं। तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां पिनाल को मृत घोषित कर दिया गया। बयान के अनुसार रूपलबेन और उनकी बेटी की हालत स्थिर बताई गई है। बयान में कहा गया है कि हमलावर वारदात के बाद फरार हो गए। गौरतलब है कि अमेरिका में भारतीयों पर हमले बढ़े हैं।

# यूक्रेन में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद कई अधिकारियों ने पद छोड़े

**एजेंसी।** कीव

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की सरकार को परेशानी में डालने वाले एक भ्रष्टाचार घोटाले के सामने आने के बाद देश में कई गवर्नर समेत वरिष्ठ अधिकारियों को मंगलवार को अपने पद छोड़ने पड़ गए। यूक्रेन में रूस द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद से सरकार के स्तर पर सबसे बड़ी उथल-पुथल का दौर चल रहा है। यह ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि वाशिंगटन कीव को एम। अब्राम्स टैंकों की आपूर्ति की मंजूरी देने वाला है जबकि रूस के खिलाफ युद्ध के मैदान में टैंक भेजने को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनिच्छा का माहौल है। जेलेंस्की को भ्रष्टाचार से लिप्त देश में सत्ता विरोधी लहर के बीच 2019 में राष्ट्रपति चुना गया था। अब नए आरोप ऐसे समय में आए हैं जब पश्चिमी देश मॉस्को के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद के लिए अरबों डॉलर लगा रहे हैं। अमेरिका समेत अनेक देशों के अधिकारियों ने यूक्रेन में अंधाधुंध भ्रष्टाचार को देखते हुए सहायता को लेकर और अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है। जेलेंस्की और उनके सहयोगी इन इस्तीफों और निष्कासन को भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्वाई के रूप में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युद्ध के समय सामने आया घोटाला कीव के नेतृत्व पर मॉस्को के राजनीतिक हमलों को हवा दे सकता है। भ्रष्टाचार के इस मामले का असर जेलेंस्की के दफ्तर तक हुआ है। उनके उप प्रमुख किरिलो तिमोशेन्को को भी पद छोड़ना पड़ा है। राष्ट्रपति ने भ्रष्टाचार के आरोपों से निपटने का वादा किया है।

### यूक्रेन की सेना सोलेडर शहर से पीछे हटी

कीव। यूक्रेन की सेना डोनबास के पूर्वी क्षेत्र के शहर सोलेडर से लौट गई है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ठीक 11 महीने पहले हमले शुरू होने के बाद से कई झटके खा चुके रूस के लिए युद्ध के मैदान में यह बड़ी उपलब्धि है। पूर्व में यूक्रेन की सेना के प्रवक्ता सेरही चेरेवाती ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सेना सोलेडर शहर मे जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए पीछे हट गई। उन्होने कहा कि सैनिक पहले के रक्षा मोर्चे पर लौट गए हैं। रूस ने बाखमत शहर के पास सोलेडर की लड़ाई को समूचे डोनबास पर नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इससे रूसी सेना बाखमत के करीब पहुंचेगी लेकिन सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि सोलेडर पर कब्जा करना रणनीतिक से अधिक प्रतीकात्मक है। रूस ने दो हफ्ते पहले सोलेडर पर नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया लेकिन यूक्रेन ने इससे इनकार किया था। सोलेडर के आसपास एकत्र रूसी सैनिकों में ज्यादातर वागनेर ग्रुप के है। इस समूह मे ज्यादातर भाड़े के लड़ाके है। यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस ने समूचे डोनबास पर कब्जा करने को प्राथमिकता मे रखा है। दोनेत्सक और लुहांस्क प्रांत इसी क्षेत्र में आते हैं जहां रूस 2014 से अलगाववादी विद्रोहियों का समर्थन कर रहा है।

### जर्मनी ने यूक्रेन को लेपर्ड टैंक मुहैया करने की घोषणा की

बर्लिन। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने बुधवार को ऐलान किया कि उनकी सरकार यूक्रेन को लेपर्ड 2 युद्ध टैंक उपलब्ध कराएगी और ऐसा करने के लिए अन्य देशो के अनुरोध को मंजूरी दी है। जर्मन सरकार ने एक बयान मे कहा कि यह शुरूआत मे यूक्रेन को अपने भंडार से लेपर्ड 2 ए6 टैंक की एक कंपनी मुहैया करेगी, जिसमे 14 व्हीकल होंगे। इसका उद्देश्य जर्मनी और इसके सहयोगी देशो द्वारा यूक्रेन को 88 टैंक मुहैया करना है।

## पूर्वी यूक्रेन में कार्यरत दो ब्रिटिश स्वयंसेवक मारे गए

**लंदन।** पूर्वी यूक्रेन में लापता बताए गए दो ब्रिटिश स्वयंसेवक मारे गए हैं। यह जानकारी मंगलवार को परिवार की ओर से जारी एक बयान से मिली। एंड्रयू बैगशॉ (48) और क्रिस्टोफर पैरी (28) इस महीने की शुरुआत में पूर्वी डोनेत्स्क क्षेत्र के सोलेदार शहर की ओर जाते समय लापता हो गए थे, जहां भारी लड़ाई हुई थी। पैरी के परिवार ने ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के जरिए जारी एक बयान में पुष्टि की कि दोनों व्यक्ति मारे गए हैं। इसमें कहा गया है, हम यह घोषणा बहुत दुख के साथ कर रहे हैं कि पूर्वी यूक्रेन के सोलेदार से मानवीय निकासी का प्रयास करते हुए हमारे प्रिय क्रिस्टोफर अपने सहयोगी एंड्रयू बैगशॉ के साथ मारे गए हैं। यूक्रेन की पुलिस ने 9 जनवरी को कहा था कि सोलेदार की ओर जाने के बाद उनका बैगशॉ और पेरी से संपर्क टूट गया।न्यूज़ीलैंड मीडिया की खबरों के अनुसार, न्यूज़ीलैंड के रहने वाले बैगशॉ, मानवीय सहायता देने में मदद करने के लिए यूक्रेन में थे।

## प्रतिष्ठित विज्ञान और गणित प्रतियोगिता के 40 अंतिम प्रतियोगियों में पांच भारतीय-अमेरिकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हाई स्कूल सीनियर्स के लिए आयोजित एक प्रतिष्ठित विज्ञान एवं गणित प्रतियोगिता के 40 अंतिम प्रतियोगियों में पांच भारतीय-अमेरिकी किशोर शामिल हैं। प्रतियोगिता की इनामी राशि 18 लाख डॉलर डॉलर से अधिक है। सोसायटी फॉर साइंस एंड रीजेनरॉन फार्मास्युटिकल्स द्वारा मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रीजेनरॉन साइंस टैलेंट सर्च ने अंतरिक्ष, एड्स से लेकर जलवायु परिवर्तन तक के विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला का आयोजन किया, जिसमें कुल 40 अमेरिकियों को अंतिम मुकाबलों के लिए चुना गया। इनमें टेक्सास के सिद्ध पचीपाला, फ्लोरिडा के लावण्या नटराजन तथा इशिका नाग, मिशिगन के नील मौदगल और कनेक्टिकट की अंबिका ग्रोवर शामिल हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अंतिम 40 प्रतियोगी मार्च 2023 में एक सप्ताह तक चलने वाली प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।

## तालिबान से महिलाओं की नौकरियों पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने को कहा

### अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों ने की अपील

**इस्लामाबाद।** संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों ने तालिबान से कहा है कि वह अफगानिस्तान की महिलाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी समूहों के लिए काम करने पर प्रतिबंध के अपने फैसले को हटा ले। महिलाओं को गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) में काम करने से रोकने के तालिबान के कदम के बाद पिछले महीने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियों ने अफगानिस्तान में अपना काम अस्थाई तौर पर रोक दिया। हालांकि कुछ एजेंसियों ने देश के विभिन्न हिस्सों में अपना काम फिर से शुरू कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने यह आशंका भी जताई कि लाखों लोग महत्वपूर्ण सेवाओं से वंचित हो जाएंगे। एजेंसियों का अनुमान है कि करीब 2.8 करोड़ लोगों या देश की आधी से अधिक आबादी को तत्काल मानवीय सहायता की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र के एक प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता के प्रमुख ग्रिफिथ्स और केयर इंटरनेशनल , सेव द चिल्ड्रन यूएस और यूनिसेफ कार्यक्रमों के प्रमुख इस सप्ताह अफगानिस्तान में हैं। सेव द चिल्ड्रन यूएस और यूनिसेफ कार्यक्रमों के प्रमुख इस सप्ताह अफगानिस्तान में ह प्रतिनिधिमंडल ने तालिबान को महिलाओं के खिलाफ विभिन्न प्रतिबंधों को खत्म करने को कहा। राष्ट्रीय और वैश्विक मानवीय संगठनों के लिए काम करने वाली अफगान महिलाओं और लड़कियों पर प्रतिबंध भी हटाने की मांग की गई।काबुल की यात्रा पर गए ग्रिफिथ्स ने कहा कि यात्रा का फोकस तालिबान को यह समझाना है कि सहायता अभियान जारी रखना और महिलाओं को उनमें काम करने की अनुमति देना महत्वपूर्ण है।

## पाकिस्तान के वरिष्ठ विपक्षी नेता फवाद चौधरी गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अधिकारियों ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। कुछ घंटे पहले ही चौधरी ने पार्टी अध्यक्ष इमरान खान को गिरफ्तार करने की सरकार की कथित योजना के खिलाफ उसकी सार्वजनिक निंदा की थी। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी फवाद के खिलाफ पाकिस्तान के चुनाव आयोग के सचिव की शिकायत पर कोहसर थाने में मामला दर्ज किया गया और इसके बाद लाहौर स्थित उनके आवास से उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पार्टी नेता फुख हबीब ने ट्वीट किया, यह आयातित सरकार पागल हो गई है। पार्टी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर कुछ वीडियो भी डाले गए जिनमें पुलिस की गाड़ियां दिखाई दे रही हैं और पार्टी ने दावा किया कि पुलिस चौधरी को गिरफ्तार कर ले जा रही है।

## ब्रिटेन में छात्र वीजा की अवधि में कटौती पर हो रहा है विचार

**लंदन।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ब्रिटेन में अध्ययन के बाद छात्र वीजा के तहत विदेशी छात्रों के ठहरने की अवधि में कटौती करने संबंधी योजना पर विचार कर रही हैं। खबरों के अनुसार इस कदम से ब्रेवरमैन का देश के शिक्षा विभाग के साथ टकराव हो सकता है। ब्रेवरमैन की प्रस्तावित समीक्षा के तहत नए ग्रेजुएट वीजा रूट में कटौती की उम्मीद है। समाचार पत्र द टाइम्स की एक खबर के मुताबिक, भारतीय मूल की गृहमंत्री ब्रेवरमैन ने ग्रेजुएट वीजा रूट में सुधार की योजना तैयार की है। इस योजना के तहत छात्रों को कुशल नौकरी हासिल कर कार्य के लिए वीजा लेना होगा या छह महीने बाद ब्रिटेन से जाना होगा।खबर में कहा गया है कि ब्रिटेन का शिक्षा विभाग (डीएफई) इन बदलावों को रोकने की कोशिश कर रहा है, क्योंकि उन्हें इस बात चिंता सता रही है कि इससे अंतरराष्ट्रीय छात्रों में पढ़ाई के लिए ब्रिटेन के प्रति आकर्षित होने में कमी आ सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल विदेशी छात्रों के सबसे बड़े समूह के रूप में भारतीयों ने चीनी को पीछे छोड़ दिया था और जुलाई 2021 में शुरू किए गए नए ग्रेजुएट वीजा रूट में भारतीयों का वर्चस्व था, जो दिए गए वीजा का 41 प्रतिशत हिस्सा था। पिछले सप्ताह प्रकाशित आंकड़ों से पता चला है कि ब्रिटेन में 6,80,000 विदेशी छात्र थे। सरकार की 2019 की उच्च शिक्षा नीति में 2030 तक 6,00,000 छात्रों का लक्ष्य शामिल था, जिसे पिछले साल ही पूरा कर

# अमेरिकी राज्य के दो दर्जन जज करेंगे भारत की यात्रा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** राज्य के करीब दो दर्जन न्यायाधीश जिनमें आधा दर्जन से अधिक भारतीय अमेरिकी शामिल हैं, अपने भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत और परामर्श के लिए अगले महीने की शुरुआत में भारत की यात्रा करेंगे। मंगलवार को यहां इसकी घोषणा की गई।

यह शायद पहली बार है जब अमेरिकी राज्य के न्यायाधीशों का एक बड़ा दल भारतीय कानूनी बिरादरी के साथ बातचीत करने के लिए भारत का दौरा करेगा, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते न्यायिक संबंधों का संकेत है।

सात भारतीय अमेरिकी न्यायाधीशों सहित 23 अमेरिकी राज्य अदालत के न्यायाधीशों का प्रतिनिधिमंडल प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों के साथ-साथ बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों से मुलाकात करेगा। दौरे की तारीख की घोषणा नहीं की गई है।

अमेरिकी राज्य अदालत के न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल के नेता न्यायमूर्ति संजय टी दर्जी ने फरवरी की शुरुआत में यात्रा पर एक बयान में कहा, हम अपनी न्यायिक प्रणाली पर बातचीत और विचारों के आदान-प्रदान के लिए भारत आ रहे हैं। दर्जी 20 वर्षों तक अमेरिका में राज्य अदालत के न्यायाधीश रहे हैं, भारत की न्याय प्रणाली में उनकी विशेष रुचि है। दर्जी ने दिसंबर 2009 में भारत में एक कानूनी विनिमय यात्रा में अमेरिकी बार एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल के एक प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था और तब से उन्होंने अमेरिकन बार एसोसिएशन के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों के साथ सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म (एसआईएलएफ) और इंडिया कमेटी ऑफ द अमेरिकन बार एसोसिएशन सेक्शन ऑफ इंटरनेशनल लॉ द्वारा प्रायोजित तीन कानूनी सम्मेलनों में भाग लिया।

दर्जी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे प्रतिनिधिमंडल के न्यायाधीशों को माननीय प्रधान न्यायाधीश और भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, माननीय मुख्य न्यायाधीश और दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायाधीशों सहित भारत के बार नेताओं के साथ बातचीत एवं विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा।

# समलैंगिकता अपराध नहीं: पोप फ्रांसिस

**एजेंसी।** वेटिकन सिटी

**पोप** फ्रांसिस ने समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी में रखने वाले कानूनों को अन्यायपूर्ण बताते हुए उनकी निंदा की और कहा कि ईश्वर अपने सभी बच्चों को उसी तरह प्यार करता है, जैसे वे हैं। पोप ने कानूनों का समर्थन करने वाले सभी कैथलिक बिशप का आह्वान किया कि एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों का गिरजाघरों में स्वागत किया जाए। पोप फ्रांसिस ने मंगलवार को एपी को दिए साक्षात्कार में कहा, समलैंगिक होना कोई जुर्म नहीं है। उन्होंने माना कि दुनिया के कुछ हिस्सों में कैथलिक बिशप उन कानूनों का समर्थन करते हैं जिनमें समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी में रखा गया है या एलजीबीटीक्यू समुदाय के साथ भेदभाव किया गया है। उन्होंने इसके लिए सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि सभी बिशप को लोगों की गरिमा के लिए बदलाव की प्रक्रिया से गुजरना होगा।



इस तरह के कानूनों के खिलाफ काम कर रहे संगठन ह्यूमन डिग्निटी ट्रस्ट के अनुसार दुनिया के करीब 67 देशों में आपसी सहमति से समलैंगिक यौन गतिविधियों को अपराध के दायरे में रखा गया है जिनमें से 11 में ऐसे मामलों में मृत्यु दंड की सजा सुनाई जा सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक जहां कानून लागू नहीं हैं, वहां भी एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों को अपमानित, प्रताड़ित और कलंकित होना पड़ता है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि अमेरिका में एक दर्जन से अधिक राज्यों में आज भी कागजों पर अप्राकृतिक यौन संबंध रोधी कानून हैं, जबकि उच्चतम न्यायालय की 2003 की एक व्यवस्था में उन्हें असंवैधानिक करार दिया जा चुका है। फ्रांसिस ने ऐसे कानूनों को अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि कैथलिक चर्च इन पर रोक लगा सकते हैं और उन्हें इस दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समलैंगिकों का स्वागत और सम्मान किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ भेदभाव नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा, हम सभी ईश्वर की संतान हैं और वह हमें वैसे ही प्यार करता है, जैसे हम हैं। अफ्रीका और पश्चिम एशिया में इस तरह के कानून आम हैं और ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से हैं या इस्लामिक कानून से प्रभावित हैं।फ्रांसिस ने यह भी कहा कि समलैंगिकता के संदर्भ में अपराध और पाप के बीच अंतर समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा, समलैंगिक होना अपराध नहीं है। हां, लेकिन यह पाप है। लेकिन पहले पाप और अपराध में अंतर समझ लें।

**PUBLIC NOTICE**

श्री कर्ण माधव गुलाटी, भारतीय पासपोर्ट नंबर Z437901 धारक, उम्र 35, पुत्र श्री अशोक गुलाटी, जिनका भारतीय पता C-5-D, गंगोत्री एन्क्लेव, अलकनंदा, नई दिल्ली-110019 है और वर्तमान में लागोस, नाइजीरिया 28 जेरार्ड रोड, इकोयी में रहते हैं और मिस विक्टोरिया क्रैन्डल, यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका पासपोर्ट संख्या 566290203 की धारक, उम्र 37, पुत्री स्व. श्री विल्सन क्रैन्डल जिसका पता 28 जेरार्ड रोड, इकोयी, लागोस, नाइजीरिया में है भारत के विदेशी विवाह अधिनियम, 1969 के तहत भारतीय उच्चायोग, अबुजा और सीजीआई, लागोस में शादी करने का इरादा रखते हैं। आपत्तियां, यदि कोई हों, 30 दिन के भीतर उच्चायोग, अबुजा और सीजीआई, लागोस को भेजी जा सकती है।

**BHARGAV R THALI**
**ADVOCATE**
E-21, Basement, Lajpat Nagar 3, New Delhi-24

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the General Public that the Original Lease deed No- 5329 dated 05/05/1998 executed by Greater Noida Industrial Development Authority in favour of Shri. Sanjay Chaturvedi & Original Transfer Deed No- 4343 dated 09/03/2011 executed by Shri. Sanjay Chaturvedi in favour of Shri Sukesh Kumar Seth in respect of A Residential House no: 117 area 200 Sq. Mt, Block-A, Sector-Alpha-01, Greater Noida (U.P.), has been lost somewhere from Axis Bank Ltd. Noida, Retail Asset Centre, Ground Floor, Axis House, Sector-128, Noida and its misuse shall be illegal.
If the said document is found to anyone or has any information or objection about it then the same be communicated within 07 days to Trinity Legal Partners, Gurugram, Mobile No: 9619800228 on behalf of Axis Bank Ltd. Noida, Noida Loan Centre, Ground Floor, Axis House, Sector-128, Noida.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of IDFC First Bank Ltd. that Mr. Sanjay Batra is the owner of Entire Second Floor without roof/terrace rights with one mezzanine room between stair case of Second Floor & Third Floor (said floor) built up Property bearing No. EA-124 (Plot No.124, Block-EA) land area measuring 200 Sq. Yds, Situated in the area of Village Naraiana, in the abadi of approved colony no known as Inderpuri, New Delhi the said property by virtue of Partition Deed dated 22.08.2022, Registration No. 4802, executed amongst 1-Mr. Sanjay Batra 'first party' and 1-Mrs. Saumya Kapoor & 2-Mrs. Nikita Batra as second party, all were owner of the Second and Third floor of the said property by virtue of Relinquishment Deed dated 11.08.2022. All persons are hereby informed that Mr. Sanjay Batra want to sell Entire Second floor of the said property to Mr. Raj Kumar and his nominee who is taking Loan for purchase the said floor from IDFC First Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner in respect of the said Property/floor, its sale /Mortgage/ Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Barkha Mittal is the owner of the Property Bearing No. G-25, 1/1105, area measuring 105 Sq. Yds., i.e., 87.79 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 281, Situated at Village Chandrawali alias Shahdara, in the abadi of Mansarover Park, Illaqa Shahdara, Delhi vide Gift Deed dated 17.08.2012 (Doc. No. 4109). Mrs. Barkha Mittal has misplaced the below mentioned documents. a.Original Sale Deed dated 01.07.1969 executed by (1) Mr. Shanti Narain, (2) Mr. Parkash Narain, (3) Mr. Shiv Narain, (4) Mr. Jagdish Narain, (5) Jai Narain in favour of Mr. Lallu Ram in respect of the said property area measuring 105 Sq. Yds. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of Indusind Bank having its office at 2E/1, 3rd Floor, Jhandewalan Extn. New Delhi – 110055. Now, Mrs. Barkha Mittal and M/S Kanika Enterprises are availing loan on this property from Indusind Bank by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **Sudipto Mukerjee** S/o Sh. Brojoraj Mukerjee Owner of **Flat No. 9123, First Floor, Sector-C, Pocket-IX, Vasant Kunj, New Delhi-110070, vide File No.F.125(2910)83/SFS/VK/II**, have applied for certify copy of all document of the aforesaid property in DDA, The **Allocation Letter, Fifth and Final Demand Letter, DDA Possession Letter, Site Possession Slip, NOC for Obtain Electricity and Water Connection and All Bank Challans** issued by DDA, have been lost or misplaced and is not traceable inspite of the best efforts. An FIR/NCR to this effect has been lodged in Crime Branch vide LR. No 11114/2023, dated 04/01/2023.
Any person (s) claiming any rights, interest, having any objection, may write/contact with above named person at the above address/phone No. 9899566338, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Director or Dy. Director (H) DDA, Vikas Sadan, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) FORCE_FORCETTFB REG. NO. HR47D7876-YOM-2017
2) FORCE_FORCETTFB REG. NO. HR47D1286-YOM-2017
3) TATAMOTORS_SFC407CHP REG. NO. DL1LAA8125-YOM-2018
4) EICHR_VECV_PRO1049 REG. NO. DL1LAB0499-YOM-2018
5) SWRJ_MAZDA_SAMRAT_TA REG. NO. DL1MA2499-YOM-2019
6) TATAMOTORS_TSF407SG REG. NO. DL1LAA5567-YOM-2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., 3RD FLOOR, PLOT NO 7,SECTOR 125,NOIDA-201313
OR CONTACT :JAGBIR SIR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 9999996157
EMAIL-jagbir.singh@kotak.com

# मतदान का राष्ट्र निर्माण में योगदान समझें: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सुविधा संपन्न लोगों और युवाओं में मतदान के प्रति उदासीनता को रेखांकित करते हुए मतदाताओं का आह्वान किया कि वे मतदान को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान समझें तथा राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ वोट अवश्य डाले। तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी पर खुशी जताई और इसे चुनावी प्रक्रिया की बहुत बड़ी उपलब्धि करार दिया। इस अवसर पर मुर्मू ने सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन अभ्यास की दिशा में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को राष्ट्रीय पुरस्कार 2022 प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने कहा, एक जन सेवक के रूप में मेरा व्यक्तिगत अनुभव ए रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों के भाई बहन चुनाव प्रक्रिया में बहुत आस्था रखते हैं और बढ़-चढ़कर भागीदारी भी करते हैं। सुविधा संपन्न लोगों तथा युवाओं में चुनाव के प्रति अपेक्षाकृत कम उत्साह देखा जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने भी मतदान के प्रति इस उदासीनता को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, मेरा सभी नागरिकों से आग्रह है कि आप सब मतदान को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान समझें तथा राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर मैं भारत हूं, हम भारत के मतदाता हैं गीत का प्रदर्शन किए जाने का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इसमें भी मतदान के राष्ट्रीय कर्तव्य पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस गीत में यह संदेश दिया गया है कि हम भारत भाग्य विधाता हैं, हम भारत के मतदाता हैं। उन्होंने कहा, मतदान करना चाहिए, भारत के लिए।

मुर्मू ने कहा कि मतदाताओं और निर्वाचन आयोग के सम्मिलित प्रयासों से चुनावी प्रक्रिया को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे जीवंत और स्थिर लोकतंत्र के रूप में सम्मानित है और भारत का निर्वाचन आयोग विश्व के अनेक देशों में चुनाव प्रबंधन के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। भारत में निर्वाचन प्रक्रिया की शानदार सफलता के पीछे मतदाताओं, निर्वाचन आयोग, विभिन्न राजनीतक दलों, संगठनों, मीडिया और गैर सरकारी संगठनों के योगदान की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि चुनाव के माध्यम से पिछले सात दशकों के दौरान देश में एक सामाजिक क्रांति संभव हुई है। उन्होंने कहा, यह हमारे लोकतंत्र की बहुत बड़ी सफलता है कि दूर-सुदूर क्षेत्रों में रहने वाला सामान्य मतदाता ए महसूस करता है कि देश अथवा राज्य की शासन व्यवस्था कौन चलाएगा और कैसे चलाएगा। यह तय करने में उसकी निर्णायक भूमिका शामिल है। संविधान में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में भारतीय लोकतंत्र निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि निर्वाचन आयोग तथा अन्य सभी प्रतिभागियों के सम्मिलित प्रयास से देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ बनेगा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया और लोकतंत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने संसद के इतिहास में पहली बार महिला सदस्यों की संख्या 100 के आंकड़े को पार करते हुए 115 तक पहुंचने का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक देश की बहन-बेटियां लोकतंत्र को मजबूत करने में सक्रिय योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा, उनकी सक्रियता और संख्या में और अधिक वृद्धि होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में पिछड़े आदिवासी, दिव्यांगजनों, वयोवृद्ध और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू, कानून राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रीजीजू ने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक दलों सहित सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श आवश्यक है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव सुधारों पर पेश किए गए विभिन्न प्रस्तावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विचार-विमर्श और चर्चा जीवंत लोकतंत्र के प्रतीक हैं।



## चुनाव सुधारों के लिए हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श जरूरी: रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरण रीजीजू ने बुधवार को कहा कि चुनाव सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक दलों सहित सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श आवश्यक है। उनकी यह टिप्पणी चुनाव सुधारों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नए सिरे से जोर दिए जाने की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें प्रवासी मतदाताओं को अपने गृह राज्यों में जाए बिना अपने मताधिकार का उपयोग करने की अनुमति देने के लिए रिमोट वोटिंग तकनीक का उपयोग करना शामिल है। इस महीने की शुरुआत में निर्वाचन आयोग ने इस मामले पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श किया था। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव सुधारों पर पेश किए गए विभिन्न प्रस्तावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विचार-विमर्श और चर्चा जीवंत लोकतंत्र के प्रतीक हैं। एक साल पहले चुनाव कानूनों में किए गए बदलावों के परिणामस्वरूप मतदाता सूची में 1.5 करोड़ से अधिक नए मतदाता जुड़े हैं। मतदाता सूची में पंजीकरण की एक की बजाय चार तारीख तय किए जाने ने युवा पात्र नागरिकों को 18 साल की उम्र के बाद मतदाता के रूप में सम्मिलित करने में मदद की है। केंद्रीय मंत्री ने 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं को पहले ही पंजीकरण कराने की अनुमति देने के निर्वाचन आयोग के कदम की भी सराहना की। इस प्रकार के युवा एक बार जब 18 वर्ष के हो जाते हैं, तो उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जाते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, साथी चुनाव आयुक्तों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यहां 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीजीजू ने निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में भूमिका निभाने वाले गुमनाम नायकों को याद किया, जिन्हें कोई पुरस्कार तो नहीं मिला लेकिन स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए उन्होंने बलिदान दिए। चुनाव सुधारों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वह चुनाव आयोग के लगातार संपर्क में हैं और इस मुद्दे पर चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। केंद्रीय कानून मंत्रालय में विधाई विभाग चुनाव कानूनों और संबंधित नियमों सहित चुनाव आयोग से संबंधित मुद्दों के लिए नोडल एजेंसी है। चुनाव सुधारों से संबंधित निर्वाचन आयोग के विभिन्न प्रस्ताव सरकार के पास हैं। परंपरा राजनीतिक दलों से परामर्श करने और इस तरह के सुधार प्रस्तावों के साथ आगे बढ़ने से पहले आम नागरिकों के विचारों को जानने की भी है। विचार-विमर्श और चर्चा के बाद ही आगे बढ़ना जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक है। हाल के दिनों में निर्वाचन आयोग ने काले धन को खत्म करने के लिए बेनामी राजनीतिक चंदे को 20,000 रुपए से घटाकर 2,000 रुपए करने और नकद चंदे को कुल योगदान का 20 प्रतिशत या अधिकतम 20 करोड़ रुपए तक सीमित करने का प्रस्ताव दिया था। मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने रीजीजू को पत्र लिखकर जनप्रतिनिधित्व कानून में कई संशोधनों की सिफारिश की थी। इन प्रस्तावों का उद्देश्य राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में सुधार और पारदर्शिता लाना और चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा किए गए खर्च में भी सुधार लाना है।

## जनजातीय समुदाय के व्यक्ति पर धर्मांतरण का दबाव डालने के आरोपी पादरी समेत सात गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में जनजातीय समुदाय के एक व्यक्ति पर धर्मांतरण का दबाव डालने के आरोप में एक गिरजाघर के पादरी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। क्षिप्रा पुलिस थाने के प्रभारी गिरिजा शंकर महोबिया ने बताया कि हतुनिया गांव के खेतिहर मजदूर मान सिंह बिलवाल (30) का आरोप है कि झाबुआ जिले के एक गिरजाघर के पादरी रे सिंह तथा छह अन्य लोगों ने उसकी धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाई और उस पर हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाला। भील समुदाय के बिलवाल की शिकायत पर इन लोगों के खिलाफ भादंसं की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जानबूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य) और मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# ग्यारह करोड़ नल कनेक्शन प्रदान करना बड़ी उपलब्धि: नरेन्द्र मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने जल जीवन मिशन के तहत 11 करोड़ नल कनेक्शन प्रदान करने को एक बड़ी उपलब्धि बताया और बुधवार को कहा कि यह दर्शाता है कि देश भर में लोगों को नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जमीन पर कितना काम किया गया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, एक बड़ी उपलब्धि, जो संकेत देती है कि भारत के लोगों को हर घर जल सुनिश्चित करने के लिए जमीन पर कितना काम किया गया। उन सभी को बधाई, जो इस पहल से लाभान्वित हुए हैं। इस मिशन को सफल बनाने के लिए जमीन पर काम करने वालों को शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही।

शेखावत ने कहा, 11 करोड़ नल कनेक्शनउ हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण, मंत्रालय द्वारा जल जीवन मिशन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए किए गए अथक प्रयास और जमीन पर हमारी टीम के प्रयासों ने इस मील के पत्थर को संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि 11 करोड़ घरों में अब स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित हो गया है और जीवन का यह अमृत उनके दरवाजे तक पहुंच रहा है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2019 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर की थी।

मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जब इस मिशन की घोषणा हुई, उस वक्त देश में 19.27 करोड़ ग्रामीण घरों में से केवल 3.23 करोड़ (17 प्रतिशत) घरों में ही नल से जल मुहैया हो रहा था लेकिन पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के अभियान में अभूतपूर्व सफलता देखने को मिली है।

बयान में कहा गया, इसी का नतीजा है कि अब 11 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचने लगा है। जल शक्ति मंत्रालय ने कहा कि देश में पांच राज्य और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों ने 100 प्रतिशत हर घर नल से जल पहुंचाने में सफलता हासिल कर ली है। इन पांच राज्यों में हरियाणा, गोवा, तेलंगाना, गुजरात और पंजाब शामिल हैं जबकि तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह, दमन दीव और दादर नागर हवेली और पुडुचेरी शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य देश के आदिवासी क्षेत्रों सहित प्रत्एक ग्रामीण परिवार को वर्ष 2024 तक नल के जरिए से नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता की पर्याप्त मात्रा में पीने योग्य पानी उपलब्ध कराना है।

# आतंकवाद के प्रति कतई सहन न करने की नीति पर भारत-मिस्र सहमत

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** और मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी ने बुधवार को आतंकवाद के प्रति कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति अपनाने का आह्वान किया और विदेश नीति के एक उपकरण के रूप में इसके इस्तेमाल की कड़ी निंदा की। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि व्यापक वार्ता के दौरान मोदी और सीसी ने आतंकवाद की चुनौती से निपटने को लेकर विचार-विमर्श किया और इससे निपटने के लिए ठोस प्रयासों की वकालत की। क्वात्रा ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, दोनों नेताओं ने विदेश नीति के उपकरण के रूप में देशों द्वारा आतंकवाद के इस्तेमाल की कड़ी निंदा की और आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने संबंधी नीति अपनाए जाने का आह्वान किया।

मीडिया को दिए अपने बयान में मोदी ने कहा कि भारत और मिस्र दुनियाभर में आतंकवाद के प्रसार को लेकर चिंतित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम इस राय को लेकर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर सुरक्षा खतरा है। दोनों देश इस बात पर भी सहमत हैं कि सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कार्वाई आवश्यक है। उन्होंने कहा, इसके लिए हम साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सतर्क करने की कोशिश करते रहेंगे।

मोदी ने कहा कि चरमपंथी विचारधाराओं तथा कट्टरता को फैलाने के लिए साइबर स्पेस का दुरुपयोग एक बढ़ता हुआ संकट है, जिसके खिलाफ भी दोनों देश सहयोग बढ़ाएंगे। सीसी ने आतंकवाद पर मोदी के विचारों को दोहराया और कहा कि इस खतरे से निपटने के लिए एकजुट प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने को लेकर हमारे समान विचार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, हमने आज की बैठक में अपने रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को और मजबूत करने और आतंकवाद से संबंधित सूचनाओं और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान को बढ़ाने का भी फैसला किया है। विदेश सचिव ने कहा कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए ठोस और समन्वित कार्वाई की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## अदालत ने गायक मन्ना डे से संबंधित किताब पर से रोक हटाई

**कोलकाता।** बेंगलुरु की एक निचली अदालत ने प्रसिद्ध गायक मन्ना डे पर आधारित एक किताब को फिर से जारी करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया जिससे छह साल से जारी कानूनी लड़ाई खत्म हो गई। पीआरएल सिटी, बेंगलुरु के सत्र न्यायाधीश ने हाल के एक आदेश में डे की बेटी शुमिता देब द्वारा रोक की अर्जी को खारिज कर दिया और इसके परिणामस्वरूप तारादेर शेष चिट्ठी किताब के जारी होने का मार्ग साफ हो गया। पत्रकार गौतम भट्टाचार्य द्वारा लिखित किताब विमोचन के 11 महीने बाद फरवरी 2017 में विवादों में घिर गई थी, जब शुमिता और उनके पति ज्ञान रंजन देब ने सत्र अदालत के समक्ष मानहानि का मुकदमा दायर किया था। शिकायत में दावा किया गया था कि किताब में कुछ सामग्री झूठी, निराधार है और बदनाम करने की मंशा से लिखी गई। अदालत ने कहा, 28.10.2013 के लेख की सामग्री और तारादेर शेष चिट्ठी किताब का अध्याय सात झूठा और मानहानिकारक है, यह मुकदमे में विचार का विषय है। इस समय, पुस्तक के मुद्रण, प्रकाशन और बिक्री पर रोक लगाने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा क्योंकि उक्त लेख असंख्य लोगों द्वारा पढ़े गए हैं। बेंगलुरु में गायक के साथ अपनी आखिरी मुलाकात का वर्णन करते हुए, भट्टाचार्य ने वृद्धावस्था में एक जगह सीमित हो जाने की भावना और महानगर के एक अपार्टमेंट में रहने की दिक्कतों के बारे में लिखा था। अक्टूबर 2013 में गायक के निधन के बाद, पत्रकार का लेख पहली बार 28 अक्टूबर को आनंद बाजार पत्रिका में प्रकाशित हुआ था।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 18 वर्ष से कम आयु की वधू के विवाह को सही करार दिया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि वधू की उम्र 18 वर्ष से कम हो तो भी हिंदू विवाह अधिनियम के तहत शादी को अमान्य करार नहीं दिया जा सकता। राज्य में एक निचली अदालत ने अधिनियम की धारा 11 के तहत एक विवाह को अमान्य घोषित कर दिया था, लेकिन उच्च न्यायालय ने यह जिक्र किया कि इस धारा में वधू की उम्र 18 वर्ष होने की शर्त शामिल नहीं है। परिवार अदालत के फैसले को पलटते हुए उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति एस विश्वजीत शेट्टी की पीठ ने 12 जनवरी के अपने फैसले में कहा, अधिनियम की धारा 11 अमान्य विवाहों से संबद्ध है। अधिनियम यह प्रावधान करता है कि इसके लागू होने के बाद किया गया कोई भी विवाह अमान्य होगा और अदालत किसी भी पक्ष द्वारा दायर की गई याचिका पर इसे निष्प्रभावी घोषित कर सकती है, बशर्ते कि यह अधिनियम की धारा 5 के एक,चार और पांच उपबंध का उल्लंघन करता हो।

# मोदी की ओर से ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में चादर चढ़ाई गई

**जयपुर।** अजमेर दरगाह में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चादर चढ़ाई गई। मुख्यमंत्री गहलोत की ओर से भी बुधवार को चादर पेश की गई। उर्स में चिश्ती की पुण्यतिथि मनाई जाती है जो सबसे उल्लेखनीय सूफी संतों में से एक हैं, जिन्हें गरीब नवाज के रूप में भी जाना जाता है। उर्स में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 811 वें उर्स के अवसर पर विश्व भर में उनके अनुयायियों को बधाई एवं शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया को प्रेम, सौहार्द और बंधुत्व का संदेश देने वाले महान सूफी संत के वार्षिक उर्स पर दरगाह अजमेर शरीफ पर चादर भेजते हुए मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संदेश में कहा, हमारे देश में संतों, पीरों व फकीरों ने शांति, एकता और सद्भावना के पैगाम के जरिए राष्ट्र के सांस्कृतिक ताने-बाने को सदैव मजबूती प्रदान की है।

संदेश में कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भारत की महान आध्यात्मिक परंपराओं के प्रतीक हैं। गरीब नवाज द्वारा की गई मानवता की सेवा आगामी पीढ़ियों को निरंतर प्रेरणा देती रहेगी। दूसरी ओर मुख्यमंत्री गहलोत की ओर से सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के 811वें उर्स पर अजमेर स्थित ख्वाजा साहब के आस्ताने पर बुधवार को चादर पेश की गई। राजस्थान वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. खानू खान बुधवाली ने दरगाह में जियारत कर मुख्यमंत्री की ओर से चादर पेश की। पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ एवं हाजी कय्यूम खान भी उपस्थित रहे। बुधवाली ने दरगाह में मुख्यमंत्री गहलोत का पैगाम पढ़ा। गरीब नवाज ने समाज के कमजोर, गरीब और बेसहारा लोगों की खिदमत करने, एक-दूसरे के साथ आपसी भाईचारा कायम रखने और परवर दिगार की इबादत करने पर जोर दिया।

# धन शोधन मामले में तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता साकेत गोखले गिरफ्तार

**नई दिल्ली/अहमदाबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रवक्ता साकेत गोखले को चंदा जुटाने के अभियान में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। गोखले को अहमदाबाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया, जहां वह गुजरात पुलिस के एक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। अधिकारियों ने बताया कि गोखले को अहमदाबाद की अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने उन्हें 31 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। गुजरात पुलिस ने गोखले को दिसंबर में चंदा संग्रह कर जुटाई गई रकम के कथित दुरुपयोग के मामले में दिल्ली से गिरफ्तार किया था। गुजरात उच्च न्यायालय ने सोमवार को इस मामले में गोखले को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि आरोपपत्र दाखिल होने के बाद ही वह अदालत का रुख करें।

अहमदाबाद में एक सत्र अदालत और मजिस्ट्रेट की अदालत ने गोखले की गिरफ्तारी और हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद तृणमूल नेता ने उच्च न्यायालय का रुख किया था। वह पांच जनवरी से न्यायिक हिरासत में हैं और अहमदाबाद की एक जेल में बंद हैं। इस मामले में अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने उन्हें पिछले साल 30 दिसंबर को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। पुलिस की प्राथमिकी अहमदाबाद के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है, जिसने ऑनलाइन माध्यम से गोखले को 500 रुपए दान करने का दावा किया था। पुलिस के मुताबिक, मामला सिर्फ 500 रुपए का नहीं है, बल्कि गोखले ने कथित तौर पर ।,700 से अधिक लोगों से आवर डेमोक्रेसी मंच के माध्यम से 70 लाख रुपए से अधिक एकत्र किए और उस धन का इस्तेमाल निजी कार्य के लिए किया।

गोखले के वकील ने अदालत से कहा था, गोखले द्वारा एक ऑनलाइन मंच के माध्यम से एकत्र किए गए धन में जालसाजी का कोई पहलू नहीं था और राजनीतिक दल भी चंदा जुटाते हैं। वह निर्दोष हैं और उन्हें बलि का बकरा बनाया गया। वकील ने कहा था, वह चंदे के माध्यम से प्राप्त दान पर निर्भर पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। जैसे ही वह टीएमसी में शामिल हुए, उन्होंने धन स्वीकार करना बंद कर दिया। इससे पहले दिसंबर में, गुजरात पुलिस ने एक पुल ढहने की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोरबी यात्रा पर हुए खर्च के बारे में कथित रूप से फर्जी खबर फैलाने के आरोप में उन्हें दो बार गिरफ्तार किया था।

## क्विक न्यूज

### ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग ने भाजपा छोड़ी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग ने बुधवार को भाजपा से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि उन्हे पार्टी मे अपमान का सामना करना पड़ा है। सूत्रों ने कहा कि गमांग के. चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में शामिल हो सकते हैं। गमांग के बेटे शिशिर ने भी भाजपा छोड़ दी है। गमांग ने यहां संवाददाताओं से कहा, मै निंदा तो सहन कर सकता हूं, लेकिन अपमान नही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए, गमांग ने कहा कि उन्हें पार्टी में और कोरापुट में भी उचित महत्व नही दिया गयौ जहां से वह नौ बार लोकसभा के लिए चुने गए। गमांग ने कहा कि उन्होने अपना इस्तीफा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को भेज दिया है। उन्होंने 2015 मे कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा मे शामिल हो गए थे। नड्डा को लिखे पत्र मे, गमांग ने कहा कि उन्होने भाजपा मे रहते हुए पिछले कई वर्षो से ओडिशा के लोगो के प्रति राजनीतिक, सामाजिक और नैतिक कर्तव्य का निर्वहन करने मे असमर्थतौ के कारण यह निर्णय लिया। गमांग और उनके बेटे रविवार को यहां हुई भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मे भी शामिल नही हुए थे। हाल ही मे गमांग और उनके बेटे ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की थी और भारत राष्ट्र समिति मे शामिल होने सहित विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की थी। पिता-पुत्र जल्द ही बीआरएस में शामिल होने की तारीख की घोषणा करने के लिए एक संवाददाता सम्मेलन करेंगे। गमांग 2024 के चुनावों में बीआरएस के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राज्य मे पार्टी का नेतृत्व कर सकते है।

### टिकट की श्रेणी कम करने पर एयरलाइंस को करनी होगी भरपाई

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनियो को घरेलू उड़ानो की टिकट निचली श्रेणी में यानी डाउनग्रेड करने पर प्रभावित यात्री को टिकट की कीमत का 75 प्रतिशत वापस लौटाना होगा। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यह आदेश दिया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की टिकट की श्रेणी कम किए जाने पर विमान द्वारा तय की गई दूरी के आधार पर टिकट कीमत के 30 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक (कर सहित) भरपाई की जाएगी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि नए नियम 15 फरवरी से प्रभावी होंगे। डीजीसीए को हवाई यात्रियों से इस तरह की शिकायतें मिल रही थी कि एयरलाइंस उनके द्वारा बुक कराए गए टिकट की श्रेणी मे बदलाव कर देती है। डीजीसीए ने पिछले साल दिसंबर मे प्रस्ताव दिया था कि एयरलाइन कंपनियों को ऐसी टिकटों की कर समेत पूरी कीमत लौटानी चाहिए और प्रभावित यात्री को अगली उपलब्ध श्रेणी में निःशुल्क यात्रा करानी चाहिए। अधिकारी ने कहा कि हालांकि इन प्रस्तावो को अंतरराष्ट्रीय नियमो के हिसाब से संशोधित कर दिया गया है।

### नीतीश ने कुशवाहा के भाजपा के संपर्क में होने का संदेह जताया

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को संदेह जताया कि उपेंद्र कुशवाहा भाजपा के संपर्क में हो सकते हैं। कुमार जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के संसदीय बोर्ड के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बारे मे पत्रकारो के सवालो का जवाब दे रहे थे। उन्होने कुशवाहा के उस दावे को खारिज किया कि पार्टी हाल के दिनो मे कमजोर हो गई है और पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा के संपर्क मे है। कुमार ने कहा, उन्हें कम से कम एक नेता का नाम लेना चाहिए जो (भाजपा के साथ) संपर्क मे है। जो खुद संपर्क करना चाहते है, वे इस तरह के आरोप लगा रहे है। उन्होने पार्टी के कमजोर होने संबंधी कुशवाहा के दावे को खारिज करते हुए कहा, नवीनतम सदस्यता अभियान मे हमारी संख्या 50 लाख से बढ़कर 75 लाख हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा ने 2021 में अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) का जदयू मे विलय किया था। इस तरह की खबरे सामने आई थी कि कुशवाहा उपमुख्यमंत्री बन सकते हैं। हालांकि कुमार ने इन खबरो को खारिज करते हुए स्पष्ट किया था कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव इस पद पर बने रहेंगे। पिछले सप्ताह कुशवाहा चिकित्सा जांच के लिए दिल्ली मे थे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मे भाजपा के कुछ नेताओं के साथ उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई थी। ऐसा माना गया था कि इन तस्वीरो को कुशवाहा के समर्थन मैं जानबूझकरै सोशल मीडिया पर डाला गया है। कुमार ने एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारो से कहा, अगर उनकी कोई अधूरी महत्वाकांक्षा है तो उन्होने इस संबंध मे मुझे कभी नही बताया। वह जहां चाहे जा सकते है। हालांकि यहां उन्हे सम्मान मिलता है। कुशवाहा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह कभी भी भाजपा के सदस्य नही बनेंगे लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावो से पहले एक पार्टी बनाने और राजग मे शामिल होने संबंधी सवाल को उन्होने टाल दिया।

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बेटे की शादी जयपुर में

**जयपुर।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा के बेटे हरीश की शादी बुधवार रात जयपुर में हुई। शादी कार्यक्रम यहां होटल राजमहल पैलेस में हुआ। इसके लिए नड्डा और उनके परिवार के सदस्य तथा करीबी रिश्तेदार यहां आए । शादी कार्यक्रम में सीमित मेहमानों को आमंत्रित किया गया। वही पांच फरवरी को नई दिल्ली मे प्रीति भोज आयोजित किया जाएगा।

# बंजारा महाकुंभ का आयोजन कर रहा आरएसएस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार से घुमंतु जातियों पर केंद्रित छह दिवसीय बंजारा महाकुम्भ का आयोजन कर रहा है। संघ के पदाधिकारियों को इस आयोजन में अनुमानित 10 लाख लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बंजारा महाकुंभ का आयोजन ऐसे समय में कर रहा है जब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव तथा इस वर्ष कुछ राज्यों में आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर जनजातीय समुदायों को खास तवज्जो दी जा रही है। आरएसएस के एक पदाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश भैय्याजी जोशी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस हिस्सा लेंगे।

महाकुंभ की तैयारियों में शामिल पदाधिकारियों के अनुसार, इस सम्मेलन का आयोजन मिशनरियों द्वारा बंजारा समुदाय के लोगों के धर्मांतरण के बढ़ते मामलों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के साथ इस समुदाय के लोगों तक पहुंच बनाने की कोशिशों के तहत किया जा रहा है। इस महाकुंभ के आयोजन का महत्व तब बढ़ जाता है जब कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तेलंगाना जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं जहां इस समुदाय के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। संघ के पदाधिकारी ने कहा कि इस महाकुंभ में गोड बंजारा, लाबना और नैकदा जैसी घुमंतु जातियों के 10 लाख से अधिक लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

आरएसएस के एक वरिष्ठ प्रचारक ने कहा कि महाराष्ट्र और गोवा से भी इस समुदाय के लोग सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि घुमंतु जातियों के साधु संत एवं समाज के गणमान्य लोग इन समुदायों तक पहुंच रहे हैं और उन्हें महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इनके ठहरने के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से ईसाई मिशनरियों द्वारा बंजारा समुदाय को गुमराह करके धर्मांतरण कराया जा रहा है। इस महाकुंभ की तैयारियों में बंजारा समुदाय के युवा और आरएसएस के 3000 स्वयंसेवक पिछले दो महीने से लगे हुए हैं। इसका आयोजन जलगांव के गोदरी गांव में 500 एकड़ क्षेत्र में किया जा रहा है।

## संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक 12-14 मार्च को सोनीपत मे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की वार्षिक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 12-14 मार्च, 2023 को हरियाणा के सोनीपत में, समालखा में आयोजित होगी। इसमें संघ के कार्यों, विस्तार योजना, शिक्षा वर्ग तथा समसामयिक परिस्थितियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने ट्वीट किया, हरियाणा के सोनीपत में समालखा में 12-14 मार्च, 2023 को आरएसएस की वार्षिक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक आयोजित की जा रही है। संघ के एक अन्य पदाधिकारी ने बताया कि इस बैठक में कुछ विषयों पर प्रस्ताव भी आ सकते हैं। इस बैठक में आरएसएस के कार्यवृत्त, संघ कार्य विस्तार की आगामी वर्ष की योजना, संघ शिक्षा वर्ग योजना का लेखाजोखा प्रस्तुत किया जाएगा और वर्तमान परिस्थिति पर चर्चा होगी। आमतौर पर देशभर से संघ के आनुषांगी संगठनों के 1450 प्रतिनधि शामिल होते हैं। प्रतिनिधि सभा की बैठक में सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अलावा सभी सह सरकार्यवाह एवं अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। इसमें प्रांतों से सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, क्षेत्र एवं प्रांत के संघचालक, कार्यवाह, प्रचारकों के साथ संघ प्रेरित विविध संगठन के अखिल संगठन मंत्री एवं उनके सहयोगी भी शामिल होते हैं।

# परिवार के सात सदस्यों के शव नदी में मिले, पांच रिश्तेदार गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक परिवार के सात सदस्यों की मौत के मामले की जांच कर रही पुलिस ने संकेत दिया है कि बेटे की मौत से जुड़ी एक पिछली घटना को लेकर उनके रिश्तेदारों ने कथित तौर पर उनकी (परिवार की) हत्या कर दी। मृतकों की पहचान मोहन पवार (45), उनकी पत्नी संगीता मोहन (40), उनकी बेटी रानी फुलवारे (24), दामाद श्याम फुलवारे (28) और तीन से सात साल की आयु के तीन बच्चों के रूप में हुई है। सातों शवों को 18 जनवरी से 24 जनवरी के बीच पुणे जिले की दौंड तहसील में परगाँव पुल के पास भीमा नदी से बरामद किया गया था। पुलिस ने पांच भाई-बहन, अशोक कल्याण पवार, श्याम कल्याण पवार, शंकर कल्याण पवार, प्रकाश कल्याण पवार और कांताबाई सर्जेराव जाधव को गिरफ्तार किया है। ये सभी लोग मृतक मोहन पवार के चचेरे भाई हैं। जांच के दौरान मिले तथ्यों से संकेत मिलता है कि सभी मृतकों की हत्या की गई थी। प्रथम दृष्टया यह संकेत मिल रहा है कि आरोपी अशोक पवार के बेटे धनंजय पवार की कुछ महीने पहले एक दुर्घटना में मौत हो गई थी और इससे संबंधित एक मामला पुणे शहर में दर्ज किया गया था। गोयल ने कहा, प्रथम दृष्टया जांच से यह संकेत मिलता है कि अशोक गुस्से में था और उसने धनंजय की मौत के लिए मोहन के बेटे को जिम्मेदार ठहराया। अशोक ने अपने बेटे की मौत का बदला लेने के लिए इन सात लोगों की हत्या कर दी। सभी आरोपियों को अहमदनगर जिले की पारनेर तहसील से पकड़ा गया। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया। सभी को अदालत में पेश किया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि, शव भीमा नदी के उथले हिस्से में एक-दूसरे से 200 से 300 मीटर की दूरी पर मिले थे। चार शवों का पोस्टमार्टम किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि चारों की मौत पानी में डूबने की वजह से हुई थी।

# सूर्यकुमार बने आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

## रेणुका वर्ष की उभरती क्रिकेटर

**भाषा।** दुबई

**भारत के** विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में उनकी शानदार फॉर्म के चलते बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष क्रिकेटर चुना गया। सूर्यकुमार के लिए 2022 बेहतरीन रहा है जिसमें उन्होंने खेल के इस प्रारूप में कई रिकॉर्ड तोड़े और कई उपलब्धियां अपने नाम की। स्काई के नाम से मशहूर सूर्यकुमार ने सैम करेन, पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और जिम्बाब्वे के बल्लेबाजी आल राउंडर सिकंदर रजा को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार हासिल किया।

महिलाओं के वर्ग में भारत की स्टार तेज गेंदबाज रेणुका सिंह आईसीसी की वर्ष की उभरती हुई महिला क्रिकेटर पुरस्कार हासिल करने में सफल रहीं। हालांकि भारतीय कप्तान और पिछले साल वर्ष की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर नवाजी गईं स्मृति मंधाना इस साल आस्ट्रेलिया की तहलिया मैकग्रा से पिछड़ गईं। सूर्यकुमार टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से ज्यादा रन बनाने दूसरे बल्लेबाज भी बने और 32 साल के इस खिलाड़ी ने 187.43 के स्ट्राइक रेट से 1164 रन जोड़कर साल का अंत सर्वश्रेष्ठ रन बनाने वाले क्रिकेटर के तौर पर किया। इस दौरान उन्होंने 68 छक्के जड़े और इस प्रारूप के इतिहास में एक साल में किसी क्रिकेटर का यह सर्वाधिक छक्के जमाने का रिकॉर्ड रहा। पूरे साल सूर्यकुमार भारतीय टीम के मुख्य बल्लेबाज बने रहे और इस दौरान उन्होंने दो शतक और नौ अर्धशतक जड़े। आस्ट्रेलिया में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2022 के दौरान वह अपने शिखर पर थे जिसमें उन्होंने छह पारियों में छह अर्धशतक जड़े जिसमें उनका औसत 60 के करीब रहा। उनका स्ट्राइक रेट फिर 189.68 रहा। साल के शुरू में एक शतक जड़ चुके सूर्यकुमार ने इसी शानदार लय को जारी रख वर्ष की शुरूआत की और न्यूजीलैंड में द्विपक्षीय श्रृंखला में टी20 अंतराष्ट्रीय में दूसरा शतक जमाया। सूर्यकुमार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले टी20 खिलाड़ी बने जिसमें उन्होंने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक 890 हासिल किए। वहीं महिलाओं में 26 साल की रणुका ने आस्ट्रेलिया की डार्सी ब्राउन, इंग्लैंड की एलिस कैप्से और हमवतन यास्तिका भाटिया को पछाड़कर एमर्जिंग प्लेयर पुरस्कार जीता। रेणुका ने 2022 में सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में महज 29 मैच में 40 विकेट अपने नाम किए और महान क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के जाने से हुई कमी को भरने की कोशिश की। वनडे में रेणुका बेहतरीन रहीं, उन्होंने 18 विकेट झटके जिसमें से आठ विकेट इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच से आए जबकि सात विकेट भारत की श्रीलंका के साथ श्रृंखला के दौरान मिले।



## सिराज वनडे किकेट में नंबर एक गेंदबाज बने

**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आईसीसी एक दिवसीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बन गए। सिराज ने न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट और आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड को पछाड़ा। पिछले 12 महीने में सिराज ने शानदार प्रदर्शन किया और श्रीलंका तथा न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में काफी परिपक्व गेंदबाजी भी की। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों में नौ विकेट लिए और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में चार विकेट चटकाए थे। उनके पास 729 रेटिंग अंक है जबकि हेजलवुड उनसे दो अंक ही पीछे हैं।मोहम्मद शमी 11 पायदान चढकर 32वें स्थान पर हैं। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर बने हुए हैं। भारत के तीन खिलाड़ी शीर्ष दस में हैं।

# सानिया-बोपन्ना ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल फाइनल में

**भाषा।** मेलबर्न

**अपने** करियर का अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट खेल रही सानिया मिर्जा ने बुधवार को यहां हमवतन भारतीय रोहन बोपन्ना के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी नजरें सातवें मेजर खिताब पर टिकी हैं। गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 52 मिनट चले सेमीफाइनल में डेसिरे क्रॉसिक और नील स्कुपस्की की तीसरी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 7-6(5) 6-7(5) 10-6 से हराया। शुरुआती सेट जीतने और फिर दूसरा सेट गंवाने के बाद भारतीय जोड़ी ने सुपर टाईब्रेकर में अच्छी शुरुआत की। सानिया ने बैकहैंड विनर के साथ तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और फिर अगले अंक पर मुकाबला जीत लिया जब क्रॉसिक ड्राइव वॉली को लौटाने में नाकाम रहीं।



सानिया ने मैच के बाद कहा, यह शानदार मैच था, काफी नर्वस थे। यह मेरा आखिरी ग्रैंडस्लैम है और रोहन के साथ खेलना विशेष है। वह मेरा पहला मिश्रित युगल जोड़ीदार था जब मैंने 14 साल की उम्र में उसके साथ जोड़ी बनाई थी और अब मैं 36 और वह 42 साल का है। हम अब भी खेल रहे हैं और हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है। सानिया ने घोषणा की है कि फरवरी में दुबई में होने वाला डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट उनके करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने अमेरिका और इंग्लैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों के संदर्भ में कहा, हम यहां पर एक बार फिर उतरकर और खुद को एक और मौका देने को लेकर उत्साहित हैं। हम टूर पर सर्वश्रेष्ठ मिश्रित युगल जोड़ी से खेल रहे थे और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था।

हमवतन महेश भूपति के साथ 2009 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली सानिया ने कहा, मैं पिछले 18 साल से यहां खेलने के प्यार को महसूस कर सकती हूं। यह मेरे लिए घर की तरह है, यहां मेरा परिवार है, मैं घर में खाना खाती हूं और इतने सारे भारतीय मेरा समर्थन करते आते हैं। सानिया ने इसके बाद 2016 में स्विट्जरलैंड की दिग्गज मार्टिना हिंगिस के साथ मिलकर मेलबर्न पार्क में महिला युगल खिताब भी जीता। फ्रेंच ओपन में कनाडा की गैब्रिएला दाब्रोवस्की के साथ मिलकर मिश्रित युगल खिताब के रूप में अपने करियर का एकमात्र ग्रैंडस्लैम जीतने वाले बोपन्ना ने कहा कि टाईब्रेक में मौकों का फायदा उठाना महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, जैसा कि सानिया ने कहा था कि हम कड़ी टीम के खिलाफ खेल रहे थे। दूसरा सेट गंवाने के बाद लय बनाए रखना आसान नहीं था लेकिन हम मजबूत बने रहे और शुरुआती बढ़त हासिल की जिससे हमें लय मिली।

बोपन्ना ने कहा, सानिया के साथ कोर्ट साझा करके वास्तव में खुशी हो रही है। यह शानदार यात्रा रही, स्वदेश में सभी के लिए प्रेरणादाई और आज यहां इतने सारे प्रशंसकों के लिए। उन्होंने कहा, एक और मुकाबला बचा है। यह सपना है (सानिया के साथ खिताब जीतना)। यह इससे बेहतर नहीं हो सकता। यह विशेष होगा और हमें भारत में इसकी आवश्यकता है, सभी को प्रेरित करते रहें। सानिया के छह ग्रैंडस्लैम खिताब में से तीन मिश्रित युगल हैं जो उन्होंने महेश भूपति (2209 ऑस्ट्रेलियाई ओपन, 2012 फ्रेंच ओपन) और ब्राजील के ब्रूनो सोरेस (2014 अमेरिकी ओपन) के साथ जीते।सानिया ने अपने तीनों मीहिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब हिंगिस (विंबलडन 2015, अमेरिकी ओपन 2015 और ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2016) के साथ मिलकर जीते।

## भारत के खिलाफ शृंखला में अश्विन सबसे कठिन चुनौतियों में से : रेनशॉ

**मेलबर्न (भाषा)** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैट रेनशॉ ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ नौ फरवरी से शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को खेल पाना सबसे कठिन होगा। नागपुर में शुरू हो रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले सभी का फोकस इस बात पर है कि आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इस धुरंधर भारतीय आफ स्पिनर को कैसे खेलते हैं। अश्विन 2021 में बाएं हाथ के 200 बल्लेबाजों को आउट करने वाले पहले गेंदबाज बने थे। आस्ट्रेलियाई टीम में डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड, विकेटकीपर एलेक्स कारी और खुद रेनशॉ समेत कई खब्बू बल्लेबाज हैं। रेनशॉ ने एएपी से कहा , अश्विन को खेलना कठिन है। वह चतुर गेंदबाज है और उसके पास काफी विविधता है जिसका वह बखूबी इस्तेमाल करता है। लेकिन उसे कुछ समय खेलने के बाद आसान हो जाता है। खब्बू बल्लेबाजों के लिए वह कठिन चुनौती है। उन्होंने कहा , उसकी टर्न लेती गेंद पर स्लिप में कैच आउट होने का खतरा रहता है लेकिन स्पिन नहीं लेने वाली गेंद पर आप पगबाधा हो सकते हैं। उसके लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि बिग बैश लीग में खेलने के उन्हें तैयारी में काफी मदद मिली क्योंकि उनकी टीम स्पिनरों से भरी हुई थी। उन्होंने कहा , भारत में हालांकि हालात अलग होंगे लेकिन हमने उसे ध्यान में रखकर पूरी तैयारी की है। भारत जाने पर हमारे पास एक हफ्ते का समय होगा जिसमें हम तैयारी पुख्ता कर लेंगे।

# सेन और साइना दूसरे दौर में, प्रणय बाहर

## इंडोनेशिया मास्टर्स

**भाषा।** जकार्ता

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उनके हमवतन लक्ष्य सेन और साइना नेहवाल ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए क्रमश: पुरूष और महिला एकल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैच में जापान के कोडाई नाराओका को 21-12 21-11 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। इस नए सत्र में हालांकि सेन की शुरूआत अच्छी नहीं रही है क्योंकि पिछले दो हफ्तों में वह मलेशिया और इंडिया ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे। इंडिया ओपन के दूसरे दौर तक पहुंची साइना ने चीनी ताइपे की पाई यु पो पर 21-15 17-21 21-15 की जीत से प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। सातवें वरीय सेन का सामना अब मलेशिया के निग जे योंग से होगा जबकि साइना की टक्कर चीन की आठवीं वरीय हान युइ से होगी।



दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को लगातार दूसरे टूर्नामेंट में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें जापान के केंटा सुनेयामा के खिलाफ 19-21 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। वह मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन पिछले हफ्ते इंडिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत फिर बढ़त गंवाकर मैच गंवा बैठे। उन्हें 39 मिनट में 10-21 22-24 से हार मिली। क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वारडोयो के खिलाफ 21-18 18-21 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। महिला एकल में मालविका बंसोड़ को एकतरफा मुकाबले में थाईलैंड की पांचवीं वरीय रतचानोक इंतानोन के हाथों 15-21 13-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि आकर्षी कश्यप को स्पेन की क्लारा अजुरमेंदी के हाथों 17-21 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को पहले दौर में थोम गिक्केल और डेलफाइनल डेलरुए की फ्रांच की तीसरी वरीय जोड़ी ने 21-16 21-15 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# जापान को हराकर विश्व कप में सबसे खराब प्रदर्शन से बचना चाहेगी भारतीय टीम

## पुरुष हॉकी विश्व कप

**राउरकेला (भाषा)।** क्वार्टर फाइनल में भी नहीं पहुंचने के बाद आलोचना की शिकार भारतीय टीम को पुरूष हॉकी विश्व कप में सबसे खराब स्थान से बचने के लिए जापान के खिलाफ बृहस्पतिवार को नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता जापान से हार भारत को 13वें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच की ओर धकेल सकती है। अब तक पिछले 14 विश्व कप में भारत का सबसे खराब प्रदर्शन लंदन में 1986 में रहा जब टीम 12वें और आखिरी स्थान पर रही थी। इस विश्व कप में 16 टीमें भाग ले रही हैं। जापान से हारने के बावजूद भारत भले ही सबसे आखिरी स्थान पर नहीं रहे लेकिन 12वें स्थान से आगे खिसक जाएगा जो उसका सबसे खराब प्रदर्शन होगा।

भारत न्यूजीलैंड से क्रॉसओवर मैच में सडन डैथ में हारने के बाद क्वार्टर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया था। भारत ने दो गोल की बढत गंवाई और निर्धारित समय तक स्कोर 3-3 से बराबर हो गया था। विश्व कप 1986 में मोहम्मद शाहिद की अगुवाई में भारतीय टीम पोलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से हार गई थी। उसने कनाडा को हराया और जर्मनी से ड्रॉ के बाद प्रारंभिक दौर में छह टीमों में पांचवें स्थान पर रही। इसके बाद क्लासीफिकेशन मैच में न्यूजीलैंड से हार गई और फिर पाकिस्तान से हारने के बाद आखिरी स्थान पर रही। जापान को हराने के लिए भारत को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। जकार्ता एशियाई खेल 2018 में मलेशिया को हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाली जापानी टीम भी हालांकि पूल ए में तीनों मैच हारकर आखिरी स्थान पर रही। भारत पूल डी में दूसरे स्थान पर रहा जिसने स्पेन और वेल्स को हराया और इंग्लैंड से ड्रॉ खेला। जापान ने दिसंबर 2021 में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत को 5-3 से हराया था। पिछले साल मई जून में एशिया कप में दूसरे दर्जे की भारतीय टीम ने जापान को दो बार हराया और एक मैच जीता। भारत ने 1932 के बाद से जापान के खिलाफ 32 में से 26 मैच जीते हैं जबकि तीन जापान ने जीते और तीन मैच ड्रॉ रहे।

# बंगाल ने ओडिशा को 265 रन पर समेटा, दो विकेट पर 39 रन बनाए

**कोलकाता (भाषा)।** कप्तान शुभ्रांशु सेनापति ने अर्धशतक जड़ा लेकिन इशान पोरेल और प्रीतम चक्रवर्ती के तीन-तीन विकेट से बंगाल ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन ओडिशा को पहली पारी में 265 रन पर समेट दिया। बंगाल ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक 15 ओवर में दो विकेट पर 39 रन बनाए। स्टंप के समय अभिमन्यु ईश्वरन 15 जबकि प्रीतम सात रन बनाकर खेल रहे थे। सेनापति ने 127 गेंद में नौ चौकों की मदद से 67 रन की पारी खेली लेकिन दूसरे छोर पर ओडिशा ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सलामी बल्लेबाज शांतनु मिश्रा (42) आउट होने वाले दिन के पहले बल्लेबाज रहे। वह अपने कल के स्कोर में सिर्फ एक रन जोड़ने के बाद प्रीतम का पहला शिकार बने। इशान ने राकेश पटनायक को क्रीज पर जमने से



पहले ही पवेलियन भेज दिया जबकि आकाश घटक ने जी पोद्दार को आउट करके ओडिशा का स्कोर पांच विकेट पर 139 रन किया। सेनापति ने राजेश धूपर (15) के साथ 45 रन जोड़े। इशान ने धूपर को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रयश सिंह और सेनापति ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। प्रयश के 81वें ओवर में आउट होने से यह साझेदारी टूटी।आठ गेंद बाद प्रीतम ने सेनापति को आउट करके ओडिशा का स्कोर आठ विकेट पर 210 रन किया।

### मध्य प्रदेश के एक विकेट पर 98 रन, त्रिपुरा ने बनाए 362 रन

**इंदौर।** मध्य प्रदेश ने त्रिपुरा को पहली पारी में 362 रन पर समेटने के बाद शुभम शर्मा के नाबाद अर्धशतक की बदौलत बुधवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच के दूसरे दिन स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 98 रन बना लिए। त्रिपुरा ने सुबह छह विकेट पर 239 रन से आगे खेलना शुरू किया और लंच तक तीन विकेट गंवाकर 96 रन जोड़ लिए थे। फिर टीम 134.3 ओवर में 362 रन पर सिमट गई। अभिजीत सरकार के 68 गेंद में नाबाद 50 रन की बदौलत त्रिपुरा ने रन जोड़ना जारी रखा और 350 रन का स्कोर पार कर लिया।

### पडिक्कल के शतक से कर्नाटक को बढ़त

**जमशेदपुर।** बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल के शतक से कर्नाटक ने बुधवार को यहां झारखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की। कर्नाटक ने पडिक्कल की 175 गेंद में सात चौकों और पांच छक्कों से 114 रन की पारी की बदौलत 300 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 136 रन की बढ़त हासिल की। झारखंड की ओर से स्पिनरों शाहबाज नदीम ने 141 रन देकर पांच जबकि अनुकूल रॉय ने 66 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पडिक्कल के अलावा विकेटकीपर बीएस शरत ने भी 75 गेंद में 60 रन की पारी खेली। झारखंड ने इसके जवाब में दूसरी पारी में दो विकेट पर 85 रन बनाए हैं।

### दिल्ली ने पांच विकेट पर 223 रन बनाए

**हैदराबाद।** युवा कप्तान यश धुल ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा जिससे दिल्ली ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में हैदराबाद को 355 रन पर समेटने के बाद पांच विकेट पर 223 रन बनाए।

पिछले दौर में चिर प्रतिद्वंद्वी मुंबई पर दिल्ली की एतिहासिक जीत के दौरान बीमार होने के कारण मुकाबले से बाहर रहे धुल ने सलामी बल्लेबाज के रूप में वापसी करते हुए 74 गेंद में 72 रन की पारी खेली। उनके लिए मौजूदा सत्र बेहद निराशाजनक रहा जहां वह रन बनाने के लिए जूझते दिखे। दिन का खेल खत्म होने पर आईपीएल स्टार आयुष बडोनी 85 गेंद में 78 रन बनाकर खेल रहे थे।

## खेलो इंडिया युवा खेलों 2022 में पदार्पण करेंगे वॉटर स्पोर्ट्स

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया युवा खेलों 2022 में वॉटर स्पोर्ट्स पदार्पण करेंगे। भोपाल और महेश्वर (खारगोन) वॉटर स्पोर्ट्स स्पर्धाओं की मेजबानी करेंगे। कैनोइंग , क्याकिंग और रोइंग राज्य की राजधानी में स्थित एमपी वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में कराया जाएगा। वही वाटर स्लालोम महेश्वर मे खारगोन में होगी। मध्य प्रदेश की खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने खेलो इंडिया युवा खेलों में इन खेलों के शामिल होने के बारे में बात करते हुए कहा, हम सभी जानते है कि भोपाल झीलों का शहर है। हमारे पास बेहतरीन बुनियादी ढांचा है। भोपाल में दो झील है। हमारे पास बेहतरीन ट्रेनिंग सुविधाएं, अंतरराष्ट्रीय कोच है और हम खेलो इंडिया की मेजबानी कर रहे है इसलिए हमारे लिए यह गर्व की बात है।

## टी20 विश्व कप से पहले स्पिनरों को खेलने में अभ्यस्त होने से खुश है कोंवे

**इंदौर।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे ने भारत मे इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप से पहले अपने शॉट्स मे स्वीप और रिवर्स स्वीप का इजाफा करने पर खुशी जताई है। न्यूजीलैंड ने उपमहाद्वीप के दौरे पर पाकिस्तान को वनडे श्रृंखला मे हराया लेकिन भारत के खिलाफ तीनों वनडे हार गए। पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट शतक जमाने के बाद भारत के खिलाफ तीसरे वनडे मे 138 रन बनाने वाले कोंवे ने कहा , पिछले डेढ महीने मे निजी तौर पर अपने प्रदर्शन से मै खुश हूं। मैने उपमहाद्वीप मे स्पिन को खेलना सीखा है। मैने स्वीप, रिवर्स स्वीप खेलकर गेंदबाजो पर दबाव बनाना सीखा है। उन्होने कहा , हमारी टीम मे काफी अनुभवी खिलाड़ी है। पाकिस्तान मे केन हमारे साथ थे जिनसे मैने काफी बात की। टॉमी लाथम भी इन हालात मे काफी क्रिकेट खेल चुके है तो उनसे काफी कुछ पता चला।

# जर्मनी सेमीफाइनल में, नीदरलैंड भी अंतिम चार में

**भाषा।** भुवनेश्वर

**जर्मनी** ने बुधवार को यहां एफआईएच पुरूष विश्व कप मैच के अंतिम दो मिनट में दो गोल कर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इंग्लैंड पर पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि नीदरलैंड की टीम भी दक्षिण कोरिया पर जीत से उसके साथ अंतिम चार में पहुंच गई।

इंग्लैंड की टीम 58वें मिनट तक 2-0 से आगे चल रही थी लेकिन जर्मनी के कप्तान मैट्स ग्रामबुश और उनके छोटे भाई टॉम ने एक मिनट के अंतर पर गोल दागकर रोमांचक क्वार्टरफाइनल मैच में हार की कगार से वापसी कर जीत हासिल की। जर्मनी की टीम पूल बी में दूसरे स्थान पर रही थी और उसने क्रॉसओवर मैच में फ्रांस को 5-। से मात दी थी। अब सेमीफाइनल में शुक्रवार को उसका सामना तीन बार की चैम्पियन और पिछले चरण की कांस्य पदक विजेता आस्ट्रेलिया से होगा।

दूसरे क्वार्टरफाइनल मैच में पिछले दो चरण की उप विजेता नीदरलैंड ने दक्षिण कोरिया को 5-। से हराकर शुक्रवार को होने वाले अंतिम चार मुकाबले में जगह बनाई जिसमें उसकी टक्कर बेल्जियम से होगी।



नौंवी रैंकिंग वाली दक्षिण कोरिया ने सोमवार को क्रॉसओवर मैच में 2016 रियो ओलंपिक की चैम्पियन अर्जेंटीना को हराकर उलटफेर किया था। उसने अपने से कहीं मजबूत और विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार जज्बा दिखाया। दक्षिण कोरिया की टीम क्वार्टरफाइनल में एकमात्र एशियाई टीम थी। कलिंग स्टेडियम में दर्शकों को पूरी उम्मीद थी कि इग्लैंड मैच आसानी से जीत लेगा क्योंकि उसने जाचारी वालेस (12वें मिनट) और लियाम एनसेल (33वें मिनट) के गोल से 2-0 की बढ़त बनाई हुई थी। लेकिन जर्मनी ने 58वें और 59वें मिनट में मैट्स और टॉम बंधुओं के गोल से वापसी की। इससे तुरंत पहले क्रिस्टोफर रूहर ने 57वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक का मौका गंवा दिया था। पर।-2 से पिछड़ रही जर्मनी को मैच खत्म होने से एक मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और मैट्स ने अपने छोटे भाई टॉम को मौका दिया जिन्होंने कोई गलती नहीं कर मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचाया। निकलस वेलेन, हानेस मुलर, प्रिंज थिस और क्रिस्टोफर रूहर ने शूटआउट में जर्मनी के लिए गोल दागे। इंग्लैंड के लिए जेम्स एलबरी, जाचारी वालेस और फिल रोपर ही गोल कर सके जबकि डेविड गुडफील्ड चूक गए। दूसरे क्वार्टरफाइनल मैच में नीदरलैंड की ओर से कोएन बिजेन ने 27वें और 31वें मिनट में दो गोल किए जबकि जस्टेन ब्लोक (36वें), स्टेजिन वान हेजिनिंगजेन (50वें) और टेयून बेंस (58वें) ने टीम के लिए अन्य गोल दागे। दक्षिण कोरिया के लिए सांत्वना गोल इनवू सियो ने 51वें मिनट में किया।

# महिला प्रीमियर लीग की पांच टीमें 4669.99 करोड़ रुपए में बिकी

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पांच टीमों की बिक्री से 4669.99 करोड़ रुपए हासिल किए जबकि अडाणी स्पोर्टसलाइन ने अहमदाबाद टीम के लिए सबसे अधिक 1289 करोड़ रुपए खर्च किए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम मालिकों मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स ने 912 . 99 करोड़ रुपए, 901 करोड़ रुपए और 810 करोड़ रुपए में सफल बोलियां लगाई।

कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स ने लखनऊ टीम 757 करोड़ रुपए में खरीदी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट किया, क्रिकेट में आज ऐतिहासिक दिन है। पहली महिला प्रीमियर लीग की टीमों की बोली ने पहली पुरुष आईपीएल 2008 के रिकॉर्ड तोड़ दिए। विजेताओं को बधाई, कुल 4669 . 99 करोड़ रुपए की बोली लगी। इससे पहले बीसीसीआई ने लीग के मीडिया अधिकार वायकॉम 18 को 951 करोड़ रूपए में बेचे थे जिससे पांच साल तक प्रति मैच सात करोड़ नौ लाख रुपए मिलने हैं। टूर्नामेंट में एक भी गेंद फेंके जाने से पहले ही डब्ल्यूपीएल दुनिया में आईपीएल के बाद दूसरी सबसे बड़ी टी20 लीग बन गई है। वर्ष 2021 में जब लखनऊऔर अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगी तो आईपीएल टीम खरीदने में नाकाम रहे अडाणी समूह ने डब्ल्यूपीएल की महिला टीम खरीदकर भारतीय क्रिकेट में आधिकारिक रूप से प्रवेश किया। कई लोग पहले ही लीग को महिला आईपीएल कह रहे थे लेकिन बीसीसीआई सचिव ने बुधवार को नाम का खुलासा किया। शाह ने कई ट्वीट करते हुए कहा, बीसीसीआई ने लीग को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) नाम दिया है। यात्रा की शुरुआत करते हैं। उन्होंने कहा, यह महिला क्रिकेट में एक क्रांति की शुरुआत का प्रतीक है और न केवल हमारी महिला क्रिकेटरों के लिए बल्कि पूरी खेल बिरादरी के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा का मार्ग प्रशस्त करता है।